राष्ट्रीय बाल भवन
NATIONAL BAL BHAVAN

वार्षिक प्रतिवेदन और वार्षिक लेखा 2023-2024

वार्षिक प्रतिवेदन और वार्षिक लेखा
2023-2024

राष्ट्रीय बाल भवन
कोटला मार्ग, नई दिल्ली-110002

भाग क

वार्षिक प्रतिवेदन
2023-24

राष्ट्रीय बाल भवन
NATIONAL BAL BHAVAN

खुद वो बदलाव बनिए जो दुनिया में आप देखना चाहते हैं।

– महात्मा गांधी

अनुक्रमणिका

भाग क – वार्षिक प्रतिवेदन

अध्यक्ष की कलम से — *v*

निदेशक की कलम से — *vii*

राष्ट्रीय बाल भवन प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों की सूची 31.03.2024 तक — *ix*

1. परिचय — 1
2. हमारा मिशन, हमारा दृष्टिकोण — 2
3. लक्ष्य और उद्देश्य — 3
4. राष्ट्रीय बाल भवन की संगठनात्मक तालिका — 4
5. सदस्यता संख्या 2023–24 — 5
6. गतिविधियाँ – एक नज़र में — 8
7. राष्ट्रीय बाल संग्रहालय — 17
8. राष्ट्रीय प्रशिक्षण संसाधन केन्द्र — 18
9. हमारे कार्यक्रम — 19
10. विशेष उपलब्धियाँ — 28
11. स्टाफ सदस्यों के लिए कार्यक्रम — 31
12. विस्तृत रिपोर्ट — 33
13. जवाहर बाल भवन, माण्डी — 70
14. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बाल भवन केन्द्र — 79
15. संबद्ध राज्यों से प्राप्त रिपोर्ट — 82
16. भारत में संबद्ध बाल भवनों एवं बाल भवन केन्द्रों की सूची — 86
17. राज्य स्तरीय बाल भवन केन्द्र — 99
18. 31.03.2024 को राष्ट्रीय बाल भवन कार्मिकों की सूची — 101

भाग ख – वार्षिक लेखा

I. लेखा परीक्षक की रिपोर्ट 105

II. राष्ट्रीय बाल भवन तुलन पत्र

1. तुलनपत्र 106
2. आय तथा व्यय खाता 107
3. प्राप्ति तथा अदायगी खाता 108

III. अनुसूचियाँ

4. अनुसूची-1 – पूंजीगत निधि 109
5. अनुसूची-2 – निर्धारित/निश्चित/एंडोमेंट निधि 110
6. अनुसूची-3 – वर्तमान देयताएं एवं उपबन्ध 111
7. अनुसूची-4 – अचल परिसंपत्तियां (मूर्त परिसंपत्तियां) 112
8. अनुसूची-4क – अचल परिसंपत्तियां (मूर्त परिसंपत्तियां) 112
9. अनुसूची-5 – निश्चित/एंडोमेंट निधियों से निवेश 113
10. अनुसूची-6 – निवेश अन्य 113
11. अनुसूची-7 – वर्तमान परिसंपत्तिया 114
12. अनुसूची-8 – ऋण, अग्रिम एवं जमा 115
13. अनुसूची-9 – शैक्षिक प्राप्तियां 116
14. अनुसूची-10 – अनुदान एवं सब्सिडी (प्राप्त अप्रतिसंहरणीय अनुदान) 117
15. अनुसूची-11 – निवेश से आय 118
16. अनुसूची-12 – अर्जित ब्याज 119
17. अनुसूची-13 – अन्य आय 120
18. अनुसूची-14 – गत अवधि की आय 121
19. अनुसूची-15 – कर्मचारी वेतन एवं हितलाभ (स्थापना व्यय) 121
20. अनुसूची-15 क – कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति एवं सेवावसान लाभ 122
21. अनुसूची-16 – शैक्षिक व्यय 123
22. अनुसूची-17 – प्रशासनिक तथा सामान्य व्यय 124
23. अनुसूची-18 – परिवहन व्यय 125
24. अनुसूची-19 – मरम्मत एवं अनुरक्षण 125
25. अनुसूची-20 – वित्त लागत 126
26. अनुसूची-21 – अन्य व्यय 126
27. अनुसूची-22 – गत अवधि के व्यय 126

IV. भविष्य निधि – जी.पी.एफ.

28. तुलनपत्र 127
29. आय एवं व्यय खाता 128
30. प्राप्ति एवं अदायगी खाता 129

V. नई पेंशन योजना

31. तुलनपत्र 130
32. आय एवं व्यय खाता 131
33. प्राप्ति एवं अदायगी खाता 132

VI. लेखाकरण नीतियाँ एवं लेखा नोट्स

34. अनुसूची-23 – महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियाँ 133
35. अनुसूची-24 – लेखा नोट्स 135

भाग ग – लेखा रिपोर्ट

VII. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा रिपोर्ट 139

VIII. लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुलग्नक 144

अध्यक्ष की कलम से

राष्ट्रीय बाल भवन, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत एक प्रतिष्ठित एवं स्वायत्त संस्थान है। यह संस्थान बच्चों को अनुभव के आधार पर, जिससे उनमें जिज्ञासा की भावना जाग्रत हो, इस सोच के साथ शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP) के सिद्धान्तों के अनुरूप, राष्ट्रीय बाल भवन द्वारा शिक्षा के परिदृश्य में बदलाव लाया गया है जो कि समाज के हर बच्चे को ज्ञान प्रदान करता है।

राष्ट्रीय बाल भवन में, हम बच्चों को अवसरों से भरपूर एक मंच और उनके कौशल को जीवंत करने के लिए एक रचनात्मक वातावरण प्रदान करते हैं, जो कि किताबी सीमाओं से प्रतिबंधित नहीं होता।

हमने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है, जिनसे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सहित, अनगिनत बच्चों का जीवन समृद्ध हुआ है। एकता और विविधता की भावना को बढ़ावा देने के लिए पूरे वर्ष हमने कई अंतर्राज्यीय कार्यक्रम भी आयोजित किए जिनमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बच्चों के साथ कला, संस्कृति, व्यंजनों, त्योहारों आदि के क्षेत्रों में परस्पर संवाद किया।

हमारा उद्देश्य बच्चों को सरकार के विभिन्न अभियानों जैसे मिशन लाइफ, स्वच्छता मिशन आदि में शामिल करना भी है। इस दिशा में काम करते हुए, इस वर्ष राष्ट्रीय बाल भवन परिसर में 'स्वच्छता' विषय पर एक स्थायी प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी स्वच्छता कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करती है, जो बच्चों में छुटपन से ही स्वच्छता के मूल्यों को स्थापित करती है, जिससे वे भावी जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इसके अतिरिक्त युवाओं में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए अनुपयुक्त कचरे से बनी उत्कृष्ट कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है।

सभी बच्चों तक अपनी पहुँच बढ़ाने के लिए, राष्ट्रीय बाल भवन सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए 'तीन दिवसीय कार्यशाला' जैसे कार्यक्रम भी आयोजित करता है, इसमें विभिन्न विद्यालयों के असंख्य बच्चे अभिनव गतिविधियों में सम्मिलित होते हैं। हाल ही में, राष्ट्रीय बाल भवन में सदस्य बच्चों के साथ-साथ गैर-सदस्य बच्चों के लिए भी एक साप्ताहिक पाठ्यक्रम शुरू किया गया है, जिससे ज़्यादा से ज़्यादा बच्चे इन अभिनव शिक्षण अनुभवों से लाभान्वित हो सकें।

मैं, सभी बच्चों को बाल भवन परिवार का अभिन्न अंग बनने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। उनका कुछ नया सीखने के प्रति अटूट उत्साह, हमें आनन्ददायक तरीकों से सिखाने के अनुभवों को और ऊँचाईयों तक पहुँचाने के लिए प्रेरित करता है। मैं संस्थान के शिक्षकों के प्रति भी अपनी हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करता हूँ, जिनके समर्पण और मार्गदर्शन ने हमारी युवा शिक्षार्थियों में दृढ़ संकल्प के मूल्यों को स्थापित किया है।

अंत में, मैं भावी पीढ़ी की सेवा के लिए अपनी इस यात्रा को उत्साह के साथ जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करता हूँ।

विपिन कुमार
अध्यक्ष

अप्रैल, 2024
नई दिल्ली

निदेशक की कलम से

बुद्धिमत्ता का वास्तविक लक्षण ज्ञान नहीं बल्कि कल्पना है – अल्बर्ट आइंसटीन

राष्ट्रीय बाल भवन, बच्चों की समग्र क्षमता को सामने लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मिशन, एक ऐसा वातावरण प्रदान करना है, जिसमें बच्चों में रचनात्मकता और समावेशिता को बढ़ावा मिले और उनका समग्र विकास हो सके। हमारे अनुसार हर बच्चा अद्वितीय है और वह अपनी उत्कंठा और रुचियों को खोजने का अवसर पाने का हकदार है।

हमारे विविध कार्यक्रम और गतिविधियाँ रचनात्मक कला और प्रदर्शन से लेकर विज्ञान और खेलकूद सहित विभिन्न हितों की प्राप्ति के लिए रूपांकित किए गए हैं। हम ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास करते हैं, जिसमें बच्चे अपने कौशल को विकसित कर सकें और अपनी भावनाओं को स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त कर आजीवन मित्र बना सकें। हमारे विशेषज्ञ, प्रशिक्षक और अत्याधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित करती हैं कि बच्चों को सर्वोत्तम मार्गदर्शन और संभव सहायता मिलती रहे।

हमारा संस्थान, लंबे समय से रचनात्मक शिक्षा के आश्रम के रूप में, युवा प्रतिभाओं और कल्पना को पोषित करने के लिए समर्पित है। हम बच्चों को खोज करने, नवाचार करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए संसाधन और अवसर प्रदान करते हैं। हमारे कार्यक्रम आकर्षक, संवादात्मक एवं मज़ेदार बनाए जाते है, जिससे बच्चों में सीखने के प्रति आकर्षण विकसित हो और जो जीवन भर बना रहे।

हमें गर्व है कि राष्ट्रीय बाल भवन को G-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने का अवसर मिला, जहाँ हमने अपने बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया। पुणे में हमारी कलाकृतियों की प्रदर्शनी और गांधीनगर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के समापन में जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शन रचनात्मकता एवं नवाचार की शक्ति के प्रमाण थे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, हमारे आवासीय कायक्रमों ने देशभर के भारतीय वायुसेना विद्यालयों के 1100 से अधिक बच्चों को लाभान्वित किया है। उन्हें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों से विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ सीखने का अवसर मिला।

हम बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और इसे बच्चों के लिए सुखद बनाने के लिए निरतंर प्रयासरत रहते हैं। इस उद्देश्य से बच्चों के अनुकूल आकर्षक फर्नीचर प्राप्त किए गए और परिसर की पूरी बाहरी दीवार को पेटिंग से आकर्षित बनाया गया और नन्हे-मुन्नों के लिए आकर्षक झूले लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के रिहर्सल, अभ्यास एवं प्रतिभा अधिग्रहण कार्यक्रमों को एक ताज़गीपूर्ण सौंदर्यबोध प्रदान करने का प्रयत्न किया गया। जैसे-जैसे हम विस्तृत पहुँच के लिए अपने कार्यक्रमों का विस्तार कर रहे हैं, राष्ट्रीय बाल भवन की टीम रचनात्मकता, समावेशिता और उत्कृष्टता के हमारे मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सब साथ मिल कर, एक बदलाव ला सकते हैं तथा अपने देश के भविष्य को एक सुखद आकार दे सकते हैं।

शुभकामनाओं सहित,

अप्रैल, 2024
नई दिल्ली

मुक्ता अग्रवाल
निदेशक

राष्ट्रीय बाल भवन प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों की सूची 31.03.2024 को

1. श्री विपिन कुमार — **अध्यक्ष**
   अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल भवन
   अपर सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
   शिक्षा मंत्रालय, शास्त्री भवन
   नई दिल्ली

2. श्री आनन्द प्रकाश — **सदस्य**
   उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल भवन
   आर–2/83, राज नगर
   गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

3. शोभित गुप्ता — **सदस्य**
   निदेशक वित्त, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
   शिक्षा मंत्रालय, शास्त्री भवन
   नई दिल्ली

4. श्री शंखा राय — **सदस्य**
   उप सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
   शिक्षा मंत्रालय, शास्त्री भवन
   नई दिल्ली

5. श्रीमती मुक्ता अग्रवाल — **सदस्य सचिव**
   निदेशक, राष्ट्रीय बाल भवन
   कोटला रोड, नई दिल्ली–110002

हम साथ-साथ चलें, हम साथ-साथ बढ़ें,
हम साथ-साथ सोंचे, हम मिलकर समाधान करें,
और हम साथ मिलकर इस देश को आगे ले जाएँ।

– श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री जी

परिचय

राष्ट्रीय बाल भवन, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अन्तर्गत एक स्वायत्तशासी संस्था है। यह संस्था 5 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए एक गैर-औपचारिक शिक्षा का केन्द्र है। इसकी स्थापना 1956 में हुई थी। बच्चों की सोच, कल्पना तथा सृजनात्मक व आमोदपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से उन्मुक्त प्रदर्शन के स्वप्न को केन्द्र में रखकर भारत के पहले प्रधानमंत्री द्वारा इसकी नींव रखी गई। बाल भवन देश के चारों कोनों में 141 मान्यता प्राप्त बाल भवनों एवं बाल केन्द्रों के साथ एक आन्दोलन का रूप ले चुका है। इसके अलावा 40 बाल भवन केन्द्र और दिल्ली के माण्डी गाँव में एक ग्रामीण जवाहर बाल भवन भी कार्यरत है। राष्ट्रीय बाल भवन बच्चों को उनकी आयु, दक्षता एवं सामर्थ्य के अनुसार विभिन्न गतिविधियां एवं अवसर उपलब्ध कराकर बच्चों की सृजनात्मक क्षमता का विकास करने, अभिव्यक्ति, प्रयोग, सृजन एवं कलाप्रदर्शन का सामूहिक मंच उपलब्ध कराता है। यह संस्था बच्चों को किसी भी प्रकार के भय अथवा तनाव से मुक्त वातावरण में, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर प्रकार से संभावनाएं प्रदान करती है। राष्ट्रीय बाल भवन व इसकी मान्यता प्राप्त संस्थाओं में बच्चों, विशेषकर समाज के वंचित वर्गों के लिए नियमित कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

इस संस्था का उद्देश्य बच्चों को विविध गतिविधियों, अवसर, विचार-विमर्श, अनुभव, सृजन द्वारा एक सांझे मंच पर कार्य करके सृजनात्मक क्षमता का विकास करना है। बाल भवन बच्चों को सम्पूर्ण सृजन की स्वतंत्रता प्रदान करने के साथ-साथ खेल-खेल की पद्धति से भी सीखने का अवसर प्रदान करता है तथा नृत्य, नाटक, संगीत, सृजनात्मक कला, छायांकन, कम्प्यूटर आदि के माध्यम से उनकी सृजनात्मक क्षमता का विकास करता है। राष्ट्रीय बाल भवन, सभी गतिविधियों के लिए एक केन्द्र स्थल बन बच्चों को एकत्रित करके उनके चहुंमुखी व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भी सुदृढ़ करता है।

प्रत्येक वर्ष हज़ारों की संख्या में बच्चे बाल भवन से जुड़ते हैं। सन् 1956 में मात्र 300 बच्चों की सदस्यता के साथ शुरू हुआ यह आन्दोलन अब लाखों बच्चों का सागर बन चुका है और बच्चे विविध अनुभवों का लाभ उठा रहे हैं। दूर-दराज़ इलाकों के बच्चों तक पहुंचने के लिए दिल्ली राज्य के कई क्षेत्रों में 40 बाल भवन केन्द्रों की स्थापना की गई है। ये बाल भवन केन्द्र सभी पृष्ठ भूमि एवं परिवेश से आए बच्चों की जरूरतों को पूरा करते हैं। माण्डी स्थित जवाहर बाल भवन वस्तुतः राष्ट्रीय बाल भवन की ग्रामीण इकाई है, जो राष्ट्रीय बाल भवन के अधीन संचालित है तथा ग्रामीण जनसंख्या को समानांतर सेवाएं उपलब्ध कराती है। राज्य बाल भवन और बाल केन्द्र, देश के सभी भागों तथा दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में खोले गए हैं और वे सभी जगह समान सेवायें प्रदान कर रहे हैं। राष्ट्रीय बाल भवन सभी के लिए सृजनात्मकता, नवोन्मेष एवं अभिव्यक्ति हेतु सतत प्रक्रिया है, जो बच्चों को पूर्णरूपेण विकसित करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है।

हमारा मिशन

प्रत्येक बच्चे को इस खुशहाल संसार में एक सृजनात्मक, मानवीय एवं नवोन्मेषी एवं अद्भुत परिवेश में पूर्ण रूप से योगदान करने और प्रयास करने के अवसर प्रदान करना।

हमारा दृष्टिकोण

जिज्ञासा एवं दृश्य कला, विज्ञान गतिविधि, शारीरिक क्रियाकलापों आदि के माध्यम से सम्भावनाओं के आनन्द का अवसर प्रदान करना। ऐसे मूल्यों का निर्माण करना जिससे आत्मविश्वास और विश्व के जिम्मेदार नागरिक की भावना विकसित हो सके।

लक्ष्य और उद्देश्य

राष्ट्रीय बाल भवन का लक्ष्य

राष्ट्रीय बाल भवन का लक्ष्य है, बच्चों में विश्वास, आत्म-निर्भरता, धर्म-निरपेक्षता की प्रवृत्ति तथा मूल्यों के प्रति प्रेम जागृत करना जिससे वे राष्ट्र को शक्तिवान व सम्पन्न बनाने में योगदान दे सकें। ऐसे ही सृजनात्मक कला, सृजनात्मक लेखन, सृजनात्मक प्रदर्शन कला, शारीरिक शिक्षा, वैज्ञानिक नवप्रयोग, छायांकन, गृह प्रबंधन तथा संग्रहालय तकनीक आदि के शिक्षण की अनौपचारिक पद्धति के माध्यम से बच्चों को अपनी सृजनात्मकता को विकसित करने के अवसर प्रदान करना है। बाल भवन इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु बाल भवन के दर्शन का प्रसार करते हुए कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की सृजनात्मकता को पहचानता है व पोषित करता है।

राष्ट्रीय बाल भवन के उद्देश्य

1 बच्चों को शिक्षा और सृजनात्मकता के लिए अवसर प्रदान करना।

2 बच्चों को ऐसे अनुभव व कार्यकलाप प्रदान करना, जो उन्हें अन्यथा उपलब्ध नहीं होते।

3 स्थानीय विद्यालयों के लिए उनके पाठ्यक्रम संबंधी और पाठ्येत्तर कार्यकलापों को समृद्ध बनाने हेतु कुछ शैक्षिक सेवाएं प्रदान करना।

4 कला और विज्ञान में सृजनात्मक अवधारणा के पोषण के लिए अध्यापन में नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान करना।

5 मनोविनोद गतिविधियों से जुड़े कामगारों और बाल संग्रहालय के कार्मिकों को प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करना।

6 राष्ट्र के लिए प्रोटोटाईप शिशु बाल संस्थान प्रदान करना अर्थात् एक आदर्श बाल भवन स्थापित करना।

7 मनोरंजक और शारीरिक कार्यकलापों के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व और उनकी प्रतिभाओं का विकास करना।

8 सभी वर्गों और समुदायों के बच्चों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक मेल-मिलाप को प्रोत्साहित करना।

9 बच्चों में ऐसे मूल्य अंतर्विष्ट करना, जो उन्हें वैज्ञानिक प्रवृत्ति के साथ-साथ आधुनिक भारत का विकास करने में सहायक हों।

10 उपरोक्त वर्णित कार्यकलापों को एक आंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करना।

राष्ट्रीय बाल भवन की संगठनात्मक तालिका

सदस्यता संख्या 2023-24

राष्ट्रीय बाल भवन, जवाहर बाल भवन, माण्डी तथा राष्ट्रीय बाल भवन के अन्तर्गत चल रहे दिल्ली के 40 बाल केन्द्रों में बच्चे वार्षिक सदस्यता प्राप्त करते हैं। इस वर्ष 3225 (1639 - लड़के, 1586 - लड़कियों सहित) बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन तथा 1152 जवाहर बाल भवन माण्डी में और 5407 बच्चों ने दिल्ली के 40 बाल केन्द्रों में सदस्यता प्राप्त की।

राष्ट्रीय बाल भवन का सभी क्षेत्रों के बच्चों का सृजनात्मक विकास करना ही केन्द्रीयभूत लक्ष्य है। राष्ट्रीय बाल भवन में बच्चे अनेकानेक गतिविधियों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं और ये गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगींण विकास हेतु तैयार की जाती हैं।

व्यक्तिगत सदस्यता के अलावा दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों, दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बच्चों को नि:शुल्क संस्थागत सदस्यता प्रदान की जाती हैं तथा अन्य बच्चों से 200 रूपये प्रति बच्चा प्रतिवर्ष सदस्यता शुल्क लिया जाता है।

सदस्यता संख्या इस प्रकार हैं –

क्र.सं	बाल भवन	पंजीकरण
1.	राष्ट्रीय बाल भवन	3419
2.	जवाहर बाल भवन, माण्डी	1013
3.	बाल भवन केन्द्र	4726

वार्षिक संस्थागत सदस्यता संख्या –

क्र.सं.	पब्लिक स्कूल एवं गैर सरकारी संस्थान	नि:शुल्क संस्थाएँ
1	41	14

नोट :

1. **प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 5 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए सदस्यता शुल्क 200 रूपये है।**
2. **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग बच्चों के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर सदस्यता शुल्क नि:शुल्क है।**
3. **पब्लिक स्कूलों व गैर सरकारी संस्थानों से सदस्यता शुल्क 1000 रूपये प्रति वर्ष लिया जाता है।**
4. **राष्ट्रीय बाल भवन में सभी सरकारी स्कूलों को नि:शुल्क सदस्यता प्राप्त है।**

सदस्य स्कूल/संस्था (सत्र 2022-23)

1 बाबू राम हैप्पी स्कूल, 1192, गली बाबू राम, कूचा पाटी राम, बाजार सीता राम, दिल्ली-06

2 भारत नेशलन पब्लिक स्कूल, राम विहार, कड़कड़डूमा, दिल्ली-92

3 आस एसोसिएशन फॉर स्कूल वैलफेयर, बी-188, कटरा मशरू, दरीबाकलां, दिल्ली-06

4 न्यू होरिज़न स्कूल, हज़रत निज़ामुद्दीन, नॉर्थ ऑफ हुमायूंस टॉम्ब, मथुरा रोड, नई दिल्ली-13

5 हीरा स्कूल, नर्सरी मस्जिद, एलएनजेपी हॉस्पीटल, मीरदर्द रोड़, नई दिल्ली-110002

6 वायु सेना स्कूल, बागडोगरा

7 वायु सेना स्कूल, कलईकुन्डा

8 वायु सेना स्कूल, अम्बाला

9 वायु सेना स्कूल, श्रीनगर

10 वायु सेना स्कूल, हलवाड़ा

11 वायु सेना स्कूल, विमान नगर

12 वायु सेना स्कूल, पंचवटी

13 वायु सेना स्कूल, गुरूग्राम

14 वायु सेना स्कूल, तेजपुर

15 वायु सेना स्कूल, बराकपोर

16 वायु सेना स्कूल, जामनगर

17 वायु सेना स्कूल, जोधपुर

18 वायु सेना स्कूल, भुज

19 वायु सेना स्कूल, हेब्बल

20 वायु सेना स्कूल, बिदर

21 वायु सेना स्कूल, बेगमपेठ

22 वायु सेना स्कूल, कोयम्बटूर

23 वायु सेना स्कूल, जलाहल्ली

24 वायु सेना स्कूल, येहलंका

25 वायु सेना स्कूल, हसीमारा

26 वायु सेना स्कूल, जोरहट

27 वायु सेना स्कूल, आगरा

28 वायु सेना स्कूल, जयपुर

29 वायु सेना स्कूल, एएसटीई

30 वायु सेना बाल भारती स्कूल, लोधी रोड़, दिल्ली

31 वायु सेना गोल्डन जुबली इंस्टीट्यूट, सुब्रोतो पार्क, नई दिल्ली

32 वायु सेना स्कूल, सुब्रोतो पार्क, नई दिल्ली

33 वायु सेना स्कूल, ग्वालियर

34 वायु सेना स्कूल, सरसावा

35 वायु सेना स्कूल, जैसलमेर

36 विद्या भारती स्कूल, सी-ब्लॉक, सूर्या नगर, गाजियाबाद-201011

37 सबकी पाठशाला ट्रस्ट, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110002

38 सैन्ट स्टीफन हास्पिटल, तीस हजारी, दिल्ली-110054

39 जी.डी. गोयैंका पब्लिक स्कूल, राज नगर एक्स., गाजियाबाद

40 भारत राम ग्लोबल स्कूल, प्लाट नं. 5, के.पी. 3, ग्रेटर नोएडा-201310

41 सोफिया पब्लिक स्कूल, पनसोडा, लोनी रोड़, साहिबाबाद गाजियाबाद, यू.पी.201005

निःशुल्क संस्थाएं

42 रामजस गर्ल्स सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल, दरियागंज, नई दिल्ली-110002

43 जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्राम मोथुका, पो. चानपुर, बल्लभगढ़, फरीदाबाद

44 जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्राम मोहम्मदपुर, फरूख नगर, गुरूग्राम

45 जवाहर नवोदय विद्यालय, झज्जर, गुड़गांव रोड़, हरियाणा

46 जवाहर नवोदय विद्यालय, नूहं, बाई, हरियाणा

47 जवाहर नवोदय विद्यालय, पलवल, पृथला, हरियाणा

48 जवाहर नवोदय विद्यालय, अमीरपुर गाजियाबाद

49 जवाहर नवोदय विद्यालय, धूम, मणिकपुर, दादरी, गौतमबुद्ध नगर, यू.पी.

50 जवाहर नवोदय विद्यालय, बागपत, सरफाबाद, यू.पी.-250601

51 जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर, बवाना, नई दिल्ली-39

52 जवाहर नवोदय विद्यालय, जफरपुरकलां, साउथ वैस्ट दिल्ली, नई दिल्ली-73

53 गवर्नमैंट मॉडल संस्कृत स्कूल, डी.एल.एफ., फेस-1, गुरूग्राम, हरियाणा

54 गवर्नमैंट प्राईमरी स्कूल, साईट नं. 1105, गुरूग्राम-122002

55 आंध्रा एजूकेशन सोसायटी, डॉ, दुर्गाबाई देशमुख मेमोरियल सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002

नोट : राष्ट्रीय बाल भवन में सभी सरकारी स्कूलों को निःशुल्क सदस्यता प्राप्त है।

गतिविधियाँ - एक नज़र में

सृजनात्मक कला

सृजनात्मक कला की गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्म-अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान कर उनके सौंदर्यबोध की अलग-अलग विधाओं का विकास करना तथा उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना और उनको कला तथा शिल्प की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराना है। सृजनात्मक शिल्प कला में विविध गतिविधियाँ हैं जिन्हें विभिन्न उप-भागों में विभाजित किया गया है।

मिले-जुले क्रियाकलाप

मिले-जुले अनुभाग, सभी आयु वर्ग के बच्चों को समान रूप से आकर्षित करता है। अनुभाग में आने वाले विशेषतः छोटी आयुवर्ग के बच्चे आमतौर पर परम्परागत कला का काम करना बहुत पसंद करते हैं। यह एक बहुमाध्यम अनुभाग होने के कारण बच्चे यहाँ सरलता से एक माध्यम से दूसरे माध्यम पर जा सकते हैं। इस विभाग में सृजनात्मक और जीवन-मूल्यों पर आधारित खेल भी तैयार किए जाते हैं। प्राकृतिक रूप से प्राप्त रंग और तीलियों (ब्रश की बजाय) से बनाई गई परम्परागत लोक कला इस अनुभाग की अनूठी विशेषता है। बच्चे खिलौने और पेपरमैशी व कागज़ के शिल्प की कलात्मक वस्तुओं को बनाना भी यहाँ सीखते हैं। यह विभाग बच्चों को मेहंदी कला, मधुबनी व वर्ली कलाओं से भी परिचित करवाता है।

चित्रकला

इस अनुभाग में बच्चे अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति को क्रेऑन, वाटर कलर, ऑयल कलर, और पेंसिल द्वारा चित्र बनाकर अभिव्यक्त करते हैं। यह कार्यकलाप बड़े बच्चों को भी उतना ही भाता है जितना कि छोटी आयु के बच्चों को। सभी बच्चे इसमें उत्साह से भाग लेते हैं। छोटे बच्चे जहाँ एक ओर अपनी कल्पना के अनुसार चित्र बनाते हैं, वहीं बड़े बच्चे आकृति बनाने, रेखा-चित्र, प्राकृतिक दृश्य और विषय के आधार पर चित्र बनाने की कला का आनन्द उठाते हैं। बच्चों को बाटिक, टाई एण्ड डाई, ब्लॉक प्रिंटिंग इत्यादि कार्यकलापों की तकनीक भी सिखाई जाती हैं।

हस्तशिल्प

इस अनुभाग की गतिविधियाँ विशेष हैं क्योंकि इसमें बच्चों को काम में न आने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं जैसे - पुरानी पत्रिकाएँ, कतरनें, बीज, तार, पत्तियाँ व पेड़ों के तनों की छाल, पुराने कागज़, प्रयोग किए हुए डिब्बे, गत्ते के खाली डिब्बे, बल्ब, बटन, उभरे हुए कागज़, थर्मोकोल, पुराने अखबार इत्यादि के साथ प्रयोग करने की खुली

छूट मिलती है। काम न आने वाली वस्तुओं से बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर कृतियाँ और उत्पाद बच्चों की कल्पना और उनकी सृजनात्मक अभिव्यक्ति का परिणाम होते हैं।

बुनाई

बुनाई गतिवधि भी बच्चों की एक लोकप्रिय गतिविधि है, यहाँ बच्चे बुनाई की विभिन्न तकनीकों द्वारा कई प्रकार की कलात्मक कलाकृतियां जैसे – वॉल हैंगिंग, दृश्यावली, लैम्पशेड, टेपेस्ट्री, इत्यादि बनाते हैं। उन्हें सुंदर वस्तुओं के निर्माण की ओर प्रेरित किया जाता है। वे विभिन्न प्रकार की बुनाई, गाँठे लगाना व बुनाई के डिज़ाइन सीखते हैं और दृश्यावली, आसन, तथा छोटी दरियाँ व कालीन स्वयं बनाते हैं।

सिलाई-कढ़ाई

सिलाई-कढ़ाई अनुभाग की गतिविधियों में मैक्रामे, क्रोशिया, सिलाई-कढ़ाई, कठपुतली बनाने, खिलौने बनाने, इत्यादि सम्मिलित हैं। बच्चे जहाँ एक ओर वस्त्रों की कटाई और सिलाई के मूल तत्वों को सीखते हैं, वहीं वे विभिन्न प्रकार के कपड़ों को डिज़ाइन करने, पैच वर्क बनाने और रचनात्मक कढ़ाई का काम भी करते हैं। रूई भर कर खिलौने बनाने की कला भी एक लोकप्रिय गतिविधि है। बच्चे तरह-तरह के हैंगिंग्स बनाने और विभिन्न प्रकार की सजावटी वस्तुएँ आदि तैयार करने का ज्ञान प्राप्त करते हैं जिससे उनकी सृजनशीलता का विकास होता है।

मिट्टी का कार्य

इस अनुभाग की गतिविधि 5 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के मस्तिष्क, हृदय और हाथों का समन्वय बैठाने में सहायक होती है, जो बच्चों के मस्तिष्क और शरीर के स्वाभाविक विकास में भी मदद करती है। यहाँ बच्चे मुख, जानवर, चेहरे, दृश्य व मिट्टी की मानव आकृतियाँ एवं डिज़ाईन इत्यादि बनाना सीखते हैं और साथ ही मिट्टी, पेपरमैशी और प्लास्टर ऑफ पैरिस के सांचे बनाने के प्रयोग भी करते हैं। मिट्टी द्वारा कास्टिंग करते हुए यह अनुभाग बच्चों को नवप्रायोगिक कार्य करने और इस प्रकार उनकी सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने का प्रयास करता है।

काष्ठ शिल्प

काष्ठ शिल्प अनुभाग में बच्चों को सृजनात्मक विधि द्वारा काष्ठ कला का ज्ञान दिया जाता है। बच्चों को लकड़ी की वस्तुओं का निर्माण करने में काम आने वाली विभिन्न तकनीकों का ज्ञान दिया जाता है। बच्चे विभिन्न प्रकार की लकड़ियाँ, उनकी बनावट का आधार व उनके टिकाऊपन की पहचान करना भी सीखते हैं। बच्चों को वुडन फ्रेम पर वुड कटिंग द्वारा म्यूरल बनाने की तकनीक, बुरादे से पेपर पर चित्रांकन करना भी सिखाया जाता है तथा बच्चे विभिन्न प्रकार की लकड़ी से काम में आने वाली कई वस्तुओं जैसे :- पेन-स्टैण्ड, छोटे बॉक्स, खिलौने, पेन होल्डर, डिब्बे, पॉट कवर, इत्यादि निर्मित करना भी सीखते हैं। उन्हें लकड़ी में नक्काशी का काम भी सिखाया जाता है और वे नक्काशी द्वारा सुंदर वस्तुयें

भी बनाना सीखते हैं। उन्हें बेकार लकड़ी के टुकड़ों व बुरादे को रचनात्मक रूप से जोड़कर सुंदर दृश्य एवं तरह-तरह की आकृतियाँ बनाना भी सिखाया जाता है।

विज्ञान कार्यकलाप

इस अनुभाग में विज्ञान, प्रयोगशाला का एक विषय न होकर एक बड़ी प्रयोगशाला का अंग है, जिसके माध्यम से बच्चा जिंदगी की दिन-प्रतिदिन होने वाली घटनाओं से वैज्ञानिक सिद्धांतों को जोड़कर अपने ज्ञान को बढ़ाता है। राष्ट्रीय बाल भवन बच्चों को विभिन्न दिलचस्प गतिविधियों में शामिल करके विज्ञान के आधारभूत सिद्धान्तों को समझाने में विश्वास रखता है। बाल भवन की विज्ञान-शिक्षण प्रणाली का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है "एकीकृत पद्धति" जिसमें विज्ञान को अन्य गतिविधियों का अखण्ड हिस्सा बनाया गया है।

विज्ञान अनुभाग के विभिन्न उप-अनुभाग हैं, जो बच्चों को विज्ञान के नियम और सिद्धांत सीखने में मदद करते हैं। बच्चों को भौतिक एवं प्राकृतिक विज्ञान के अतिरिक्त दैनिक जीवन में विज्ञान से भी परिचित कराया जाता है। इस अनुभाग के कार्यकलापों में रेडियो-इलेक्ट्रॉनिक्स, एअॅरो मॉडलिंग, मशीन मॉडलिंग, खगोल विज्ञान, कम्प्यूटर, मछलीघर एवं छोटा चिड़ियाघर, 'क्यों और कैसे क्लब' और पर्यावरणीय कार्यकलापों के साथ-साथ क्षेत्रीय भ्रमण और विज्ञान से संबंधित फिल्म शो आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वे इन पर यथार्थ परीक्षण, तथा अन्य कई गतिविधियाँ भी कर सकते हैं। बाल भवन में विज्ञान कार्यकलापों में भाग लेने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि बच्चे स्कूल में विज्ञान के विद्यार्थी हों बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि उनमें 'क्यों' और 'कैसे' की उत्सुकता और सीखने की इच्छा हो। विज्ञान शिक्षा के अंतर्गत निम्न उप-अनुभाग बच्चों के लिए कार्य करते हैं। इस अनुभाग में समय-समय पर विशेष फिल्म-शो तथा शिविर भी आयोजित किए जाते हैं –

विज्ञान अनुभाग के निम्न उप अनुभाग हैं –

भौतिक एवं प्रकृति विज्ञान (कैसे और क्यों क्लब)

कैसे और क्यों क्लब अनुभाग में विज्ञान से सम्बंधित परियोजनायें लेने के इच्छुक बच्चों की जिज्ञासा का समाधान करने के लिए इस क्लब का सृजन किया गया था। शैक्षिक यात्रायें, वैज्ञानिक प्रश्नोत्तरी, सृजनात्मक वैज्ञानिक मॉडल बनाना, प्रयोग करना आदि क्यों और कैसे क्लब की कुछ गतिविधियाँ हैं, जो बच्चों का ज्ञान बढ़ाती हैं और उन्हें नया सीखने को उत्साहित करती हैं। विषयक कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं। परीक्षण व वैज्ञानिक खेलों के लिए बच्चों को प्रयोगशाला उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं।

अन्वेषक क्लब

अन्वेषक क्लब अनुभाग में बच्चों को प्रयोग एवं नवोन्मेषी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, यहाँ वे मशीन मॉडलिंग के अवधारण से लेकर इन्हें डिज़ाइन करने तथा अन्तत: निर्माण करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं का ज्ञानवर्द्धन करते हैं।

रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक्स क्लब

रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक्लस अनुभाग में 10 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को सदस्यता दी जाती है। यहाँ बिजली के मूल सिद्धांत, बिजली के तार लगाना और घरेलू उपकरणों की स्वयं मरम्मत करना, सर्किट के

साथ नए प्रयोग, रेडियो और टी.वी. के पुर्ज़े जोड़ना जैसे अनेक कार्यकलाप सिखाए जाते हैं। यहां बच्चे डिजिटल परियोजनाओं और नई ऊर्जा-युक्तियों जैसे-सौर ऊर्जा के मॉडल का भी ज्ञान प्राप्त करते हैं। विश्व में बढ़ती हुई विकसित संचार व्यवस्था की आवश्यकता को देखते हुए अधिक से अधिक लोग 'हैम रेडियो क्लब' के सदस्य बन रहे हैं। राष्ट्रीय बाल भवन में भी रेडियो शौकीनों (एमेच्योर) के क्लब की शुरूआत की गई है, ताकि इस क्लब के सदस्य बच्चे अपने-अपने घरों में 'हैम स्टेशन' की स्थापना कर आपसी सम्पर्क स्थापित कर सकें।

एअॅरो मॉडलिंग

राष्ट्रीय बाल भवन में बच्चों हेतु एअॅरो मॉडलिंग जैसा महंगा शौक भी उपलब्ध है। यहाँ बच्चे वायुगति के मूलभूत सिद्धांतों से लेकर विभिन्न प्रकार के वायुयानों के मॉडल बनाना सीखते हैं। इसके साथ ही विमानों के अपने मॉडल उड़ाने का आनन्द भी उठाते हैं। इस कार्यकलाप का उद्देश्य बच्चों में विमानन और उससे संबंधित विज्ञान में रुचि पैदा कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस अनुभाग द्वारा 'मॉडल रॉकेट्री' की कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं।

कम्प्यूटर

कम्प्यूटर एक बहुत ही लोकप्रिय कार्यकलाप है जो दिन-प्रतिदिन अधिकाधिक बच्चों को आकृष्ट कर रहा है। बच्चे कम्प्यूटर की आरंभिक भाषा सीखने के साथ-साथ कार्यक्रम बनाना (प्रोग्रामिंग करना) भी सीखते हैं। बच्चों को यहाँ सॉफ्टवेयर और कम्प्यूटर खेल उपलब्ध कराए जाते हैं। कम्प्यूटर का यह कार्यकलाप स्कूली शिक्षा का संपूरक है। राष्ट्रीय बाल भवन इंटरनेट सम्बंधी जानकारी भी उपलब्ध कराता है, ताकि बच्चे आधुनिकतम संचारी प्रणाली से अवगत हो सकें। इस अनुभाग में अनेक सार्थक एवं नई प्रणाली की कार्यशालाएँ तथा संगोष्ठियाँ भी आयोजित की जाती हैं। यहाँ बच्चे "फोटोशाप" एवं "डिजिटल प्रिटिंग" तकनीकें भी सीखते हैं। साइबर सुरक्षा के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया जाता है।

पर्यावरण

हरित वाहिनी आंदोलन का आरंभ 19 नवम्बर 1986 में हुआ था। इसी मुहिम को आगे बढ़ाने हेतु पर्यावरण विभाग की स्थापना की गई थी। वनस्पति एवं जीव के अनुरक्षण के साथ-साथ संस्कृति, हस्तशिल्प, लोककला, साहित्य स्मारकों आदि के बचाव के लिए भी पर्यावरण अनुभाग द्वारा जागरूकता फैलाई जाती है। वर्षा जल संरक्षण एवं सौर उर्जा संबंधी प्रोजेक्टों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। फील्ड यात्रायें, सर्वेक्षण, व्यर्थ सामान आदि का पुनरावर्तन जैसी गतिविधियों द्वारा बच्चों को उनके आस-पास के वातावरण के प्रति जागरूक किया जाता है। अधिक से अधिक बच्चों में जागरूकता फैलाने

हेतु वर्ष 1990 से अभी तक प्रति वर्ष युवा पर्यावरण वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित किया जाता है। देश के विभिन्न भागों से बच्चे देश की किसी भी एक चयनित जगह पर एकत्रित हो पर्यावरण के विभिन्न सामाजिक, भावनात्मक एवं सांस्कृतिक पहलूओं पर विचार-विमर्श करते हैं।

खगोल विज्ञान

आकाश अपने भीतर अनजान आकाशगंगाओं से संबंधित अनेकानेक अनसुलझे रहस्यों को समेटे है। यह मानना है कि अतिप्राचीन काल से मनुष्य इन रहस्यों को समझने में लगा हुआ है। राष्ट्रीय बाल भवन में कम लागत के एक तारामंडलीय एकक की स्थापना की गई है। बच्चे इस कार्यकलाप में आनंद लेते हैं। वे आकाश के ग्रहों और तारों आदि के बारे में अधिक जानकारी लेने के लिए उत्सुक रहते हैं। कुछ वर्ष पहले विभाग द्वारा दिल्ली के बच्चों हेतु एवं सार्क (SAARC) देशों के बच्चों हेतु "दूरबीन बनाने की कार्यशाला" भी आयोजित की गई।

मछली घर तथा जीव-जन्तु कार्नर

इस अनुभाग में बच्चे जीव विज्ञान की मूलभूत जानकारी हासिल करते हैं। अनुभाग द्वारा अपना मछलीघर बनाएं, जीवजन्तुओं से सम्बंधित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। बच्चे मछली के अनुकूलन, अनुपालन, समुद्री जीवन, समुद्री वनस्पतियों आदि की अवधारणाओं को सीखने का ज्ञान प्राप्त करते हैं तथा वे जीव-जन्तुओं और पालतू जानवरों के संरचनात्मक गुणों, आदतों, खानपान व रहन-सहन की परिस्थिति अनुकूलन का ज्ञान प्राप्त करते हैं। इससे बच्चों में जीव जन्तुओं के प्रति अनुपालन की इच्छा पैदा होती है।

पुस्तकालय

राष्ट्रीय बाल भवन के पुस्तकालय में बच्चों के लिए ढेर सारी मनोरंजक पुस्तकें हैं। ये पुस्तकें कला, शिल्प, संस्कृति, साहित्य, विज्ञान, गणित, पत्रकारिता व कंप्यूटर, कहानियों और कविताओं आदि विषयों पर हैं। यहाँ एक संदर्भ अनुभाग भी है। पुस्तकालय में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, तमिल व बंगला आदि अनेक भाषाओं की पुस्तकें भी हैं। बच्चों के लिए विभिन्न पत्रिकाएँ भी इस पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त इस विभाग द्वारा सृजनात्मक लेखन की गतिविधि भी आयोजित की जाती है जिसमें बच्चे विभिन्न विषयों पर लिखते हैं।

बच्चों के लिए साहित्यिक कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। इन कार्यशालाओं के दौरान बच्चे विभिन्न लेखकों व कवियों आदि से परिचर्चा द्वारा अपनी लेखन क्षमता और कौशल को विकसित करते हैं। यहाँ पर कहानी सुनाने के सत्रों का आयोजन भी होता है। इस विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, पुस्तकों पर परिचर्चा, आशु-भाषण, विभिन्न सामाजिक एवं प्रासंगिक वाद-विवाद आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अनुभाग में हर उम्र के बच्चे आनंद लेते हैं और उनकी अभिव्यक्ति की क्षमता भी निखरती है। राष्ट्रीय बाल भवन बाल रचनाकारों को एक सामूहिक मंच प्रदान करता है।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्ननुसार हैं –

- वाचन प्रतियोगिता
- प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम
- सृजनात्मक लेखन

- कविता-रचना, काव्य-पाठ
- नवीन पुस्तकों की समीक्षा एवं परिचर्चा
- कहानी लेखन, आशुभाषण
- स्लोगन लेखन, आलेख लेखन

छायांकन (फोटोग्राफी)

राष्ट्रीय बाल भवन में छायांकन गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को छायांकन से जुड़े विभिन्न कार्यों जैसे- छायांकन का इतिहास, डिजिटल कैमरे व साधारण कैमरे के विभिन्न अंग, उन्हें व्यवहार में प्रयोग करने की तकनीक आदि से परिचित कराने के साथ-साथ अभिनव तरीकों का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। छायांकन के द्वारा बच्चे विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों, पशु-पक्षियों, उनकी आदतों, तरह-तरह की इमारतों, विभिन्न भौगोलिक स्थानों और वहाँ रहने वाले लोगों की जीवन शैली आदि की फोटो खींचने के साथ-साथ उनके विषय में जानकारी भी प्राप्त करते हैं। बच्चे रोचक दृश्यों को चित्रों द्वारा संजोने व आधुनिक तरीकों का प्रयोग कर छायांकन की दक्षता में निखार लाना भी सीखते हैं। बच्चे फोटोशाप की सहायता से काफी टेबल पुस्तक बनाना भी सीखते हैं।

इस विभाग द्वारा वीडियोग्राफी की कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं, जहाँ बच्चों द्वारा वीडियो कार्यक्रम निर्मित किए जाते हैं। स्क्रिप्ट लेखन, कैमरा संचालन, संवाद व ध्वनि रिकार्डिंग से लेकर फिल्म निर्माण तक सभी कार्य बच्चों की टीम द्वारा प्रशिक्षकों की देख-रेख में किए जाते हैं। इस विभाग द्वारा विभिन्न विषयों पर फोटोग्राफी प्रदर्शनियाँ भी लगाई जाती हैं, जिनमें बच्चों द्वारा किए गए कार्य को प्रदर्शित किया जाता है।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्नानुसार हैं –

- डिजिटल फोटोग्राफी
- फोटोशॉप तकनीक द्वारा डिजिटल एनहेंसमेंट
- प्रकृति, स्मारक आदि की तस्वीरें लेने हेतु भ्रमण यात्रा एवं विरासत वाक
- फोटो प्रदर्शनी
- फोटोग्राफी ट्रेनिंग
- वयस्कों हेतु कार्यक्रम

प्रदर्शन कला

प्रदर्शन कला अनुभाग की विभिन्न गतिविधियाँ बच्चों को आत्म-अभिव्यक्ति के द्वारा अपनी कल्पना का विकास करने तथा उसे साकार रूप देने और अपनी प्रतिभा को पहचानने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस विभाग में बच्चे नाटक, नृत्य, संगीत, वाद्य संगीत आदि कई प्रकार की सृजनात्मक गतिविधियाँ सीखते हैं। बच्चे अपने परंपरागत लोक संगीत एवं नृत्य की विभिन्न शैलियों के विषय में जानकारी व ज्ञान भी इस अनुभाग में प्राप्त करते हैं।

प्रदर्शन कला गतिविधि विभाग में निम्न उप–अनुभाग हैं –

- कंठ संगीत (शास्त्रीय एवं लोक)
- वाद्य संगीत – (सितार, तबला एवं हारमोनियम)
- शास्त्रीय नृत्य (कत्थक, भरतनाट्यम)
- लोकनृत्य
- नाट्यकला

शारीरिक शिक्षा

खेल और शारीरिक गतिविधियाँ सभी आयु के बच्चों को प्रिय हैं। राष्ट्रीय बाल भवन का शारीरिक शिक्षा अनुभाग बच्चों के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियाँ उपलब्ध कराता है जैसे :- टेबल–टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल व जूडो और स्केटिंग आदि। व्यायाम एवं शरीर को सुडौल बनाने के लिए इस विभाग के पास अपना जिम्नेज़ियम भी है। बच्चे प्रशिक्षकों की देखरेख में न केवल विभिन्न प्रकार के खेलों की जानकारी प्राप्त करते हैं, बल्कि उन्हें अपनी रचनात्मकता बढ़ाने और रचनात्मक खेलों को बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

इस विभाग द्वारा आयोजित जूडो एक ऐसी गतिविधि है जिसके कारण इस संस्थान को बहुत सम्मान मिला है। राष्ट्रीय बाल भवन को ऐसे बच्चों को प्रशिक्षित करने का गौरव प्राप्त है, जिन्होंने न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय

स्तर पर भी सफलता पाई है। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अंर्तविद्यालय जूडो टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं, जिनमें विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं के बच्चे भाग लेते हैं और उसका आनन्द उठाते हैं।

स्केटिंग रिंक भी बच्चों के बीच बहुत लोकप्रिय है और संभवतः यह दिल्ली की सर्वोत्तम स्केटिंग रिंकों में से एक है। शारीरिक शिक्षा विभाग, यहां अंतरविद्यालयी क्रिकेट और फुटबॉल प्रतियोगितायें भी आयोजित करता है, जिनमें विभिन्न स्कूलों के बच्चे भाग लेते हैं और इसका आनंद लेते हैं। राष्ट्रीय बाल भवन के खेल के मैदान और शारीरिक शिक्षा विभाग की अन्य सुविधाएँ बाल भवन के सदस्य विद्यालयों को भी उपलब्ध कराई जाती हैं। यह विभाग विभिन्न प्रकार की साहसिक यात्राएँ, ट्रैक और फील्ड ट्रिप आदि भी आयोजित करता है। हाल में ही निशानेबाजी एवं कैरम की गतिविधियाँ भी आरंभ की गई हैं।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्नानुसार हैं –

- इन्डोर व आउटडोर खेल (टेबल-टेनिस, बैडमिंटन, क्रिकेट, बॉस्केट बॉल, निशानेबाजी, चैस, कैरम)
- जूडो
- स्केटिंग
- व्यायामशाला (आंतरिक एवं बाह्य)

गृह प्रबंधन

गृह प्रबंधन विभाग में बच्चों को अच्छी और सुचारू गृह व्यवस्था के विभिन्न आयामों/पक्षों से परिचित कराया जाता है। यहाँ बच्चे विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थो की नई-नई विधियाँ बनाना सीखते हैं। स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक और लाभकारी भोजन बनाना सीखते हैं और बनाते हैं जिससे बच्चे खाना बनाने में आत्मनिर्भर बनते हैं। बच्चों को रसोई का बजट बनाना और उसमें आने वाले खर्च का आंकलन करना भी सिखाया जाता है। बच्चों के साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता, साफ़-सफ़ाई के बारे में नियमित रूप से चर्चाएँ की जाती हैं। उनके लिए भोजन अनुरक्षण की प्रयोगात्मक कक्षाएँ भी आयोजित की जाती हैं जो उनके लिए लाभकारी होती हैं। गृह-प्रबंध अनुभाग द्वारा पुष्पसज्जा (इकेबाना), बेकरी आदि की विभिन्न कार्यशालाएँ भी संचालित की जाती हैं।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्नानुसार है –

- गृह-प्रबंधन
- पाक-कला, बेकिंग
- भोजन-परिरक्षण
- पुष्प-सज्जा

संग्रहालय तकनीक

राष्ट्रीय बाल भवन का राष्ट्रीय बाल संग्रहालय विभिन्न अवसरों पर थीम आधारित प्रदर्शनियाँ लगाकर बच्चों का ज्ञानवर्द्धन करता है। राष्ट्रीय बाल संग्रहालय पूरे भारतवर्ष में अद्वितीय बाल संग्रहालय है। इस बाल संग्रहालय में कुछ स्थायी प्रदर्शनी दीर्घाएं हैं, जिन्हें देखने के लिए प्रतिदिन हज़ारों बच्चे आते हैं और ये प्रदर्शनियाँ स्कूली शिक्षण पद्धति की अनुपूरक और प्रतिपूरक भी हैं। राष्ट्रीय बाल संग्रहालय की एक गतिविधि है "संग्रहालय तकनीक क्लब",

जिसमें मिट्टी के मोल्ड से सांचा बनाने तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस द्वारा "कास्ट" (प्रतिकृति) बनाने की साधारण तकनीक से लेकर "पीस मोल्ड" बनाने जैसे जटिल कार्य भी सिखाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त इस विभाग में बच्चों को माउंटिंग, आलेख-लेखन एवं प्रदर्शनी लगाने की तकनीक इत्यादि से भी अवगत कराया जाता है। बच्चों को यहाँ इस प्रकार के अनुभव कराए जाते हैं, जिनसे उनके प्रकृति, इतिहास, संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संबंधी ज्ञान का विस्तार होता है।

विषयगत और पाठ्यक्रम पर आधारित कार्यशालाओं द्वारा बच्चों को अपने देश की प्राचीन सभ्यता, अपने इतिहास, उसकी प्राचीन धरोहर और संस्कृति से अवगत कराया जाता है, जिसमें प्रमुख है बच्चों को उत्खनन-स्थलों पर ले जाकर प्रत्यक्ष अनुभव कराना। इस प्रकार का प्रत्यक्ष अनुभव उनके ज्ञान का विस्तार करता है। बच्चों के लिए विशेष कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं और बच्चों को अनुभव देने के लिए विभिन्न ऐतिहासिक स्मारकों पर भी ले जाया जाता है।

इस अनुभाग के विशेष आकर्षण निम्नानुसार हैं –

- सांचा बनाना एवं ढलाई
- संग्रहालय की वस्तुओं का परिरक्षण एवं संरक्षण
- ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विचार-विनिमय
- प्रदर्शनी डिज़ाईन करना
- फील्ड कार्य

राष्ट्रीय बाल संग्रहालय

राष्ट्रीय बाल संग्रहालय, राष्ट्रीय बाल भवन का एक अभिन्न अंग है और इसे बड़े होते बच्चे की मनोवैज्ञानिक स्थिति और उसके अपने आसपास की दुनिया को देखने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। संग्रहालय में बच्चों को आकर्षित करने वाली वस्तुओं का बड़ा संग्रह है, जिसमें कई देशों के खिलौने, गुड़ियाएँ, पत्थर एवं पीतल से बनी कृतियाँ, पारंपरिक आभूषण, बर्तन, कला एवं शिल्प कृतियाँ, वाद्ययंत्र, सिर की पगड़ियों के प्रदर्शन के साथ वायुयानों, सेटेलाइटों तथा ऐतिहासिक भवनों आदि की जानकारी भी एकत्रित है। राष्ट्रीय बाल संग्रहालय देश में अपनी तरह की एक ही संस्था है जिसे राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त है। राष्ट्रीय बाल संग्रहालय इस तथ्य का समर्थन करता है कि बाल संग्रहालय बच्चों के ज्ञान को बढ़ाने और उन्हें विकसित करने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

संग्रहालय अलग-अलग दीर्घाओं में दो प्रकार की प्रदर्शनियाँ प्रस्तुत करता है (i) स्थायी प्रदर्शनी (ii) अस्थायी प्रदर्शनी। संग्रहालय की एक दीर्घा को विशिष्ट रूप से केवल अस्थायी प्रदर्शनियों के लिए रखा गया है, जहाँ समय-समय पर किसी विशिष्ट विषय से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाती रहती हैं। स्थायी प्रदर्शनियाँ भी संग्रहालय का विशेष आकर्षण है - इनमें प्रमुख हैं - **हमारा भारत** (8500 वर्ग फीट के दायरे में फैली यह प्रदर्शनी भारतीय जीवन, इसकी जीवन्त संस्कृति, समृद्ध कला एवं शिल्प, धर्मों एवं रीति-रिवाजों की विविधता तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की प्रगति आदि का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत करती है।), **गौरव गाथा** (1855 वर्ग फीट के दायरे में फैली इस प्रदर्शनी में भारत के गौरवमयी अतीत, इसकी संस्कृति, युद्धों को दर्शाने वाली मनमोहक कृतियाँ गुड्डे-गुडियों के माध्यम से क्रम से सजाई गई है।) **सूर्य** (8000 वर्ग फीट से भी अधिक क्षेत्र में 'सूर्य' नाम से लगाई गई इस प्रदर्शनी में भारतीय संस्कृति में 'सूर्य' के महत्व के साथ-साथ अन्य सभ्यताओं जैसे मिस्र, मेसोपोटामिया, चीन, ग्रीक आदि में भी सूर्य के स्थान और महत्व को दर्शाया गया है। सूर्य की उत्पत्ति अर्थात् सौरपरिवार और पृथ्वी आदि की जानकारी दी गई है अर्थात् सूर्य का चित्रण पौराणिक तथा वैज्ञानिक, दोनों दृष्टिकोणों से किया गया है। तथा **पारंपरिक कला एवं शिल्प : भावी पीढ़ी हेतु खजाना** (1700 वर्ग फुट के दायरे में फैली इस प्रदर्शनी में प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियों के नमूने प्रदर्शित किए गए हैं) ये सभी प्रदर्शनियाँ जन सामान्य हेतु खुली हैं।

1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक यहाँ आने वाले पर्यटकों की संख्या निम्नलिखित थी

बच्चों की संख्या	वयस्कों की संख्या	स्कूलों की संख्या
29,427	7,273	311

राष्ट्रीय प्रशिक्षण संसाधन केन्द्र

इस अनुभाग का उद्देश्य शिक्षकों एवं व्यस्कों को सृजनात्मक कला, निष्पादन कला तथा विज्ञान आदानों के साथ समन्वित प्रशिक्षण प्रदान करना है। शारीरिक शिक्षा, खेलकूद, पुस्तकालय गतिविधियों को प्रशिक्षण हेतु अतिरिक्त आदानों के रूप में शामिल करने के प्रस्तावों पर भी विचार किया जा रहा है। इस अनुभूति की दिशा में प्रशिक्षण को गति प्रदान की जा रही है कि बच्चे के काम को पहचान दी जाए, भले ही बड़ों की दृष्टि में वह कितना नगण्य व सतही लगे, बच्चों की संरक्षण भावना और सृजन की पहल के लिए यह महत्त्वपूर्ण है।

बाल भवन में प्रयुक्त विभिन्न माध्यम एवं पद्धतियों के जरिए अध्यापकगण बच्चों को स्वयंमेव पहचानने उनकी निर्बाध कल्पना व प्रयोगों को प्रोत्साहन तथा सृजनात्मक अभिव्यक्ति, नवोन्मेष व मौलिक तत्व का सामर्थ्य एवं क्षमता विकसित करते हैं। वे विपरीत परिस्थितियों को अनुकूल बनाने और वैज्ञानिक भावना के साथ सकारात्मक भावना आत्मसात करने के लिए सक्रिय माहौल बनाना भी सीखते हैं। कलाओं को शिक्षा एवं अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम बनाने में उनकी मदद के लिए ग्रामीण, अर्द्धग्रामीण तथा शहरी अध्यापकों के लिए व्याख्यान एवं कार्य प्रदर्शन की व्यवस्था की जाती है।

हमारे कार्यक्रम

देशभर में बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए कार्य करने वाली शीर्षस्थ संस्थाओं में से एक संस्था राष्ट्रीय बाल भवन है। राष्ट्रीय बाल भवन इस तथ्य को सामने रखकर कार्य करता है कि भारत में करोड़ों बच्चे ऐसे घर-परिवार से हैं, जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करते हैं और जिनके माता-पिता उनकी प्राथमिक आवश्यकताएँ भी पूरी नहीं कर पाते। इन सबको देखते हुए राष्ट्रीय बाल भवन अपने सभी संसाधनों का प्रयोग करते हुए बाल भवन आंदोलन को देश के कोने-कोने में फैलाने में प्रयासरत है।

राष्ट्रीय बाल भवन आज अपने 127 संबद्ध राज्य बाल भवनों एवं 14 बाल भवन केन्द्रों तथा राष्ट्रीय बाल भवन के अन्तर्गत दिल्ली में चल रहे 40 बाल भवन केन्द्रों के माध्यम से लाखों बच्चों तक पहुँचकर एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। यह संस्थाएँ उन बाल भवनों/निजी संस्थाओं में खुले हुए हैं जो दूरदराज के क्षेत्रें में विभिन्न गैरसरकारी संगठनों के सहयोग से काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय बाल भवन के बच्चों संबंधी कार्यकलाप केवल अपने देश तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रीय बाल भवन संसार के दूसरे क्षेत्रों में रह रहे बच्चों को भी सांस्कृतिक आदान-प्रदान वाले कार्यक्रमों के माध्यम से अपना दर्शन उन तक पहुँचाने का प्रयास करता है। अतः राष्ट्रीय बाल भवन शैक्षिक व मनोरंजक तथा सृजनात्मक गतिविधियों द्वारा बच्चों को शिक्षा देने की कोशिश करता है बल्कि विविध स्थानीय, मंडल स्तरीय, राज्यस्तरीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के द्वारा अधिक से अधिक बच्चों तक पहुँचने का एक संसाधन केंद्र है।

स्थानीय स्तर के कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन कई नवीन कार्यक्रमों के अतिरिक्त नियमित कार्यकलापों को भी आयोजित करता है जिसमें विभिन्न कार्यशालाएँ, सेमिनार एवं संगोष्ठियाँ आदि शामिल हैं। इन सब कार्यकलापों का उद्देश्य बच्चों को बहुआयामी कार्यकलापों में भाग लेने का अवसर देकर उनके अनुभव को बढ़ाना है। ये कार्यकलाप एक ओर उन्हें देश की राष्ट्रीय विरासत, परंपराओं, संस्कृति, कला, शिल्प, साहित्य तथा वैज्ञानिक प्रगति से अवगत कराते हैं तो दूसरी ओर बच्चों के क्षितिज का भी विस्तार करते हैं।

उल्लेखनीय कार्यक्रम 2023-24

क्र.सं.	तिथि	संचालित कार्यक्रम/कार्यशालायें	कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य	लाभान्वित बच्चों/स्टाफ/अध्यापकों की संख्या
1.	11.04.2023-15.04.2023	एअर फोर्स स्कूल के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की कार्यशालाएँ	बच्चों को राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न विभिन्न कलाओं से अवगत कराना।	200 बच्चे एवं 30 अध्यापक
2.	21.04.2023	पृथ्वी दिवस कार्यक्रम	पृथ्वी से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराना था।	35 बच्चे
3.	25.04.2023-27.04.2023	सिलाई कार्यशाला	कपड़े से फूल व फूलदान बनाना सिखाना था।	20 बच्चे

4.	25.04.2023-29.04.2023	एअर फोर्स स्कूल के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की कार्यशालाएँ	बच्चों को राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न विभिन्न कलाओं से अवगत कराना।	200 बच्चे
5.	9.05.2023	रविन्द्र नाथ जयंती के अवसर पर कार्यक्रम	उनकी विरासत को सम्मान देना था।	150 सहभागी
6.	18.05.2023-19.05.2023	कम्प्यूटर जागरूकता कार्यक्रम	इंटरनेट के उपयोग से सम्बंधित लाभ और हानि से अवगत कराना था।	50 बच्चे
7.	23.05.2023-25.05.2023	सिलाई कार्यशाला	बच्चों को बेसिक टाँके एवं तुरपाई करना सिखाना था।	32 बच्चे
8.	24.05.2023-25.05.2023	जानवरों के प्रागैतिहासिक जीवन पर कार्यशाला	जानवरों के प्रागैतिहासिक जीवन के बारे में जानकारी प्रदान करना था।	26 बच्चे
9.	25.05.2023-27.05.2023	इलैक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं घरेलू वायरिंग पर कार्यशाला	नवीन तरीके से घरेलू वायरिंग का निर्माण करना सिखाना था।	30 बच्चे
10.	26.05.2023-2.06.2023	सिलाई कार्यशाला	बच्चों को रंग-बिरंगी कढ़ाई के धागों से अनेक प्रकार की कढ़ाई के टाँके सिखाना था।	100 बच्चे
11.	मई, 2023	जल एक अनमोल रत्न पर एक कार्यशाला	बच्चों को पानी की महत्वता और उनके प्राकृतिक परिवेश के बारे में जागरूक करना था।	30 बच्चे
12.	23.05.2023-21.06.2023	ग्रीष्मोत्सव समारोह कार्यक्रम	बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारना था।	3000 बच्चे
13.	27.05.2023	ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा कार्यक्रम	बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारना था।	2500 बच्चे
14.	2.06.2023	मौसम भवन का बच्चों द्वारा भ्रमण	ज्ञान को बढ़ाने और कंप्यूटर पीढ़ियों के बारे में जागरूक करना था।	35 बच्चे, 3 अनुरक्षक
15.	3.06.2023	ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा कार्यक्रम	बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारना था।	2500 बच्चे
16.	10.06.2023	ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा कार्यक्रम	बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारना था।	3000 बच्चे
17.	06.06.2023-09.06.2023	सिलाई कार्यशाला	कपड़े से बुकमार्क बनाना सिखाना था।	40 बच्चे
18.	06.06.2023-10.06.2023	हमारे संग्रहालय-हमारी विरासत पर कार्यशाला	बच्चों को संग्रहालय, स्थिरता, विरासत के महत्व के बारे में जागरूक करना था।	30 बच्चे

19.	07.06.2023-09.06.2023	पोट पेंटिंग पर कार्यशाला	बच्चों को पोट पेंटिंग की कला से अवगत कराना था।	18 बच्चे
20.	07.06.2023-09.06.2023	ऑयल पेस्टल पेंटिंग पर कार्यशाला	बच्चों को ऑयल पेस्टल पेंटिंग की कला से अवगत कराना था।	15 बच्चे
21.	08.06.2023-10.06.2023	रेडियो एवं इलैक्ट्रॉनिक्स पर कार्यशाला	बच्चों को घरेलू वायरिंग परियोजनाओं के चरण सिखाना था।	108 बच्चे
22.	13.06.2023-14.06.2023	पर्यावरण एवं मछली घर पर कार्यशाला	छोटे जानवरों, कीड़ों और मछलियों की जीवन शैली के बार में जानकारी प्रदान करना था।	35 बच्चे
23.	13.06.2023-16.06.2023	ड्राई पेस्टल पेटिंग पर कार्यशाला	ड्राई पेस्टल पेटिंग की जानकारी प्रदान करना था।	18 बच्चे
24.	16.06.2023	साइबर सुरक्षा कार्निवाल कार्यक्रम	बच्चों को साइबर सुरक्षा के लाभ और हानि की जानकारी देना।	250 बच्चे
25.	17.06.2023	ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा कार्यक्रम	बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारना था।	2500 बच्चे
26.	17.06.2023-22.06.2023	पुणे कें जी-20 कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई।	बच्चों में नई शिक्षा नीति से अवगत कराना था।	27 बच्चे व 11 अनुरक्षक
27.	19.06.2023	बच्चों द्वारा आम के बगीचों का भ्रमण	पके और मीठे आमों का चयन करने की जानकारी प्रदान कराना।	40 बच्चे
28.	21.06.2023	ग्रीष्मोत्सव समापन समारोह	बच्चों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी से बच्चों का उत्साह बढ़ाने हेतु।	3000 बच्चे
29.	21.06.2023	9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस	सहभागियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की प्रक्रियाओं से अवगत कराना था।	3000 बच्चे
30.	29.06.2023	हिंदी कार्यशाला	कर्मचारियों को प्रशासनिक कामकाज की मानव शब्दावली से अवगत कराना था।	20 कर्मचारी
31.	01.07.2023-08.07.2023	"समुद्र" विश्व महासागर दिवस पर कार्यशाला	हमारे महासागरों के महत्व और बच्चों की भूमिका के बारे में बच्चों में जागरूकता फैलाना था।	17 बच्चे
32.	06.07.2023-08.07.2023	मिट्टी कला कार्यशाला	मिट्टी को विभिन्न वस्तुओं में ढाल कर अपने जीवन में प्रयोग करने की जानकारी देना था।	15 बच्चे
33.	06.07.2023-08.07.2023	बुनाई कार्यशाला	बुनाई की कला से अवगत कराना।	15 बच्चे

34.	13.07.2023–15.07.2023	मिले-जुले कार्यकलाप कार्यशाला	मिले-जुले कला सम्बंधी जानकारी देना था।	20 बच्चे
35.	20.07.2023–22.07.2023	मिले-जुले कार्यकलाप कार्यशाला	मिले-जुले कला सम्बंधी जानकारी देना था।	20 बच्चे
36.	11.07.2023–13.07.2023	प्लास्टिक कैनवास पर कढ़ाई करने की कार्यशाला	प्लास्टिक कैनवास पर कढ़ाई करने का ज्ञान प्रदान करना था।	25 बच्चे
37.	14.07.2023–25.07.2023	ऊन का क्राफ्ट कार्यशाला	ऊन का क्राफ्ट से अवगत करना था।	20 बच्चे
38.	26.07.2023–28.07.2023	चेन बनाने की कार्यशाला	कैनवास पर चेन की कढ़ाई की कला से अवगत कराना था।	20 बच्चे
39.	26.07.2023–28.07.2023	सौर मण्डल पर कार्यशाला	बच्चों को सभी ग्रहों की जानकारी देना था।	7 बच्चे
40.	2.08.2023–4.08.2023	जी-20 का समापन समारोह में सांस्कृतिक शक्ति का प्रदर्शन नृत्य कार्यक्रम	बच्चों को महिला शक्तिकरण से अवगत कराना था।	27 बच्चे एवं 11 अनुरक्षक
41.	03.08.2023	आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "अंगदान महोत्सव" पर अंगदान प्रतिज्ञा समारोह कार्यक्रम	स्वस्थ जीवन शैली और कल्याण को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करना था।	75 बच्चे एवं 77 कर्मचारी
42.	03.08.2023	आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "अंगदान महोत्सव" पर चित्रकला गतिविधि	स्वस्थ जीवन शैली और कल्याण को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करना था।	18 बच्चे
43.	03.08.2023	आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "अंगदान महोत्सव" पर हस्तकला गतिविधि	स्वस्थ जीवन शैली और कल्याण को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करना था।	30 बच्चे
44.	03.08.2023	आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "अंगदान महोत्सव" पर नाट्कीय गतिविधि	स्वस्थ जीवन शैली और कल्याण को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करना था।	20 बच्चे
45.	03.08.2023	आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "अंगदान महोत्सव" परपर्यावरण गतिविधि	स्वस्थ जीवन शैली और कल्याण को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करना था।	7 बच्चे
46.	09.08.2023–30.08.2023	आज़ादी के अमृत महोत्सव हेतु "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन	बच्चों को सर्वोच्च बलिदान देने वाले "वीरों" को याद कराना था।	50 कर्मचारी एवं लगभग 1000 बच्चे
47.	9.08.2023–11.08.2023	सादा शमीज़ की कार्यशाला	बच्चों को सादा शमीज़ के लिए शारीरिक नाप, कपड़े की कटिंग व सिलना सिखाना था।	20 बच्चे

48.	11.08.2023-12.08.2023	सूर्य घड़ी की कार्यशाला	बच्चों को सूर्य की किरणों के द्वारा बनने वाली परछाई से समय का ज्ञान प्राप्त कराना था।	11 बच्चे
49.	16.08.2023-22.08.2023	कुचिपुड़ी नृत्य कार्यशाला	बच्चों को कुचिपुड़ी नृत्य से अवगत कराना था।	30 बच्चे
50.	17-19 एवं 23-25 अगस्त, 2023	तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला	बच्चों को राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराना था।	1094 बच्चे
51.	17.08.2023-19.08.2023	तीन दिवसीय शैक्षणिक यात्रा गतिविधि	युवा मन में देशभक्ति, बड़ी मेहनत की भावना पैदा करना और उन्हें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व महसूस करने के लिए प्रेरित करना तथा उनके मन में ज्ञान प्रदान कराना था।	60 बच्चे
52.	22.08.2023-24.08.2023	फूल बनाने की कार्यशाला	बच्चों को कागज़ से विभिन्न प्रकार के फूल बनाना सिखाना था।	21 बच्चे
53.	22.08.2023-24.08.2023	जूट के पाऊच / थैली बनाने की कार्यशाला	बच्चों को जूट के कपड़े एवं उसके उपयोग की जानकारी देना था	20 बच्चे
54.	22.08.2023-26.08.2023	ओरिगामी क्राफ्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला	बच्चों को शिक्षा नीति के तहत गणितय ज्ञान की जानकारी देना था।	20 बच्चे
55.	25.08.2023-29.08.2023	जूट पर कढ़ाई करने की कार्यशाला	बच्चों को जूट के कपड़े पर ऊन की कढ़ाई के टाँके बनाना सिखाना था।	20 बच्चे
56.	26.08.2023-28.08.2023	सौर मंडल कार्यशाला	बच्चों को ग्रहों की विशेषताओं की जानकारी से अवगत कराना।	7 बच्चे
57.	2.08.2023	राष्ट्रीय बाल भवन का सदस्य हेरा स्कूल के बच्चों द्वारा दौरा	राष्ट्रीय बाल भवन की अनेकों गतिविधियों से अवगत कराना था।	100 बच्चे
58.	2.08.2023	राष्ट्रीय बाल भवन का सदस्य बाबू राम स्कूल के बच्चों द्वारा दौरा	राष्ट्रीय बाल भवन की अनेकों गतिविधियों से अवगत कराना था।	20 बच्चे
59.	12.09.2023-16.09.2023	मोज़ेक आर्ट कार्यशाला	बच्चों को मोज़ेक आर्ट के परिचय से अवगत कराना था।	20 बच्चे
60.	12.09.2023-14.09.2023	कपड़े से थैले बनाने की कार्यशाला	बच्चों को कपड़े से थैले बनाने का ज्ञान प्रदान करना था।	20 बच्चे
61.	15.09.2023-16.09.2023	साइबर सुरक्षा कार्निवाल कार्यशाला	बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था	10 बच्चे एवं 9 कर्मचारी

62.	16.09.2023-04.10.2023	हिंदी पखवाड़ा	कर्मचारियों द्वारा हिंदी को बढ़ावा देना देने हेतु जागरूक करना था।	लगभग 20 कर्मचारी प्रतिदिन
63.	13.09.2023-15.09.2023	तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला	बच्चों को राष्ट्रीय बाल भवन की गतिविधियों से अवगत कराना था।	200 बच्चे
64.	16.09.2023	भारत के शिक्षा मंत्री जी एवं अन्य गणमान्यों द्वारा राष्ट्रीय बाल भवन का दौरा	गणमान्य अतिथियों को राष्ट्रीय बाल भवन बच्चों की बगिया से अवगत करना था।	400 बच्चे, 50 अभिभावक एवं 100 कर्मचारी
65.	21.08.2023-23.08.2023	सितार एवं गिटार पर कार्यशाला	बच्चों को सितार, उत्पत्ति एवं रख-रखाव तथा "जयपुर सेनिया घराना" से अवगत कराना था।	20 बच्चे
66.	22.09.2023-23.09.2023	चन्द्रयान-3 की कार्यशाला	चन्द्रयान-3 की जानकारी देना था।	30 बच्चे
67.	26.09.2023-29.09.2023	डोर हैंगिंग बनाने की कार्यशाला	बच्चों को अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी वस्तु बनाना सिखाना था।	20 बच्चे
68.	26.09.2023	भारत मंडपम से जी-20 कनेक्शन	बच्चों को प्रधानमंत्री जी का भाषण सुनाना था।	50 बच्चे
69.	01.10.2023	स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम	बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित करना था।	135 बच्चे
70.	03.10.2023-31.10.2023	स्वच्छता विशेष अभियान 3.0 गतिविधि कार्यक्रम	बेकार की चीज़ों से उत्तम चीज़ बनाने की जानकारी देना था।	150 सहभागी
71.	04.10.2023	विश्व पशु दिवस कार्यशाला	बच्चों को पशुओं के प्रति जागरूक करना और पशु कल्याण के बारे में शिक्षित करना था।	21 बच्चे
72.	05.10.2023-28.10.2023	डिजिटल ग्राफिक डिज़ाईनिंक कार्यशाला	बच्चों को डिजिटल तकनीक से अवगत कराना था।	20 बच्चे
73.	05.10.2023-14.10.2023	तीन सदस्यत स्कूलों द्वारा राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता	राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराना था।	1090 बच्चे
74.	10.10.2023-12.10.2023	मिस्टर पोटली टॉय बनाने की कार्यशाला	अनुपयोगी सामान से खिलौने बनाना सिखाना था।	20 बच्चे
75.	11.10.2023-13.10.2023	तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला	ब्च्चों को राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराना था।	800 बच्चे
76.	12.10.2023-14.10.2023	नाट्कीय अनुभाग द्वारा कार्यशाला	मानव जीवन में लोककथाओं के महत्व और विशेषताओं की जानकारी प्रदान करना था।	300 बच्चे

77.	14.10.2023	सदस्य बच्चों द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र और राष्ट्रीय प्राणी उद्यान का अध्ययन दौरा	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विरासत तथा जानवरों के सामान्य आवास और खान-पान की आदतों की जानकारी देना था।	25 बच्चे
78.	18.10.2023-2010.2023	आदित्य एल-1 की कार्यशाला	आदित्य एल-1 की जानकारी देना	35 बच्चे
79.	26.10.2023-28.10.2023	पपेट बनाने की कार्यशाला	बेकार कपड़ों से पपेट बनाना सिखाना था।	20 बच्चे
80.	27.10.2023	संयुक्त सचिव द्वारा विभिन्न गतिविधियों का दौरा।	राष्ट्रीय बाल भवन की गतिविधियों से अवगत कराया गया।	70 कर्मचारी एवं 50 सदस्य बच्चे
81.	30.10.2023-05.11.2023	सतर्कता जागरूकता सप्ताह	सभी कर्मचारियों को सर्तक रहने की जानकारी प्रदान करना था।	20 बच्चे और 50 कर्मचारी
82.	31.10.2023	राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम	बच्चों एवं कर्मचारियों को एकजुट रहने के लिए प्रेरित करना था।	50 कर्मचारी
83.	02.11.2023	सिलाई-कढ़ाई अनुभाग द्वारा "शंकर इंटरनेशनल डॉल म्यूज़ियम" का शैक्षिक भ्रमण	बच्चों को देश-विदेश के पारंपरिक परिधानों और संस्कृति की जानकारी देना था।	30 बच्चे
84.	17.11.2023-19.11.2023	राष्ट्रीय बाल सभा एवं एकीकरण शिविर कार्यक्रम	बच्चों को अपने देश की समृद्ध संस्कृति की जानकारी देना था।	2000 बच्चे
85.	21.11.2023 23.11.2023	जुराब से गुड़िया बनाना	बच्चों को जुराब से गुड़िया बनाने की जानकारी देना था।	20 बच्चे
86.	22.11.2023 24.11.2023	तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला	बच्चों को राष्ट्रीय बाल भवन की गतिविधियों से अवगत कराना था।	393 बच्चे
87.	25.11.2023	संविधान दिवस कार्यक्रम	भारतीय संविधान में पारित मौलिक अधिकारों से अवगत कराना था।	70 सहभागी50 बच्चे
88.	30.11.2023	हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का ''पुरस्कार वितरण समारोह''	बच्चों एवं स्टाफ को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रेरित करना था।	50 कर्मचारी एवं 35 बच्चे
89.	30.11.2023	सदस्य स्कुल के बच्चों का दौरा	राष्ट्रीय बाल भवन की गतिविधियों से अवगत कराना था।	68 बच्चे
90.	21.11.2023-29.11.2023	कठपुतली कार्यशाला	विभिन्न प्रकार की कठपुतलियों की जानकारी देना था।	30 बच्चे एवं 5 अनुरक्षक
91.	02.12.2023	विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस कार्यक्रम	कम्प्यूटर की भूमिका, वायरस, साइबर सेफ्टी आदि की जानकारी देना था।	40 बच्चे
92.	06.12.2023-08.12.2023	झपताल एवं इसका बाज कार्यशाला	झपताल एवं इसके बाज से अवगत कराना था।	20 बच्चे

93.	5.12.2023–9.12.2023	फिट इंडिया वीक कार्यक्रम	अपने जीवन शैली को फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करना था।	30 कर्मचारी एवं 320 बच्चे
94.	06.12.2023–08.12.2023	ड्रीम कैचर बनाने की कार्यशाला	ऊन व एल्यूमीनियम रिंग से ड्रीम कैचर बनाने की जानकारी देना था।	20 बच्चे
95.	15.12.2023–17.12.2023	लोक संगीत कार्यशाला	विभिन्न प्रांतों के पारंपरिक लोक गीतों व तालों से अवगत कराना था।	30 बच्चे
96.	20.12.2023–22.12.2023	तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला	बच्चों को राष्ट्रीय बाल भवन की गतिविधियों से अवगत कराना था।	880 बच्चे
97.	21.12.2023	हिंदी कार्यशाला	प्रशासनिक कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की जानकारी देना था।	15 कर्मचारी
98.	22.12.2023	राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक	प्रशासनिक उपयोगिता, कार्यालयी हिंदी के स्वरूप आदि की जनकारी देना था।	15 कर्मचारी
99.	21.12.2023–26.12.2023	वीर बाल दिवस कार्यक्रम	साहिबज़ादों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु।	250 बच्चे
100.	27.12.2023–28.12.2023	तारामंडल कार्यशाला	10 तारामंडलों की जानकारी देना।	15 बच्चे
101.	3.01.2024	आमोद दिवस	सहभागियों को अनेकता में एकता का ज्ञान अर्जित कराना था।	300 सहभागी
102.	13.01.2024	लोहड़ी, मकर संक्रांति एवं पोंगल कार्यक्रम	बच्चों को भारतय संस्कृति से अवगत कराना एवं भाई चारे की भावना का संचार करना।	300 सहभागी
103.	4.01.2024–7.01.2024	सादा फ्रॉक बनाने की कार्यशाला	सादा फ्रॉक बनाना सिखाना था।	10 बच्चे
104.	17.01.2024–19.01.2024	तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला	राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराना था।	823 बच्चे
105.	20.01.2024–21.01.2024	तारामंडल की कार्यशाला	सूर्य ग्रहण एवं चन्द्र ग्रहण की जानकारी देना था।	12 बच्चे
106.	20.01.2024	सदस्य विद्यालय जी.डी. गोएंका के लिए सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन	बच्चों को सृजनात्मक गतिविधियों की जानकारी देना था।	27 बच्चे
107.	21.01.2024	महा मानव की महान रचना नाट्कीय रूपांतरण	डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने अपने सर्वोच्च बलिदानों से लोगों को अधिकार दिलाए बताना था।	200 बच्चे

108.	23.01.2024–25.01.2024	29वाँ राष्ट्रीय युवा पर्यावरणविद सम्मेलन	प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के तरीकों से अवगत कराना था।	
109.	25.01.2024	14वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम	वोट डालने के लिए प्रेरित करना था।	50 सहभागी
110.	29.0102024	परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सहभागिता	देशभक्ति गीतों द्वारा देशभक्ति की ओर प्रेरित करना था।	42 सदस्य बच्चे एवं कर्मचारी
111.	14.02.2024	स्वच्छता प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यक्रम	स्वच्छता के महत्व को उजागर करना।	
112.	14.02.2024	बसंत पंचमी	बसंतोत्सव के पावन अवसर पर माँ सरस्वती की आराधना करना।	लगभग 200 प्रतिभागी
113.	7.02.2024–9.02.2024	तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला	सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के बच्चों को राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराना था।	1050 बच्चे
114.	7.02.2024–9.02.2024	संग्रहालय अनुभाग द्वारा "हमारा स्वास्थ्य-हमारा अभिमान" की कार्यशाला	बच्चों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं में अपने स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करना।	30 बच्चे प्रतिदिन
115.	7.02.2024–10.02.2024	सिलाई अनुभाग द्वारा "सादा प्लाज़ो" बनाने की कार्यशाला	सादा प्लाज़ो की ड्राफ्टिंग एवं सिलना सिखाना।	10 बच्चे प्रतिदिन
116.	21.02.2024–23.02.2024	तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला	सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के बच्चों को राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराना था।	300 बच्चे
117.	28.02.2024	राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम	प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूक करना।	36 कर्मचारी एवं 30 बच्चे
118.	21.03.2024	हिंदी कार्यशाला	राजभाषा हिंदी का शुद्ध रूप में प्रयोग करना	01 अधिकारी एवं लगभग 24 कर्मचारी
119.	22.03.2024	राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक	प्रशासनिक हिंदी की उपयोगिता, कार्यालयी हिंदी का स्वरूप आदि पर चर्चा करना।	10 कर्मचारी
120.	22.02.2024	होली महोत्सव कार्यक्रम	पारंपरिक त्यौहारों के महत्व को समझाना।	लगभग 300 सहभागी

विशेष उपलब्धियाँ

- दिनाँक 11 से 15 अप्रैल, 2023 एवं 25 से 29 अप्रैल, 2023 तक भारतवर्ष से आए वायु सेना विद्यालयों के 400 बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल भवन में विभिन्न प्रकार की सृजनात्मक व अद्‌भुत गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- दिनांक 2 जून 2023 को 35 सदस्य बच्चों के लिए मौसम भवन का एक शैक्षिक दौरे का आयोजन किया गया जिसका उद्‌देश्य प्रौद्योगिकियों के प्रति बच्चों के ज्ञान को बढ़ाना और अब तक विकसित हो रही कंप्यूटर पीढ़ियों के बारे में जागरूक करना था।
- राष्ट्रीय बाल भवन ने पुणे में जी-20 कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा नई शिक्षा नीति विषय पर बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई । प्रदर्शनी में राष्ट्रीय बाल भवन के विभिन्न अनुभागों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया जिसके माध्यम से बताया गया कि राष्ट्रीय बाल भवन में बच्चे खेल-खेल में कला के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करते हैं।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा गुजरात राज्य के गाँधी नगर में प्रसिद्ध महात्मा मंदिर में आयोजित **जी-20 कार्यक्रम के प्रतिष्ठित समापन समारोह** में राष्ट्रीय बाल भवन के भरतनाट्‌यम और कंठ संगीत अनुभाग के सदस्य बच्चों ने दिनाँक 3 अगस्त, 2023 को **विषय : 'महिला सशक्तिकरण'** पर सांस्कृतिक प्रस्तुती दी। बच्चों ने नृत्य द्वारा सशक्तिकरण का प्रदर्शन किया जो लोगों को एकजुट रहने के लिए प्रेरित करता है जिसकी सराहना समारोह में उपस्थित सभी जन द्वारा दी गई।
- "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के अवसर पर दिनाँक 3 अगस्त, 2023 को **"अंगदान महोत्सव"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली और कल्याण को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करना था।
- "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत दिनाँक 9 से 30 अगस्त, 2023 को **"मेरी माटी मेरा देश अभियान"** कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले "वीरों" को श्रद्धांजलि देना था।
- दिनाँक 16 से 19 एवं 22 अगस्त, 2023 को कुचीपुड़ी नृत्य विशेषज्ञ द्वारा कूचिपूड़ी नृत्य की पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय बाल भवन में किया गया जिसमें बच्चों को कूचिपूड़ी नृत्यांगना सुश्री आयना मुखर्जी द्वारा कुचिपुड़ी नृत्य से अवगत कराया गया।
- दिनाँक 17 से 19 अगस्त, 2023 को संग्रहालय कनिष्ठ कलाकार ने सदस्य बच्चों के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक यात्रा गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संग्रहालय कनिष्ठ कलाकार ने बच्चों को तीन संग्रहालय - राष्ट्रीय समर स्मारक संग्रहालय, राष्ट्रीय गाँधी संग्रहालय, राष्ट्रीय हस्तशिल्प और हथकरघा संग्रहालय की यात्रा कराई। शैक्षणिक यात्रा कराने का उद्देश्य :- युवा मन में देशभक्ति, कड़ी मेहनत की भावना पैदा करना और उन्हें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व महसूस करने के लिए प्रेरित करना तथा उनके मन में ज्ञान प्रदान कराना था।

- दिनाँक 16 सितम्बर, 2023 को **श्री धर्मेंद्र प्रधान जी** – भारत के शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री, **श्री संजय कुमार** – सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, **श्री विपिन कुमार** – राष्ट्रीय बाल भवन के अध्यक्ष, अपर सचिव, शिक्षा मंत्रालय, डॉ. अमरप्रीत दुग्गल – संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार, प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी – निदेशक, एनसीईआरटी तथा शिक्षा मंत्रालय एवं एनसीईआरटी से अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय बाल भवन का दौरा।
- दिनाँक 26, सितम्बर, 2023 को भारत मंडपम से जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट आयोजन जिसमें प्रधानमंत्री-श्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों को दिखाया गया।
- शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2023 कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बाल भवन में स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए दिनाँक 1 अक्टूबर, 2023 (रविवार) को एक **स्वच्छता अभियान** के अंतर्गत लोक नायक उद्यान, बाल्मीकि बस्ती, फिरोज़ शाह कोटला, विक्रम नगर, नई दिल्ली-02 में **श्रम-दान** कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छता विशेष अभियान 3.0 – तत्संबंधी कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 3 से 31 अक्टूबर, 2023 तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत गतिविधि रोस्टरानुसार स्थाई, अस्थाई बेकार सामग्री, पुरानी फाईलों को निरस्त किया गया। राष्ट्रीय बाल भवन में बच्चे नियमित रूप से बड़े पैमाने पर अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग करके सुंदर कलाकृतियाँ एवं उपयोगी वस्तुएँ तैयार करते हैं। "बेकार की चीजों से उत्तम चीज बनाना" विशेष अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में इन वस्तुओं की एक झलक "एक विशेष प्रदर्शनी" के रूप में दिनाँक 18 से 20 अक्टूबर, 2023 तक प्रदर्शित की गई।
- दिनाँक 14 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के विज्ञान विभाग के सदस्य बच्चों ने राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र और राष्ट्रीय प्राणी उद्यान का अध्ययन दौरा किया। राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र में जल, जीवन का अमृत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विरासत, मानव जीव विज्ञान, प्रागैतिहासिक जीवन, मनोरंजन विज्ञान, परमाणु ऊर्जा का हॉल और सरदार पटेल गैलरी आदि शामिल थीं। राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की यात्रा के दौरान, सदस्य बच्चों ने पक्षियों, स्तनधारियों और सरीसृपों की विभिन्न विदेशी और लुप्तप्राय प्रजातियों को देखा। जानवरों के सामान्य आवास और खान-पान की आदतों के बारे में जाना।
- दिनाँक 27 अक्टूबर, 2023 को श्री आनन्दराव विष्णु पाटिल, संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों का दौरा किया।
- दिनाँक 2 नवम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई-कढ़ाई अनुभाग द्वारा बच्चों को **शंकर इंटरनेशनल डॉल म्यूज़ियम** का दौरा कराया गया। बच्चों ने अनेक देशों जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपिंस, न्यूजीलैंड, जापान, कोरिया, पाकिस्तान, अफ्रीका एवं अनेकों देशों के साथ-साथ भारत के प्रत्येक राज्य की वेशभूषा से सुशोभित गुड़ियाओं का संग्रह देखा, जिन्हें देखकर बच्चों ने देश-विदेश के पारंपरिक परिधानों और संस्कृति के बारे में जाना।
- भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के आदेशानुसार दिनाँक 5 से 9 दिसम्बर, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में **"फिट इंडिया वीक"** कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों एवं स्टॉफ के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के आदेशानुसार दिनाँक 21 से 26 दिसम्बर, 2023 तक सिखों के दसवें गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में

"वीर बाल दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में दिनाँक 25 जनवरी, 2024 को "वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम" के विषय पर 14वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- दिनाँक 29 जनवरी, 2024 को "भारत मण्डपम" प्रगति मैदान में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक रोमांचित संस्करण – परीक्षा पे चर्चा 2024 में माननीय प्रधानमंत्री- श्री नरेंद्र मोदी जी ने छात्रों के साथ परीक्षा से सम्बंधित बातचीत की। राष्ट्रीय बाल भवन के प्रदर्शन कला अनुभाग के सदस्य बच्चों ने इस कार्यक्रम में देशभक्ति पर आधारित गीतमाला व नृत्य का प्रस्तुतीकरण कर सभी का मन मोह लिया एवं श्रीमती नेहा वत्स खंकरियाल ने समूह गान भी करवाया।
- राष्ट्रीय बाल भवन में स्वच्छता के महत्व को उजागर करने के लिए एक प्रदर्शनी स्थापित की गई जिसका उद्घाटन 14 फरवरी, 2024 को माननीय अतिथि श्री विपिन कुमार-अपर सचिव, शिक्षा मंत्रालय व अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल भवन के कर कमलों द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी का मूल उद्देश्य सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।

स्टॉफ सदस्यों के लिए कार्यक्रम

- राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 29 जून, 2023 को गूगल मीट द्वारा "प्रशासनिक कामकाज की मानक शब्दावली" विषय पर "हिंदी कार्यशाला" का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य-कार्यालयी कार्यो में अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना था। इस बैठक में लगभग 20 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के तहत दिनाँक 3 अगस्त, 2023 को **"अंगदान महोत्सव"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत लगभग 77 कर्मचारियों ने **"अंगदान"** प्रतिज्ञा ली।
- "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के अवसर पर दिनाँक 9 से 30 अगस्त, 2023 को **"मेरी माटी मेरा देश अभियान"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत कर्मचारियों ने अपने देश की मिट्टी हाथ में लेकर **"पंच प्रण"** प्रतिज्ञा ग्रहण की।
- दिनाँक 16 सितम्बर से 4 अक्तूबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य - हिंदी को बढ़ावा देना था ताकि समस्त कर्मचारी अपना समस्त कार्यालयी कार्य हिंदी में कर सकें। इस संदर्भ में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं - नोटिंग-ड्राफ्टिंग, सामान्य ज्ञान, स्वरचित काव्य रचना, निबंध लेखन, हिंदी टंकण, आशुलेखन तथा श्रुतलेखन, हिंदी कार्यशाला आदि आयोजित की गई।
- राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 30 अक्तूबर से 5 नवम्बर, 2023 तक सर्तकता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गय जिसमें सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ग्रहण की तथा उपनिदेशक-प्रशासन ने सभी कर्मचारियों को अपने कार्य निष्पादन हेतु एवं अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहने हेतु प्रोत्साहित किया।
- दिनाँक 31 अक्टूबर, 2023 को स्टाफ कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की ग्रहण की। तत्पश्चात् एकता दौड़ का आयोजन किया जिसमें सभी कर्मचारियों व सदस्य बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
- राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में दिनाँक 25 नवम्बर, 2023 को सभी कर्मचारियों के लिए संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के आदेशानुसार दिनाँक 5 से 9 दिसम्बर, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में "फिट इंडिया वीक" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कर्मचारियों के लिए एक सप्ताह हेतु विभिन्न व्यापक खेल, फिटनेस, ध्यान एवं योगाभ्यास गतिविधियाँ आयोजित की गई।
- दिनाँक 21 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन में कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला "गूगल मीट" के माध्यम से आयोजित की गई।
- दिनाँक 22 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक "गूगल मीट" के माध्यम द्वारा आयोजित की गई। इस राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में प्रशासनिक हिंदी की उपयोगिता, कार्यालयी हिंदी का स्वरूप आदि पर चर्चा की गई।
- नए साल के आगमन परं राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में 3 जनवरी, 2024 को "आमोद दिवस" कार्यक्रम का आयोजन बहुत धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

- दिनाँक 21 मार्च, 2024 को राष्ट्रीय बाल भवन में कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला "गूगल मीट" के माध्यम से आयोजित की गई। कार्यशाला का नेतृत्व डॉ. श्याम सुंदर कथूरिया (बाहरी विशेषज्ञ) द्वारा किया गया।
- दिनाँक 22 मार्च, 2024 को राष्ट्रीय बाल भवन में अधिकारियों के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक "गूगल मीट" के माध्यम से आयोजित की गई।

विस्तृत रिपोर्ट

वायु सेना विद्यालयों के 400 बच्चों हेतु विभिन्न प्रकार की कार्यशालाएँ

दिनाँक 11 से 15 अप्रैल, 2023 एवं 25 से 29 अप्रैल, 2023 तक दो समूहो में पूरे भारतवर्ष से आए वायु सेना विद्यालयों के 400 बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल भवन में विभिन्न प्रकार की सृजनात्मक व अद्‌भुत गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका बच्चों ने भरपूर लाभ उठाया, जिसमें से प्रमुख है - हस्तकला, पेपर मैशी, मिले-जुले क्रियाकलाप, चित्रकला, सिलाई, शारीरिक-शिक्षा, लोक-नृत्य, लोक-संगीत, कंठ-संगीत, वायु सेना गैलरी, ड्रोन तकनीक, संग्रहालय, रेडियों एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, पर्यावरण आदि। इन सभी गतिविधियों में पूरे भारतवर्ष से आए वायु सेना विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और बहुत कुछ सीखा। सभी प्रतिभागी बच्चों एवं शिक्षकों ने रेलगाड़ी की सवारी का भी आनन्द लिया।

समापन समारोह

प्रथम समूह का समापन समारोह दिनांक 15.04.2023 को तथा द्वितीय समूह का समापन समारोह दिनांक 29.04.2023 को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एअर वाईस मार्शल - श्री राजीव शर्मा (सहायक चीफ ऑफ एअर स्टाफ, भारतीय वायु सेना), एअर वाईस मार्शल श्री पी एस करकरे, श्रीमती मुक्ता अग्रवाल, (निदेशक, रा.बा.भ.), श्री मुकेश गुप्ता, उपनिदेशक (प्रशासन-रा.बा.भ) उपस्थित थे। कार्यशालाओं के दौरान बच्चों द्वारा किए कार्यो की संग्रहालय द्वारा समापन समारोह में प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्‌घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया एवं उसकी सभी ने प्रशंसा की। समारोह की शुरूआत मेखला झा सभागार में वायु सेना विद्यालयों के बच्चों के समूह गान द्वारा की गई जिसके पश्चात् कार्यशालाओं के दौरान सीखी गई विधाओं जैसे बाल गीत, लोक गीत एवं लोक नृत्य आदि की भी मंच पर प्रस्तुति दी गई। सभी अतिथियों द्वारा बच्चों के कार्यक्रम की अत्यंत सराहना की गई और उन्हें प्रोत्साहित किया।

पृथ्वी दिवस कार्यक्रम

दिनाँक 21 अप्रैल, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के मेखला झा सभागार में पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय 'हमारे ग्रह में निवेश' था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रतन के. दत्ता

(निदेशक, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग) थे। मुख्य अतिथि ने बच्चों से विषय से संबधित चर्चा की और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस विषय पर बच्चों को एक लघु फिल्म दिखाई गई तथा बच्चों ने इस विषय पर अपने विचार, कविता और गीत के रूप में प्रस्तुत किए।

सिलाई कार्यशाला

दिनाँक 25 से 27 अप्रैल, 2023 तक बच्चों के लिए सिलाई कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को "कपड़े से फूल व फूलदान", बेकार के सामान से "फैब्रिक फ्लॉवर पॉट" बनाने की तकनीक सिखाना था। जिसमें लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया।

रविन्द्र जयंती कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन के मेखला झा सभागार में रविन्द्र जयंती के अवसर पर दिनाँक 9 मई, 2023 को गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर की रचनाओं पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें वाद्ययंत्र अनुभाग के बच्चों द्वारा 'एकला चलो' गीत का प्रदर्शन, कंठ संगीत अनुभाग के बच्चों द्वारा 'पगली हवा' गीत की प्रस्तुती, भरतनाट्यम अनुभाग के बच्चों द्वारा 'मेरे चित में' गीत पर आधारित नृत्य तथा नाट्यकला अनुभाग के बच्चों द्वारा 'छुट्टी' कहानी पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी गई।

कम्प्यूटर जागरूकता कार्यक्रम

कम्प्यूटर अनुभाग द्वारा दिनाँक 18 से 19 मई, 2023 तक "कम्प्यूटर जागरूकता" कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों के लिए निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गई :-

1. कम्प्यूटर मल्टीमिडिया, ऑडियो और वीडियो द्वारा साइबर सुरक्षा।
2. कम्प्यूटर, एंड्रॉइड मोबाइल आदि का उपयोग करके इंटरनेट का वर्तमान परिदृश्य।
3. ऑनलाइन एटीएम धोखाधड़ी, साइबरबुलिंग, एनीमेशन और डीएनए की मल्टीमीडिया प्रस्तुति।
4. ऑनलाइन शॉपिंग-फायदे और नुकसान नामक वाद-विवाद कार्यक्रम।

इस अवसर पर बच्चों को 'इंटरनेट का बवाल' एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम में लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया।

"बेसिक टाँके एवं तुरपाई" पर कार्यशाला

दिनाँक 23 से 25 मई, 2023 तक "बेसिक टाँके एवं तुरपाई" पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें बच्चों को बेसिक टाँकें लगाना एवं तुरपाई करना सिखाया गया। इस कार्यशाला में बच्चों ने पूर्ण रूचि के साथ भाग लिया।

“जानवरों का प्रागैतिहासिक जीवन” पर कार्यशाला

पर्यावरण अनुभाग द्वारा दिनाँक 24 से 25 मई, 2023 तक 'जानवरों का प्रागैतिहासिक जीवन' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को जानवरों के प्रागैतिहासिक जीवन से अवगत करना था। जिसमें बच्चों को जानवरों के रहन-सहन और खान-पान के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों के लिए पशु चित्रकारी गतिविधि और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में जानवरों के विशेषज्ञ-डॉ. शाहकूल खान आमंत्रित किए गए। इस कार्यशाला में लगभग 26 बच्चों ने भाग लिया।

“इलैक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं घरेलू वायरिंग” पर कार्यशाला

दिनाँक 25 से 27 मई, 2023 तक “इलैक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं घरेलू वायरिंग” पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य तार प्रणाली की बेहतर समझ के लिए नवीन तरीके से घरेलू वायरिंग करना था। इस कार्यशाला में लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला में बच्चों को आवश्यक सावधानियां बरतने और बिजली के संभावित खतरों के बारे में और बिजली के उपकरणों को संभालने का निर्देश दिया गया तथा विभिन्न घटकों और उनके कार्य, कार्यशाला अवधि के दौरान उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की पहचानने के बारे में बताया गया। सहभागियों ने बिजली की बुनियादी जानकारी को समझा एवं उन्होंने एक स्विच, सीरीज कनेक्शन, समानांतर कनेक्शन के साथ एक बल्ब को जोड़ा। सीढ़ी-केस वायरिंग और एक्सटेंशन बोर्ड के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

“रंग-बिरंगे धागों की दुनिया” पर कार्यशाला

सिलाई अनुभाग द्वारा दिनाँक 26 मई, 2023 से 2 जून, 2023 तक “रंग-बिरंगे धागों की दुनिया” पर छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को रंग-बिरंगी कढ़ाई के धागों से अनेकों प्रकार की कढ़ाई के टाँके जैसे - असमानांतर/समानांतर कच्चा, बैक स्टिच, डंडी टाँका, चेन टाँका, डबल चेन टाँका, लेजी-डेजी टाँका, थरेड मार्का टाँका, फिशबोन टाँका, हैरिंग बोन, ऐरोहैड टाँका, ब्लैंक्टि टाँका, डिजाइनर ब्लैंक्टि स्टिच, क्रॉस टाँका, फैदर टाँका, फैन्सी बार्डर, नेस्ट टाँका, ब्रिक टाँका, बुल्यिन टाँका, बटन होल टाँका आदि की जानकारी बच्चों को दी गई। इस कार्यशाला में बच्चों ने पूर्ण रूचि के साथ भाग लिया। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

“जल एक अनमोल रत्न” पर एक कार्यशाला

संग्रहालय अनुभाग द्वारा बच्चों के लिए “जल एक अनमोल रत्न” आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को पानी की महत्ता और उसके प्राकृतिक परिवेश के बारे में जागरूक करना था। कार्याशाला के दौरान पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जल चक्र, भोजन संध्या, प्रकाश संश्लेषण पर चर्चा की गई कि जल क्यों आवश्यक है? पृथ्वी पर कितना पानी उपलब्ध है? हमारे शरीर में कितना पानी उपलब्ध है? हमारे शरीर को कितने पानी की आवश्यकता है? विभिन्न महासागर,

जल निकाय, पानी का उपयोग, जल में रहने वाले जंतुओं के प्रकार, जल पर उनकी अन्योन्याश्रयता, पानी को बचाने और हमारी पृथ्वी को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए किए जाने वाले उपाय आदि के बारे में समझाया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के लिए राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र ले जाया गया, जहां उन्होंने सीखा कि वर्षा जल का संरक्षण कैसे करें।

ग्रीष्मोत्सव समारोह कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन के परिसर में पूरे जोश और उत्साह के साथ दिनांक 23 मई से 21 जून 2023 तक ग्रीष्मकालीन सत्र का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए प्रत्येक शनिवार खुले रंगमंच में बाल सभा का आयोजन किया गया। ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान बच्चों ने कई नई तथा सृजनात्मक गतिविधियाँ सीखी। 21 मई 2023 को ग्रीष्मकालीन

सत्र के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पद्मभूषण पण्डित साजन मिश्र उपस्थित थे। राष्ट्रीय बाल भवन के अध्यक्ष महोदय श्री विपिन कुमार, निदेशक श्रीमती मुक्ता अग्रवाल, उपनिदेशक (प्रशासन)-श्री मुकेश गुप्ता तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष संग्रहालय द्वारा एक प्रदर्शनी के माध्यम से राष्ट्रीय बाल भवन की गतिविधियों की झलकियाँ प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत वाद्यवृन्द, राग मियां मल्हार (गीत), राजस्थानी लोक नृत्य (चरी), पंजाबी लोक गीत तथा वंदे मातरम् (भरतनाट्यम) की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस सभा में लगभग 3000 बच्चों ने भाग लिया। ग्रीष्मोत्सव के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न नवीन कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया जैसे कहानी सुनना-सुनाना, कैलीग्राफी कार्यशाला आदि।

बच्चों में अन्य विषयों में रूचि जगाने के लिए टाई एंड डाई कला, पेपर मैशी, मिट्टी के बरतन तथा मधुबनी कला, बाँस कला आदि सिखाए गए। ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान बच्चों के लिए जलपान एवं कैट्स एम्बूलैसं की व्यवस्था कराई गई।

ग्रीष्मोत्सव के दौरान बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन में चल रहीं 40 गतिविधियाँ जैसे - विज्ञान गतिविधियाँ, शिल्प एवं कला, चित्रकला, हस्तकला, बुनाई, सिलाई-कढ़ाई, काष्ठ कला, मिट्टी का काम, जिल्दसाजी, टाई एण्ड डाई, भौतिक एवं प्राकृतिक विज्ञान (क्यों और कैसे क्लब), आविष्कारक क्लब, रेडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्लब, एॅअरो मॉडलिंग, कम्प्यूटर, पर्यावरण, खगोल विज्ञान, मछलीघर, जीव एवं विज्ञान पार्क से संबंधित गतिविधियों इत्यादि में भाग लिया।

विशेष गतिविधि

5 से 8 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'लिटिल वंस' गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य छोटे बच्चों में दृढ़ता, अवलोकन और ध्यान केंद्रित करने के कौशल को विकसित करना था। इन गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मकता और कल्पना शक्ति विकसित होती है और उनमें आत्मविश्वास बनता है। इस गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को नैतिक मूल्यों पर आधारित विभिन्न कहानियाँ सुनाई गई और उनके पात्रों को चित्रित करना सिखाया गया। यह कहानियाँ हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सुनाई गई। छोटे बच्चों के लिए हाथ से छाप कर पेंटिंग करने की गतिविधि भी आयोजित की गई। **'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'** के अवसर पर योग ध्यान सत्र चलाया गया और योग मुद्राओं का चित्रण करना सिखाया गया।

बच्चों को दिल्ली के विभिन्न स्मारकों के स्केच बनाना और पेंट करना सिखाया गया जैसे जंतर मंतर, लाल किला, लोटस टेंपल, इंडिया गेट आदि। बाल भवन के मेखला झा सभागार में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए दिनांक 26 मई को एक एनिमेटेड फिल्म 'द क्रूड्स – ए न्यू एज' तथा दिनांक 2 जून को 'स्पिरिट अन्टेम्ड' दिखाई गई।

कठपुतली गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को अनेक जानवरों की उंगली कठपुतली बनाना सिखाया गया। दिनांक 9 जून को 'महासागर दिवस' के अवसर पर एक एनिमेटेड फिल्म 'द सी बीस्ट' दिखाई गई। बच्चों को लैंडस्केप कला गतिविधि भी कराई गई। टेबल मैट, ग्रीटिंग कार्ड बनाने के लिए 'ड्रिप तकनीक' सिखाई गई। मुखौटे बनाने की गतिविधि में बच्चों ने जिराफ, हाथी, बंदर, खरगोश, दरियाई घोड़ा आदि जैसे जंगली जानवरों के चेहरे बनाने सीखे। पक्षी और ऑक्टोपस बनाने के लिए कागज शिल्प गतिविधि कराई गई। थ्रेड आर्ट तकनीक द्वारा कार्ड बनाने की गतिविधि और पक्षियों और जानवरों की पेंटिंग बनाना सिखाया गया। बच्चों को कोलाज आर्ट के माध्यम से विभिन्न प्रकार के ऑटोमोबाइल जैसे कार, स्कूटर, हेलीकॉप्टर, हवाई जहाज, बस, ट्रक, पनडुब्बी आदि बनाने सिखाए गए। कुछ विशेष गतिविधियाँ जैसे दंत कथाएं और रंग, अंगूठे से पेंटिंग, पेपर एलिवेशन पेंटिंग आदि भी कराए गए।

ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा

दिनांक 27 मई 2023 को प्रथम शनिवार के दिन, राष्ट्रीय बाल भवन के खुले रंगमंच में 'ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा' का आयोजन किया गया जिसमें सदस्य बच्चों ने समूह गान तथा तबला वादन का प्रस्तुतीकरण किया।

कार्टून और पेंटिंग चित्रण विशेषज्ञ श्री उदय शंकर जी द्वारा एक मनमोहक कार्टून बनाने का रोचक प्रदर्शन भी किया गया। इसके साथ ही कहानी विशेषज्ञ श्रीमती उषा छाबड़ा द्वारा बच्चों को रोचक कहानियाँ सुनाई गई जिसका बच्चों ने बहुत आनंद उठाया। इस बाल सभा में लगभग 2500 बच्चों ने भाग लिया।

मौसम भवन का बच्चों द्वारा भ्रमण

दिनांक 2 जून 2023 को संगणक अनुभाग द्वारा सदस्य बच्चों के लिए मौसम भवन की एक अध्ययन यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकियों के प्रति बच्चों के ज्ञान को बढ़ाना और अब तक विकसित हो रही कंप्यूटर पीढ़ियों के बारे में जागरूक करना था। इस ज्ञानवर्धक दौरे में बच्चों ने मिनी सुपर कंप्यूटर और उपग्रह, रडार, थर्मोग्राफी, आरपीसी की मैटेलिक स्ट्रिप इत्यादि विभिन्न प्रकार के उपकरणों के उपयोग आदि को देखा। बच्चों ने जाना कि यह उपकरण कैसे काम करते हैं,आद्रता और तापमान मैप क्या है, मौसम की भविष्यवाणी कैसे काम करती है, कितने प्रकार के उपग्रह हैं और हर घंटे में प्रत्येक उपग्रह से चार तस्वीरें कैसे प्राप्त कर सकते हैं इत्यादि। बच्चों को हवा की गति मापने की जानकारी दी गई तथा रडार कैसे कार्य करता है यह भी बच्चों को समझाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 35 बच्चों एवं तीन अनुरक्षकों ने भाग लिया।

ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा

दिनांक 3 जून 2023 राष्ट्रीय बाल भवन परिसर में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के रूप में मनाया गया। इस बाल सभा के अंतर्गत पर्यावरण अनुभाग के सदस्य बच्चों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया। प्रदर्शन कला अनुभाग के सदस्य बच्चों ने पर्यावरण से संबंधित एक मधुर गीत तथा एक नाटक का प्रदर्शन किया। मणिपुरी नृत्य की एक विशेष टीम ने मनमोहक मणिपुरी नृत्य का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 2500 बच्चों ने भाग लिया।

पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बाल भवन के पर्यावरण अनुभाग द्वारा बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनके माध्यम से प्लास्टिक की थैलियों को अखबार की थैलियों से बदलने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन गतिविधियों के माध्यम से पृथ्वी के संसाधनों को संरक्षित करने के उपायों तथा पर्यावरण में हो रहे परिवर्तनों के प्रभावों के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया गया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के बारे में सीखा। इस अवसर पर सहभागियों ने वृक्षारोपण भी किया।

ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा कार्यक्रम

तृतीय शनिवार 10 जून 2023 को ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा कार्यक्रम का आरंभ समूह गान के साथ हुआ जिसके बाद प्रदर्शन कला अनुभाग के सदस्य बच्चों ने राजस्थान के लोक नृत्य तथा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुतियां दी। तत्पश्चात एक विशेष सांगीतिक

बैंड के द्वारा बच्चों के लिए उत्साहवर्धक और देशभक्ति के प्रेरक गीतों की प्रस्तुति एक कंसर्ट के रूप में दी गई। इन गीतों को सभागार में उपस्थित सभी बच्चों ने पूरे जोश के साथ गाया और खूब आनंद उठाया।

कपड़े के बुकमार्क बनाने की कार्यशाला

दिनांक 6 से 9 जून तक 'कपड़े के बुकमार्क' बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों ने फेल्ट कपड़े व आइसक्रीम स्टिक का इस्तेमाल करके अलग-अलग डिज़ाइन के बुकमार्क बनाने सीखे। इस कार्यशाला में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया।

हमारे संग्रहालय हमारी विरासत पर कार्यशाला

दिनांक 6 से 10 जून तक 'हमारे संग्रहालय हमारी विरासत' पर एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को संग्रहालय के महत्व के बारे में जागरूक करना था। बच्चों को विभिन्न प्रकार के संग्रहालयों के विषय में अवगत कराने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और इसे भावी पीढ़ियों तक स्थानांतरित करने में संग्रहालय के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'जल एक अनमोल रत्न' कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों को पानी के अमूल्य होने और उसके प्राकृतिक परिवेश के बारे में जागरूक करना था। कार्यशाला के दौरान पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के द्वारा जल चक्र, भोजन चक्र, प्रकाश संश्लेषण, पृथ्वी पर और हमारे शरीर मे कितना जल उपलब्ध है, जल निकाय, पानी में रहने वाले जानवरों के प्रकार आदि के विषय में बताया गया। कार्यशाला के दौरान बच्चों को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र में शैक्षिक भ्रमण के लिए ले जाया गया, जहाँ उन्होंने सीखा कि वर्षा जल संरक्षण कैसे किया जाता है। साथ ही बच्चों को राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, राष्ट्रीय हस्तशिल्प और हथकरघा संग्रहालय तथा अंतर्राष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय का भी दौरा कराया गया व इनसे संबंधित मनोरंजक गतिविधियाँ कराई गई। कार्यशाला के दौरान बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

पॉट पेंटिंग पर कार्यशाला

दिनांक 7 से 9 जून 2023 तक 'पॉट पेंटिंग' की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 18 बच्चों ने भाग लिया।

ऑयल पेस्टल पेंटिंग पर कार्यशाला

दिनांक 7 से 9 जून 2023 तक ऑयल पेस्टल पेंटिंग की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 15 बच्चों ने भाग लिया।

रेडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक पर कार्यशाला

दिनांक 8 से 10 जून 2023 तक रेडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 108 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में बच्चों को आवश्यक सावधानी बरतने के बारे में बताया गया तथा घरेलू वायरिंग परियोजनाओं के चरण सिखाए गए जैसे:- सुरक्षा सावधानी सीखना, विद्युत पारेषण एवं वितरण घटकों, उपकरणों और सामान्य प्रतीकों की पहचान करना, एक लैंप को स्विच से जोड़ना, श्रृंखला एवं समानांतर कनेक्शन, सीढ़ी केस वायरिंग, एक्सटेंशन बोर्ड आदि। विभिन्न प्रकार की बिजली और कंप्यूटर के ब्लॉक आरेख के साथ कंप्यूटर के बारे में समझाया गया। डिजिटल सिद्धांतों और अनुप्रयोग कंप्यूटर सिस्टम आर्किटेक्चर पर आधारित कंप्यूटर सिस्टम की आंतरिक कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई। मदरबोर्ड और उसके विभिन्न घटक जैसे सीपीयू, विभिन्न मेमोरी जैसे रैम और रोम, बुनियादी इनपुट और आउटपुट सिस्टम, मदरबोर्ड, रैम, हार्ड डिस्क ड्रॉइव, डीवीडी रोम ड्राइव पर बिजली आपूर्ति, माइक्रोप्रोसेसर की स्थापना और डाटा केबल एवं अन्य कनेक्टरर्स को कनेक्ट करना सिखाया गया।

पर्यावरण एवं मछली घर पर कार्यशाला

दिनाँक 13 से 14 जून, 2023 तक पर्यावरण अनुभाग द्वारा बच्चों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला "जीवित छोटे जानवर, पक्षी और मछलियों" पर आधारित थी। कार्यशाला का उद्देश्य छोटे जानवरों, कीड़ों और मछलियों की जीवन शैली के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला के मुख्य अतिथि श्री राजीव कुमार (मछलियों के विशेषज्ञ) को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। इस दौरान बच्चों को रेखाचित्र बनाना और उनमें रंग भरना सिखाया गया। बच्चों को विभिन्न जानवरों की आवाज़ तथा "एक्वेरियम में मछलियाँ अधिक समय तक कैसे जीवित रहती हैं" पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में जीवित जानवरों, पक्षियों और मछलियों पर प्रस्तुति दी गई। बच्चों के लिए एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 35 बच्चों ने भाग लिया।

"ड्राई पेस्टल पेंटिंग" पर कार्यशाला

दिनाँक 13 से 16 जून, 2023 तक चित्रकला अनुभाग द्वारा "ड्राई पेस्टल पेंटिंग" की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की परिकल्पना को कागज पर उकेरा। कार्यशाला में लगभग 18 बच्चों ने भाग लिया।

साइबर सुरक्षा कार्निवल कार्यक्रम

दिनाँक 16 जून, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के संगणक अनुभाग में बच्चों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में ज्ञान विकसित कराने हेतु साइबर सुरक्षा कार्निवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साइबर सुरक्षा कार्निवाल में 'साइबर शांति'

संगठन ने बच्चों को साइबर सुरक्षा का ज्ञान प्रदान किया। जिसमें वास्तविक जीवन की भूमिका निभाई गई। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा कार्निवल पर नारे और हाथ में तख्ती लिए एक महत्वपूर्ण रैली भी निकाली गई। तत्पश्चात् बच्चों ने बाल भवन की साइबर सेफ्टी ट्रेन में सवारी की। साइबर सुरक्षा क्लब के छात्रों द्वारा साइबर सुरक्षा पर दो नाटक प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय बाल भवन के बच्चों को 'साइबर शांति' द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए और राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। 'इंटरनेट का बवाल' पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम में लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया।

ग्रीष्मोत्सव विशेष बाल सभा कार्यक्रम

ग्रीष्मकालीन सत्र के चतुर्थ शनिवार दिनांक 17 जून 2023 को आयोजित विशेष बाल सभा के दौरान सुश्री शुभांगी गोयल द्वारा कथक नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रदर्शन कला अनुभाग के बच्चों द्वारा हारमोनियम पर देशभक्ति गीत, कत्थक एवं ओडिसी नृत्य, ताल वाद्य कचहरी आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस सभा के दौरान बच्चों के लिए जादू विशेषज्ञ द्वारा एक मैजिक शो भी प्रदर्शित किया गया तथा कठपुतली के विशेषज्ञ द्वारा कठपुतली शो का भी आयोजन किया गया। इस सभा में लगभग 2500 बच्चों ने भाग लिया और पूरे कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

पुणे में जी-20 कार्यक्रम

पुणे में जी-20 कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संस्थाओं के बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य था – नई शिक्षा नीति। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल भवन ने भी भाग लिया। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय बाल भवन के विभिन्न अनुभागों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया जिसके माध्यम से बताया गया कि राष्ट्रीय बाल भवन में बच्चे खेल-खेल में कला के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करते हैं। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को हस्तकला अनुभाग की विभिन्न गतिविधियाँ भी कराई गई। विभिन्न गतिविधियों में लगभग 700 बच्चों (प्रति दिन 100-120 बच्चे) ने भाग लिया।

बच्चों द्वारा आम के बगीचों का शैक्षिक भ्रमण

दिनाँक 19 जून, 2023 को मदर डेयरी की ओर से बच्चों को उत्तर प्रदेश के बागपत गाँव में आम की विभिन्न किस्मों के बारे में जानकारी देने के लिए आम के बगीचे का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। जिसमें राष्ट्रीय बाल भवन के लगभग 40 सदस्य बच्चों ने भाग लिया। मदर डेयरी के एक कर्मचारी ने सभी बच्चों को किसान का संक्षिप्त परिचय, किसान से परिचय और बगीचे के विस्तृत भ्रमण से पहले सभी बच्चों को जलपान वितरित किया गया।

किसान ने सभी बच्चों का अभिनन्दन किया और विभिन्न किस्मों के आमों की जानकारी दी। बच्चों ने विभिन्न आम जैसे :- दशहरी, चौसा, लंगड़ा, गुलाब खौस आदि की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने किसान से कई प्रश्न भी पूछे। किसान ने आम को स्पर्श और दृश्य निरीक्षण की मदद से सबसे पके और मीठे आमों का चयन करने की जानकारी दी। बच्चे अपने घर के बगीचे में स्वयं के आम के पेड़ को उगाने के तरीके के बारे में सीखकर प्रकृति के साथ अपने बंधन को फिर से स्थापित करने के लिए प्रेरित हुए।

अंत में बच्चों ने अपने अनुभव के बारे में अपनी प्रतिक्रिया साझा की और साथ ही यह भी बताया कि कैसे इस यात्रा ने उन्हें अपार ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ यह देखने में मदद की कि एक बगीचे में आम कैसे उगाए जाते हैं। आम के साथ उन्हें कटहल के विभिन्न पोषण संबंधी लाभों के बारे में भी जानकारी मिली। बच्चों ने यह भी साँझा किया कि विभिन्न प्रकार के आमों को उनकी भौतिक विशेषताओं, रंग और गंध के आधार पर कैसे पहचाना और अलग किया जाता है। बच्चों ने यह जाना कि "सफल" द्वारा प्रदान किए गए आम रसायन मुक्त और उपयोग के लिए सुरक्षित हैं।

ग्रीष्मोत्सव समापन समारोह एवं 9वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

दिनाँक 21 जून, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के खुले रंग मंच में ग्रीष्मोत्सव समापन समारोह एवं 9वाँ अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कंठ संगीत द्वारा गायन के प्रदर्शन से हुई। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से पेड़ लगाने का आग्रह किया ताकि पर्यावरण को विनाशकारी मानवीय गतिविधियों से उबरने में मदद मिल सके। इस अवसर पर बच्चों ने योग से संबंधित श्लोक प्रस्तुत किए। भरतनाट्यम अनुभाग के बच्चों ने नृत्य के साथ संगीत लय पर योग के विभिन्न आसन प्रस्तुत किए। तत्पश्चात् शारीरिक शिक्षा अनुभाग के प्रशिक्षक द्वारा योगासन जैसे :- नमस्कार चक्रासन, सर्वांगासन आदि योगासन कराए गए जिनका बच्चों ने स्केटिंग के साथ प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 3000 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हिंदी कार्यशाला

राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 29 जून, 2023 को गूगल मीट द्वारा "प्रशासनिक कामकाज की मानक शब्दावली" विषय पर "हिंदी कार्यशाला" का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य-कार्यालयी कार्यों में अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना था। "गूगल मीट द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक" का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यालय प्रमुख द्वारा की गई। इस बैठक में लगभग 20 कर्मचारियों ने भाग लिया।

"समुद्र" विश्व महासागर दिवस पर कार्यशाला

दिनाँक 1 से 8 जुलाई, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के संग्रहालय अनुभाग में विश्व महासागर दिवस पर आठ दिवसीय कार्यशाला "समुद्र" का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य : हमारे महासागरों के महत्व और

बच्चों की भूमिका के बारे में बच्चों में जागरूता फैलाना था। बच्चों को खेल के द्वारा बताया कि एक स्वस्थ ग्रह को बनाए रखने में वे क्या भूमिका निभा सकते हैं। बच्चों ने विभिन्न भारतीय पौराणिक कहानियों के बारे में जाना और उनका चित्रण किया। बच्चों ने पंचतंत्र में वर्णित समुद्र या जलस्त्रोतों से संबंधित कहानियाँ भी सुनीं। बच्चों को समुद्र को समझने और विश्व महासागर दिवस क्यों मनाते हैं इस पर एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन दिखाया गया और उनके साथ "पुनरोद्धार" के महत्व पर सामूहिक चर्चा की गई। बच्चों को समुद्र से संबंधित पौराणिक कहानियाँ सुनाई गई जैसे :- समुद्र मंथन, मत्स्य अवतार, कुर्म अवतार, वराह अवतार, देवी सरस्वती ने वडवाग्नि को समुद्र में जमा किया, हनुमान उड़कर समुद्र पार करते हैं, श्री राम ने समुद्र से राम सेतु बनाने का अनुरोध किया आदि। अगले दिन बच्चे राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा करने गए। तीसरे दिन बच्चों को पारंपरिक लोककला और कला-रूपों जैसे मधुबनी, पट्टचित्र का वर्णन, कांगड़ा कला, गोंड कला, मुगल कला जो भारत के विभिन्न क्षेत्रों जैसे बिहार, पश्चिमी बंगाल, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान आदि में प्रचलित हैं, के बारे में व्याख्यान-सह-प्रदर्शन किया गया और बच्चों ने अपनी पसंद से चुनकर पारंपरिक पेंटिंग बनाई। पंचतंत्र की कहानियाँ :- "खारा सागर", "बगुला और केकड़ा" सुनाई गई और उनके नैतिक मूल्यों से अवगत कराया गया। बच्चों को बताया गया कि कही सुनी बातों पर विश्वास न करें और हमेशा आकलन करने का प्रयास करें। बच्चों को पंचतंत्र की कहानियों से संदेश दिया गया कि जो परिवर्तन को स्वीकार नहीं करता वह नष्ट हो जाता है। उन्हें समुद्री जीव जैसे :- व्हेल, सील, स्कविड आदि का रेखाचित्र बनाना सिखाया गया। कैसे संग्रहालय वैश्विक स्तर पर हमारी प्राकृतिक विरासत की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इस विषय पर पावरप्वाइंट प्रेसेनटेशन दिखाया गया। कार्यशाला में बच्चों को बुकमार्क की गतिविधि भी कराई गई। बच्चों द्वारा बनाए गई पेंटिंग, पेपर मैशी वस्तुओं और बुकमार्क आदि का प्रदर्शन किया गया। बच्चों के लिए विभिन्न महासागरों, समुद्री जानवरों, ध्रुवों आदि पर एक प्रश्नोत्तरी आरंभ की गई। इस कार्यशाला में लगभग 17 बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

मिट्टी कला कार्यशाला

दिनाँक 6 से 8 जुलाई, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के मिट्टी कला अनुभाग में तीन दिवसीय "क्ले मॉडलिंग" कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को विभिन्न प्रकार के जानवरों की आकृतियाँ बनाना सिखाया गया। कार्यशाला में लगभग प्रतिदिन 15 बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

बुनाई कार्यशाला

दिनाँक 6 से 8 जुलाई, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के बुनाई अनुभाग में तीन दिवसीय "बुनाई" कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को विभिन्न प्रकार के मैट, छोटी दरी, ब्रेसलेट आदि बनाना सिखाया गया। कार्यशाला में लगभग 15 बच्चों ने प्रतिदिन भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

मिले-जुले कार्यकलाप कार्यशाला

दिनाँक 13 से 15 जुलाई, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के मिले-जुले कार्यकलाप अनुभाग में तीन दिवसीय "पेपर मास्क" कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को पेपर मास्क, व विभिन्न प्रकार के मुखौटे बनाना सिखाया गया। कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने प्रतिदिन भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

दिनाँक 20 से 22 जुलाई, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के मिले-जुले कार्यकलाप अनुभाग में तीन दिवसीय "पारंपरिक लकड़ी के खिलौने" बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को पारंपरिक लकड़ी के विभिन्न प्रकार के खिलौने एवं कछुए बनाना सिखाया गया। कार्यशाला में लगभग प्रतिदिन 20 बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

प्लास्टिक कैनवास पर कढ़ाई करने की कार्यशाला

राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 11 से 13 जुलाई, 2023 तक प्लास्टिक कैनवास पर कढ़ाई करने की कार्यशाला आयोजित की गई। बच्चों को प्लास्टिक कैनवास की जानकारी एवं उस पर कढ़ाई करना सिखाया गया। इस कार्यशाला में लगभग 25 बच्चों ने भाग लिया।

ऊन से क्राफ्ट कार्यशाला

राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 14 से 25 जुलाई, 2023 तक ऊन से क्राफ्ट की कार्यशाला आयोजित की गई। बच्चों को ऊन से पोम-पोम फूल बनाना, चिड़िया बनाना, ऊन से कढ़ाई करना, ऊन से वॉल-हैंगिंग बनाना सिखाया। इस कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया।

चेन बनाने की कार्यशाला

राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 26 से 28 जुलाई, 2023 तक चेन बनाने की कार्यशाला आयोजित की गई। बच्चों को प्लास्टिक कैनवास पर कढ़ाई करना सिखाया गया। साथ ही चाबी के छल्ले भी बनाना सिखाया। इस कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया।

सौर-मण्डल पर कार्यशाला

राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 26 से 28 जुलाई, 2023 तक सौर मण्डल पर कार्यशाला आयोजित की गई। बच्चों को सौर मण्डल के सभी ग्रहों की जानकारी दी गई। सौर मण्डल पर एक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। बच्चों ने सौर मण्डल से सम्बंधित बुकमार्क बनाने सीखे। इस कार्यशाला में लगभग 7 बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

जी-20 का समापन समारोह

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा गुजरात राज्य के गाँधी नगर में प्रसिद्ध महात्मा मंदिर में आयोजित जी-20 कार्यक्रम के प्रतिष्ठित समापन समारोह में अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा राष्ट्रीय बाल भवन के भरतनाट्यम और कंठ संगीत अनुभाग के सदस्य बच्चों ने दिनाँक 3 अगस्त, 2023 को महिला सशक्तिकरण पर गीत एवं नृत्य द्वारा सशक्तिकरण का प्रदर्शन किया जो लोगों को एकजुट रहने के लिए प्रेरित करता है, ताकि हमारे देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय बाल भवन के सहभागियों ने बेहद उत्साह के साथ साबरमती आश्रम का दौरा किया। तत्पश्चात् अहमदाबाद के जीवंत रिवरफ्रंट, प्रतिष्ठित अटल ब्रिज की यात्रा भी की। सहभागियों ने अमूल मदर डेयरी का दौरा किया जिससे उन्हें दूध को विभिन्न डेयरी उत्पादों में बदलने की जटिल प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त हुई। उसके बाद सहभागियों ने काँकरिया झील, अहमदाबाद (गुजरात) का दौरा किया। उन्होंने काँकरिया झील के प्राणी उद्यान का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने अनेक जानवरों को देखा। अंत में झील के चारों ओर ट्रेन की सवारी का भी आनंद लिया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल भवन के 27 बच्चों के साथ 4 ऑफिसर व 11 अनुरक्षकों ने भाग लिया।

आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "अंगदान महोत्सव"

"आज़ादी का अमृत महोत्सव" के अवसर पर दिनाँक 3 अगस्त, 2023 को **"अंगदान महोत्सव"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली और कल्याण को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करना था। जिसमें निम्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जैसे :-

1. **राष्ट्रीय बाल भवन** के खुले रंग मंच में **"अंगदान"** प्रतिज्ञा समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 77 कर्मचारियों ने भाग लिया।

2. **चित्रकला गतिविधि** - राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए स्लोगन लिखना और पोस्टर बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने पेपर पर शरीर के अंग बनाए व उनकी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर 18 बच्चों ने भाग लिया।

3. हस्तकला गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए अनुपयोगी सामान से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करने की गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बेकार सामान से मानव शरीर के अंगों को क्राफ्ट के माध्यम से बनाना सीखा। इस कार्यक्रम द्वारा बच्चों को अंगदान की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर 30 बच्चों ने भाग लिया।

4. नाट्कीय गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए "अंगदान" पर एक नुक्कड़ नाटक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस नाट्कीय गतिविधि का उद्देश्य था कि – 'मरने के बाद इंसान को अपने अंगदान करने चाहिए ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सके'। यही सच्ची मानव सेवा है। सभी व्यक्तियों को यह बात सभी तक पहुँचाने में भी मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर 20 बच्चों ने भाग लिया।

5. पर्यावरण गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए अपने शारीरिक अंगों को दान करने हेतु जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में अंगदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि कैसे एक दाता कई लोगों की जान बचा सकता है। बच्चों को जानकारी दी गई कि अंगदान करना एक महान कार्य है, एक ऐसा कार्य जो अंगदाता के मरने के बाद भी लोगों की जान बचाने के लिए किया जा सकता है। बच्चों को समझाने के लिए शरीर के अंगों के चित्रांकन का एक चार्ट भी तैयार किया गया जिसमें विभिन्न अंगों के साथ-साथ ऊतकों को भी दर्शाया गया जो मानव द्वारा दान करने योग्य हैं। इस अवसर पर 7 बच्चों ने भाग लिया।

आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "मेरी माटी मेरा देश अभियान"

भारत की आज़ादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर दिनाँक 9 से 30 अगस्त, 2023 तक 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले 'वीरों' को श्रद्धांजलि देना था। जिसके अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रमो का आयोजन किया गया :-

1. राष्ट्रीय बाल भवन के खुले रंग मंच में 'पंच प्रण' प्रतिज्ञा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में सभी सहभागियों ने अपने देश की मिट्टी को हाथ में लेकर पंच प्रण लिए। तत्पश्चात् श्री मुकेश गुप्ता-उपनिदेशक(प्रशासन) एवं श्री चन्दर मणि-प्रभारी कार्यक्रम एवं अन्य कर्मचारियों व बच्चों ने वसुधा वन्दन-पौधा रोपण में भाग लिया। जिसमें लगभग 50 कर्मचारियों एवं 25 बच्चों ने भाग लिया।

2. चित्रकला गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर दिनाँक 12 अगस्त, 2023 को 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' के अंतर्गत पोस्टर बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया।

3. हस्तकला गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए 'मेरी माटी मेरा देश' पर पोस्टर बनाने की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने पेपर द्वारा पेड़-पौधे बनाना सीखा और पर्यावरण की जानकारी प्राप्त की।

4. नाट्कीय गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों ने 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर दिनाँक 12 अगस्त, 2023 को 'वीरों का वन्दन' पर 'शहीद' नाटक की प्रस्तुति दी। इस नाट्कीय गतिविधि का उद्देश्य – देशभक्ति की ओर प्रेरित करना था। शहीद नाटक की कथा भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू एवं हज़ारों भारत वासियों के त्याग और बलिदान को दर्शाती है। इस अवसर पर लगभग 300 सहभागियों ने भाग लिया।

5. पर्यावरण गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए 'स्क्रैपबुक निर्माण गतिविधि' दिनाँक 16 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई। इस पुस्तक में राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा', राष्ट्रीय प्रतीक: 15 अगस्त, 1947 को भारत के पहले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तस्वीरें, साथ ही, हमारे देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले 'वीरों' को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। इसमें महिला स्वतंत्रता सेनानियों को भी शामिल किया गया जिन्होंने स्वतंत्रता, न्याय और समानता के लिए लड़ाई लड़ी। अगस्त, 1947 की तस्वीरें भी बच्चों को दिखाई गई। अंत में 'वीरों का वंदन' विषय के लिए बच्चों को उन साहसी महिलाओं के बारे में जागरूक किया गया, जिन्होंने भारत के लिए स्वतंत्रता हासिल करने के लिए सभी बाधाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

6. सिलाई गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए दिनाँक 16 अगस्त, 2023 को सिलाई के माध्यम से तिरंगें की स्मारक गतिविधि कराई गई जिसमें तिरंगे से हैंगिंग बनाना, चिड़िया बनाना व की-चैन बनाना सिखाया गया।

7. कंठ संगीत गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए संगीत गतिविधियों द्वारा वीरों का वंदन और प्रत्येंक कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय गान को सही तरीके से गाना सिखाया गया।

8. गृह प्रबंधन गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए गृह प्रबंधन द्वारा तिरंगा भोजन गतिविधि दिनाँक 18 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई।

9. हस्तकला गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए वीरों को याद करने के लिए अपशिष्ट से श्रेष्ठ गतिविधि दिनाँक 18 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई।

10. काष्ठ कला गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए अशोक चक्र बनाने की गतिविधि दिनाँक 18 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई।

11. मिट्टी गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए 'हमारे वीर जवान' नामक मिट्टी की गतिविधि दिनाँक 19 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई।

12. बुनाई गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए बुनाई द्वारा राष्ट्रीय ध्वज निर्माण गतिविधि दिनाँक 19 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई।

13. मिले-जुले गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए तिरंगे के रंगों को इस्तेमाल कर मास्क निर्माण और राष्ट्रीय ध्वज निर्माण गतिविधि दिनाँक 19 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई।

14. संग्रहालय गतिविधि – राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए वीरों का वंदन, वीरों को याद करते हुए संग्रहालय की सैर गतिविधि दिनाँक 19 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई।

सिलाई-कढ़ाई "सादा शमीज़" की कार्यशाला

दिनाँक 9 से 11 अगस्त, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई-कढ़ाई अनुभाग में तीन दिवसीय 'सादा शमीज़' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को सादा शमीज़ के लिए शारीरिक नापों की जानकारी, ड्राफ्टिंग, पेपर पैटर्न बनाना, पेपर पैटर्न की सहायता से कपड़े पर ले-प्लान करके कपड़े की कटिंग करना व सिलना सिखाया।

तारामंडल अनुभाग द्वारा "सूर्य घड़ी" कार्यशाला

दिनाँक 11 से 12 अगस्त, 2023 तक तारा मंडल अनुभाग में तीन दिवसीय "सूर्य घड़ी" की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों ने सूर्य की किरणों के द्वारा बनने वाली परछाई से समय कैसे ज्ञात होता है, का ज्ञान प्राप्त किया और उन्होंने सूर्य घड़ी का एक मॉडल भी बनाया। इस कार्यशाला में लगभग 11 बच्चों ने भाग लिया। सभी सहभागियों को अंत में प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

कुचिपुड़ी नृत्य कार्यशाला

दिनाँक 16 से 19 एवं 22 अगस्त, 2023 तक कुचीपुड़ी नृत्य विशेषज्ञ द्वारा कूचिपुड़ी नृत्य की पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय बाल भवन में किया गया, जिसमें बच्चों को कूचिपूड़ी नृत्यांगना सुश्री आयना मुखर्जी द्वारा कुचिपुड़ी नृत्य से अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया।

तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला

दिनाँक 17 से 19 एवं 23 से 25 अगस्त, 2023 तक सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न स्कूलों के बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया :-

क्र.सं.	स्कूल का नाम	तिथि	बच्चों की संख्या
1	नवशक्ति गर्ल्स सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल, विष्णु दिगम्बर मार्गनई दिल्ली-110002	17 से 19 अगस्त, 2023	125
2	आन्ध्रा एजुकेशन सोसाइटी पं. दीन दयाल उपाध्याय मार्ग नई दिल्ली-110002	17 से 19 अगस्त, 2023	160
3	सरकारी प्राइमरी स्कूल (द हैप्पी स्कूल) साइट नं. 1105, गुरूग्राम-122002	23 से 25 अगस्त, 2023	509

संग्रहालय अनुभाग द्वारा तीन दिवसीय शैक्षणिक यात्रा गतिविधि कार्यशाला

दिनाँक 17, 18 एवं 19 अगस्त, 2023 को संग्रहालय कनिष्ठ कलाकार द्वारा सदस्य बच्चों के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक यात्रा गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संग्रहालय कनिष्ठ कलाकार ने बच्चों को तीन संग्रहालय - राष्ट्रीय वार मेमोरियल संग्रहालय, राष्ट्रीय गाँधी संग्रहालय, राष्ट्रीय हस्तशिल्प और हथकरघा संग्रहालय की यात्रा कराई। शैक्षणिक यात्रा कराने का उद्देश्य :- युवा मन में देशभक्ति, कड़ी मेहनत की भावना पैदा करना और उन्हें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व महसूस करने के लिए प्रेरित करना तथा उनके मन में ज्ञान प्रदान कराना था। प्रदर्शित विभिन्न वस्तुओं के आधार पर उनके प्रश्नों का समाधान करना और उन्हें संग्रहालय या सार्वजनिक स्थान पर जाने के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए के बारे में बताया गया। इस शैक्षणिक यात्रा में लगभग 60 बच्चों ने भाग लिया।

मिले-जुले अनुभाग द्वारा फूल बनाने की कार्यशाला

दिनाँक 22 से 24 अगस्त, 2023 तक मिले-जुले अनुभाग द्वारा फूल बनाने की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को रंगीन पेपर से विभिन्न प्रकार के फूल बनाना सिखाया गया। अंत में सभी सहभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यशाला में लगभग 21 बच्चों ने भाग लिया।

सिलाई-कढ़ाई अनुभाग द्वारा 'जूट के पाऊच/थैली' बनाने की कार्यशाला

दिनाँक 22 से 24 अगस्त, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई-कढ़ाई अनुभाग में तीन दिवसीय 'जूट के पाऊच/थैली' बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को जूट के कपड़े की जानकारी एवं उसके उपयोग की जानकारी दी गई। जूट के कपड़े पर लेस व रिब्बन लगाना व जूट की थैलियां सिलना सिखाया गया।

हस्तकला अनुभाग द्वारा ओरिगामी क्राफ्ट कार्यशाला

दिनाँक 22 से 26 अगस्त, 2023 तक हस्तकला अनुभाग द्वारा ओरिगामी क्राफ्ट की पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत गणितिय ज्ञान की जानकारी दी गई। जिसमें बच्चों ने पेपर द्वारा 3डी आकार जैसे त्रिभुज, गोलाकार, क्यूब इत्यादि बनाना सीखा।

सिलाई-कढ़ाई अनुभाग द्वारा "जूट पर कढ़ाई" करने की कार्यशाला

दिनाँक 25, 26 एवं 29 अगस्त, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई-कढ़ाई अनुभाग में तीन दिवसीय "जूट पर कढ़ाई" करने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को जूट के कपड़े पर ऊन की कढ़ाई के टाँके जैसे :- क्रॉस टाँका, चेन टाँका, फिशबोन टाँका, हैरिंगबोन टाँका, सादा टाँका आदि बनाना व डिज़ाइन करना सिखाया।

तारा मंडल अनुभाग द्वारा "सौर मंडल" कार्यशाला

दिनाँक 26 से 28 अगस्त, 2023 तक तारा मंडल अनुभाग में तीन दिवसीय "सौर मंडल" कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को ग्रहों की विशेषताओं की जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यशाला के दौरान बच्चों ने सौर मंडल से सम्बंधित बुक मार्क भी बनाए। इस कार्यशाला में लगभग 7 बच्चों ने भाग लिया। सभी सहभागियों को अंत में प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

मोज़ेक आर्ट कार्यशाला

हस्तकला अनुभाग में बच्चों के लिए दिनाँक 12 से 16 सितम्बर, 2023 तक पाँच दिवसीय "मोज़ेक आर्ट" की कार्यशाला का आयोजन किया गया। बच्चों को मोज़ेक आर्ट का परिचय तथा इसे कैसे बनाया जाता है, की जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया। सभी सहभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

कपड़े से थैले बनाना - कार्यशाला

सिलाई अनुभाग में बच्चों के लिए दिनाँक 12 से 14 सितम्बर, 2023 तक "कपड़े से थैले बनाना" तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों को कपड़ा, फोमशीट, लेस, लाइनिंग क्लॉथ व धागों के इस्तेमाल से थैले सिलना सिखाया गया। इस कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया। सभी सहभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

साइबर सुरक्षा कार्निवल कार्यशाला

संगणक अनुभाग में बच्चों एवं कर्मचारियों के लिए दिनाँक 15 और 16 सितम्बर, 2023 को दो दिवसीय साइबर सुरक्षा कार्निवल नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में

जागरूक करना और इंटरनेट का उपयोग करते समय स्मार्ट बनना था। कार्यक्रम में लगभग 10 सदस्य बच्चों एवं 9 कर्मचारियों ने भाग लिया। साइबर सुरक्षा की विशेषज्ञता के बारे में कर्मचारियों और बच्चों के साथ बातचीत करने के लिए लर्निंग लिंक फाउंडेशन से अतिथि के रूप में सुश्री वैभवी सिंघानिया भी उपस्थित थीं। उन्होंने साइबर सुरक्षा का ऐप प्रस्तुत कर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उनके एप्लिकेशन का भी वर्णन किया। श्री रिषभ अरोड़ा-वरिष्ठ प्रशिक्षक कम्प्यूटर ने पीपीटी के माध्यम से साइबर सुरक्षा के बारे में बात करते हुए निम्न वीडियो प्रस्तुत किए :-

1. साइबर सुरक्षा क्या है - पूरी जानकारी के साथ।
2. साइबर सुरक्षा - एटीएम
3. हिंदी में साइबर सुरक्षा जागरूकता
4. एनिमेशन के माध्यम से साइबर बुलिंग (प्रति साइबर हमलें में 5 डीएनए-एम.एस.)
5. राष्ट्रीय बाल भवन पर बनाई लघु फिल्म - "इंटरनेट का बवाल"

हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा

दिनाँक 16 सितम्बर से 4 अक्तूबर, 2023 तक हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य - हिंदी को बढ़ावा देना था ताकि समस्त कर्मचारी अपना समस्त कार्यालयी कार्य हिंदी में कर सकें। इस संदर्भ में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं - नोटिंग-ड्राफ्टिंग, सामान्य ज्ञान, स्वरचित काव्य रचना, निबंध लेखन, हिंदी टंकण, आशुलेखन तथा श्रुतलेखन, हिंदी कार्यशाला आदि आयोजित की गई। दिनाँक 4 अक्तूबर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य स्कूल, राष्ट्रीय बाल भवन, बाल भवन केन्द्रों तथा जवाहर बाल भवन के सदस्य बच्चों के लिए भी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला

दिनाँक 13, 14 एवं 15 सितम्बर, 2023 को सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न स्कूलों के बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया :-

क्र.सं.	स्कूल का नाम	तिथि	बच्चों की संख्या
1.	सरकारी मॉडल संस्कृति स्कूल डीएलफ फेस-1, गुरूग्राम, हरियाणा	13 से 15 सितम्बर, 2023	150
2.	सर्वोदय बाल विद्यालय, नं. 1 मोलरबन्द, बदरपुर, नई दिल्ली-44	13 से 15 सितम्बर, 2023	50

भारत के शिक्षा मंत्री जी एवं अन्य गणमान्यों द्वारा राष्ट्रीय बाल भवन का दौरा

दिनाँक 16 सितम्बर, 2023 को श्री धर्मेंद्र प्रधान जी – भारत के शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री, श्री संजय कुमार – सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, श्री विपिन कुमार – राष्ट्रीय बाल भवन के अध्यक्ष एवं अपर सचिव, शिक्षा मंत्रालय, डॉ. अमरप्रीत दुग्गल – संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार, प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी – निदेशक, एनसीईआरटी तथा शिक्षा मंत्रालय एवं एनसीईआरटी से अन्य गणमान्य अतिथि राष्ट्रीय बाल भवन में पधारे। राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग एवं पौधा भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् माननीय शिक्षा मंत्री तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आरंभ में प्रदर्शन कला अनुभाग के सदस्य बच्चों ने **वाद्यवृंद रचना-समन्वय** का वादन किया। भारत की विभिन्न भाषाओं को प्रदर्शन कला अनुभाग के सदस्य बच्चों ने एक ही माला में पिरोकर एक गीतमाला – “जयति जयति भारत माता” प्रस्तुत की। देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत, सभी जन हेतु समान भाव तथा “एक भारत श्रेष्ठ भारत” पर एक सुंदर नृत्य – “वंदे मातरम्” की प्रस्तुति दी गई। श्री मुकेश गुप्ता- उपनिदेशक (प्रशासन) ने राष्ट्रीय बाल भवन का परिचय देते हुए मंत्री जी का राष्ट्रीय बाल भवन पधारने पर हृदय से आभार व्यक्त किया। सचिव – श्री संजय कुमार जी ने कहा कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और इन प्रदर्शन प्रस्तुतियों से लगता है कि बच्चे कुछ सीख रहे हैं, बच्चों में हुनर उत्पन्न हो रहा है। जिससे देश आगे विकसित होगा।

अंत में सभी अतिथिगणों ने संग्रहालय, गौरव गाथा गैलरी, एअर फोर्स फलाईट सिम्यूलेटर का भी दौरा किया और बच्चों की रेलगाड़ी की यात्रा का आनन्द लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 400 बच्चों, 50 अभिभावकों तथा 100 कर्मचारियों ने भाग लिया।

सितार एवं गिटार अनुभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला

दिनाँक 21, 22 और 23 सितम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन में सितार एवं गिटार अनुभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय था – सितार, उत्पत्ति एवं रख-रखाव तथा “जयपुर सेनिया घराना”। इस कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को अंत में राष्ट्रीय बाल भवन की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यशाला के अंतर्गत बच्चों ने निम्न गतिविधियाँ सीखीं :-

1. सितार उत्पत्ति एवं उसके विभिन्न भाग।
2. सितार में तार लगाना।

3. जयपुर सेनिया घराना एवं विलायन खानी घराने में मुख्य अंतर।

4. राग ख्माज में एक रज़ाखानी गत (जयपुर घराना)

तारा मंडल, संगणक, पर्यावरण अनुभाग द्वारा "चन्द्रयान-3" कार्यशाला

दिनाँक 22 और 23 सितम्बर, 2023 को तारामंडल, संगणक, पर्यावरण अनुभाग द्वारा दो दिवसीय "चन्द्रयान-3" कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों को चन्द्रयान - 3 की बनावट, लाँच होने का तरीका, विक्रम लैंडर द्वारा लैंड होने का तरीका, प्रज्ञान रोवर द्वारा प्राप्त सूचनाओं की जानकारी के बारे में ज्ञान प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों के साथ चन्द्रयान-3 से सम्बंधित चर्चा की गई। चन्द्रयान-3 पर बच्चों ने एक मॉडल भी बनाया। इस कार्यशाला में लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला समाप्ति के पश्चात् सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

डोर हैंगिंग बनाने की कार्यशाला

सिलाई अनुभाग में बच्चों के लिए दिनाँक 26, 27 और 29 सितम्बर, 2023 को तीन दिवसीय "डोर हैंगिंग" की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों को अनुपयोगी सामान से घर की साज सजावट के लिए बंदरवाल अथवा डोर हैंगिंग बनाना सिखाया। कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया। सभी सहभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

भारत मंडपम से जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट आयोजन का सीधा प्रसारण

दिनाँक 26, सितम्बर, 2023 को भारत मंडपम से जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट आयोजन में प्रधानमंत्री-श्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चों को एनटीआरसी हॉल में दिखाया गया। जिसमें लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा 2023' कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बाल भवन में स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए दिनाँक 01 अक्टूबर, 2023 (रविवार) को स्वच्छता अभियान का आगाज़ किया। लोक नायक उद्यान, बाल्मीकि बस्ती, फिरोज़ शाह कोटला, विक्रम नगर, नई दिल्ली-02 में श्रम-दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस श्रमदान में राष्ट्रीय बाल भवन के कर्मचारियों और सदस्य बच्चों ने उद्यान की सफाई की। इस कार्यक्रम में लगभग 70 कर्मचारियों एवं 135 बच्चों ने भाग लिया।

स्वच्छता विशेष अभियान 3.0 गतिविधि

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छता विशेष अभियान 3.0 - कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 3 से 31 अक्टूबर, 2023 तक चले 'स्वच्छता विशेष अभियान' के अन्तर्गत सभी कर्मचारियों ने अपने अनुभागों की फाईलों / दस्तावेजों के साथ-साथ अपने अनुभाग में निष्क्रिय सामग्रियों का

निपटान तथा सफाई की। इस अभियान के अंतर्गत गतिविधि रोस्टर अनुसार स्थाई, अस्थाई बेकार सामग्री, पुरानी फाईलों को निरस्त किया गया। राष्ट्रीय बाल भवन के प्रत्येक क्षेत्र की सफाई के लिए रोस्टरानुसार सफाई अभियान भी चलाया गया तथा प्रतिदिन की फोटो राष्ट्रीय बाल भवन के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड की गई। राष्ट्रीय बाल भवन में बच्चे नियमित रूप से बड़े पैमाने पर अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग करके सुंदर कलाकृतियाँ एवं उपयोगी वस्तुएँ तैयार करते हैं। "बेकार की चीजों से उत्तम चीज बनाना" विशेष अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में इन वस्तुओं की एक झलक "एक विशेष प्रदर्शनी" के रूप में दिनाँक 18 से 20 अक्टूबर, 2023 तक प्रदर्शित की गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन राष्ट्रीय बाल भवन की निदेशिका-श्रीमती मुक्ता अग्रवाल द्वारा किया गया।

After

पर्यावरण अनुभाग द्वारा "विश्व पशु दिवस" कार्यशाला

दिनाँक 4 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के पर्यावरण अनुभाग में एक दिवसीय "विश्व पशु दिवस" कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य- बच्चों को पशु कल्याण के बारे में जागरूक और शिक्षित करना था। बच्चों ने वैश्विक विलुप्त होने वाली उच्च जोखिम प्रजातियों को वर्गीकरण (आईयूसीएन रेड लिस्ट श्रेणी और मानदंड) के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। इससे सम्बंधित बच्चों को भारतीय मानचित्र के विभिन्न क्षेत्रों में 'लुप्तप्राय पशु प्रजातियों को दर्शाना' तथा 'जानवरों को बचाएं' विषय पर स्लोगन लेखन आदि गतिविधियाँ कराई गईं। इस कार्यशाला में लगभग 21 सदस्य बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

संगणक अनुभाग द्वारा "डिजिटल ग्राफिक डिज़ाईनिंग" कार्यशाला

राष्ट्रीय बाल भवन के संगणक अनुभाग द्वारा दिनाँक 5 से 28 अक्टूबर, 2023 तक "डिजिटल ग्राफिक डिज़ाईनिंग" कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को पेजमेकर, कोरलड्रॉ, डिजिटल तकनीक और एडोब फोटोशॉप सिखाए गए। बच्चों ने कोरलड्रा और फोटोशॉप सॉफ्टवेयर का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के लोगो और पेम्फलेट डिजाइनिंग किए। 20 अक्टूबर, 2023 को बच्चों को सीआईईटी, एनसीईआरटी का शैक्षिक दौरा करवाया गया। एप्लिकेशन पाठ्यपुस्तक से 210 डेटा को स्क्रीन पर 3डी दृश्य प्रतिनिधित्व में बदलने में सक्षम था, जिससे बच्चों को प्रौद्योगिकी में प्रगति को समझने में मदद होगी। कार्यशाला में वर्चुअल रियलिटी का भी एक सत्र किया गया, जो सिम्युलेशन के माध्यम से बाहरी अंतरिक्ष और अंतरिक्ष शटल पर आधारित था। बच्चों को स्मार्ट स्पीक डिवाइस से भी परिचित कराया गया, जो एक उपकरण है। यह उपकरण दृष्टिबाधित बच्चों

के लिए निर्माण किया गया। बच्चों को एडिटिंग स्टूडियो से परिचित कराया गया। जिसमें कलर इफेक्ट, बैकग्राउंड और साउंड इफेक्ट बदलने की जानकारी दी गई। बच्चों को ऑडियो स्टूडियो दिखाया गया जिसमें ध्वनि रिकॉर्डिंग की जाती है। स्टूडियो में ध्वनि पैनलों और उनके लाभों से परिचित कराया गया। अंत में बच्चों को मून वेबसाइट पर भारत की जानकारी दी गई। 21 अक्टूबर, 2023 को आमंत्रित विशेषज्ञ–श्री मैसर्स इंटेक्स टेक्नोलॉजीस इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ ग्राफिक डिजाइनर श्री तरूण अनेजा ने बच्चों को अच्छे डिजाइन, लोगो, पैम्पलेट बनाने की जानकारी दी। इस कार्यशाला में लगभग 20 सदस्य बच्चों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य विद्यालयों द्वारा विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता

राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य विद्यालयों के बच्चों ने दिनाँक 5, 7, 10, 11, 13 तथा 14 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया :-

क्र.सं.	स्कूल का नाम	तिथि	बच्चों की संख्या
1.	न्यू होराइज़न स्कूल, नई दिल्ली	5, 7, 10, 11 अक्टूबर, 2023	1000
2.	जी.डी. गोएंका पब्लिक स्कूल, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद	13 अक्टूबर, 2023	40
3.	भारत राम ग्लोबल स्कूल, ग्रेटर नोएडा	14 अक्टूबर, 2023	50

सिलाई-कढ़ाई अनुभाग द्वारा "मिस्टर पोटली टॉय" बनाने की कार्यशाला

दिनाँक 10 से 12 अक्टूबर, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई-कढ़ाई अनुभाग में तीन दिवसीय "मिस्टर पोटली टॉय" बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को बेकार कपड़े, फाइबर कॉटन, ऊन एवं सुई धागे के उपयोग से मिस्टर पोटली टॉय बनाना सिखाया गया। इस कार्यशाला में लगभग 20 सदस्य बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला

दिनाँक 11, 12 एवं 13 अक्तूबर, 2023 को सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न स्कूलों के बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया :-

क्र.सं.	स्कूल का नाम	तिथि	बच्चों की संख्या
1	सर्वोदय कन्या विद्यालय माता सुन्दरी, रोड, 23, डीडीयू मार्ग नई दिल्ली-110002	11 से 13 अक्टूबर, 2023	150
2	गर्वमेंट बॉयज़ सी. सै. स्कूल ताजपुर, पहाड़ी, बदरपुर, नई दिल्ली-44	11 से 13 अक्टूबर, 2023	150

3	रामजस प्राईमरी स्कूल 71, पंचकुईया रोड, नई दिल्ली-01	18 एवं 19 अक्टूबर, 2023	100
4	केन्द्रीय विद्यालय, आईएनए कालोनी विकास सदन के सामने, नई दिल्ली-23	18 से 20 अक्टूबर, 2023	150
5	एम.सी.डी प्राईमरी स्कूल सावित्री नगर, नई दिल्ली-17	18 से 20 अक्टूबर, 2023	150

नाटक अनुभाग द्वारा कार्यशाला

दिनाँक 12 से 14 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के नाटक अनुभाग में लोक कथा पर आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को लोक कथाओं के भेद, लोक एवं पौराणिक गाथाओं और लोक कथाओं के रूपों तथा कथा और कहानियों का मानव जीवन में महत्व तथा उनकी विशेषताओं के बारे में सिखाया गया। इस कार्यशाला में लगभग 30 सदस्य बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

विज्ञान विभाग के सदस्य बच्चों द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र और राष्ट्रीय प्राणी उद्यान का अध्ययन दौरा

दिनाँक 14 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के विज्ञान विभाग के सदस्य बच्चों ने राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र और राष्ट्रीय प्राणी उद्यान का अध्ययन दौरा किया। उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र में जल-जीवन का अमृत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विरासत, मानव जीव विज्ञान, प्रागैतिहासिक जीवन, मनोरंजन विज्ञान, परमाणु ऊर्जा हॉल और सरदार पटेल गैलरी आदि का अवलोकन किया। राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की यात्रा के दौरान, सदस्य बच्चों ने पक्षियों, स्तनधारियों और सरीसृपों की विभिन्न विदेशी और लुप्तप्राय प्रजातियों को देखा। उन्होंने जानवरों के सामान्य आवास और उनकी खान-पान की आदतों के बारे में जाना। इस कार्यशाला में लगभग 25 सदस्य बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

तारामंडल अनुभाग द्वारा "आदित्य एल-1" की कार्यशाला

दिनाँक 18 से 20 अक्टूबर, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के तारामंडल अनुभाग में "आदित्य एल-1" विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में बच्चों को आदित्य एल-1 की संपूर्ण व्याख्या,

कम्प्यूटर एव प्रोजेक्टर का प्रयोग करके पी.पी.टी. द्वारा समझाया गया। इस विषय पर बच्चों के लिए एक प्रश्नोत्तरी भी रखी गई तथा बच्चों ने एक छोटा-सा मॉडल भी बनाया। अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

सिलाई-कढ़ाई अनुभाग द्वारा "पपेट बनाना" कार्यशाला

दिनाँक 26 से 28 अक्टूबर, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई-कढ़ाई अनुभाग में बेकार के कपड़ों से "पपेट बनाने" की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों ने बेकार कपड़े, पुरानी प्लास्टिक की बोतलों व लकड़ियों का इस्तेमाल करके सुंदर-सुंदर कठपुतलियों का निर्माण किया। इस कार्यशाला में लगभग 20 सदस्य बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

संयुक्त सचिव द्वारा विभिन्न गतिविधियों का दौरा

दिनाँक 27 अक्टूबर, 2023 को श्री आनन्दराव विष्णु पाटिल, संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों का दौरा किया। राष्ट्रीय बाल भवन में बच्चे नियमित रूप से बड़े पैमाने पर अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग करके सुंदर कलाकृतियाँ एवं उपयोगी वस्तुएँ तैयार करते हैं। "बेकार की चीजों से उत्तम चीज बनाना" विशेष अभियान के अंतर्गत बच्चों द्वारा तैयार वस्तुओं की प्रदर्शनी संग्रहालय अनुभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में दिनाँक 18 से 20 अक्टूबर, 2023 तक प्रदर्शित की गई। इस प्रदर्शनी का राष्ट्रीय बाल भवन निदेशक, उपनिदेशक एवं संयुक्त सचिव ने दौरा किया और तहेदिल से सराहना की।

सर्तकता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर, 2023 तक 'सर्तकता जागरूकता सप्ताह' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत दिनाँक 31 अक्तूबर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के उपनिदेशक(प्रशासन)-श्री मुकेश गुप्ता जी के समक्ष सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ली। उपनिदेशक-प्रशासन ने सभी को अपने कार्य निष्पादन हेतु सतर्क रहने के लिए जागरूक किया व सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहने को प्रोत्साहित किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन में दिनाँक 31 अक्टूबर, 2023 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम' आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत

राष्ट्रीय बाल भवन के उपनिदेशक(प्रशासन)–श्री मुकेश गुप्ता जी एवं सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने एकता शपथ ली। तत्पश्चात् 'एकता दौड़' का आयोजन किया जिसमें सभी कर्मचारियों व सदस्य बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में "अमृत वाटिका" में वृक्षा रोपण भी किया गया।

सिलाई-कढ़ाई अनुभाग द्वारा "शंकर इंटरनेशनल डॉल म्यूज़ियम" का शैक्षिक भ्रमण

दिनाँक 2 नवम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई-कढ़ाई अनुभाग द्वारा बच्चों को शंकर इंटरनेशनल डॉल म्यूज़ियम का दौरा कराया गया। बच्चों ने अनेक देशों जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपिंस, न्यूजीलैंड, जापान, कोरिया, पाकिस्तान, अफ्रीका, भारत आदि देशों की वेशभूषा से सुशोभित गुड़ियाओं का संग्रह देखा, जिन्हें देखकर बच्चों ने देश-विदेश के पारंपरिक परिधानों और संस्कृति के बारे में जाना। इस कार्यशाला में लगभग 30 सदस्य बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

राष्ट्रीय बाल सभा एवं एकीकरण शिविर कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में "वसुधैव कुटुम्बकम्" विषय पर दिनाँक 17 नवम्बर से 19 नवम्बर, 2023 तक राष्ट्रीय बाल सभा एवं एकीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य:- बच्चों को अपने देश की एकता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में देशभर से 13 राज्यों के मान्यता प्राप्त 37 बाल भवनों तथा बाल भवन केन्द्रों के सदस्य बच्चे तथा उनके एस्कोर्ट, राष्ट्रीय बाल भवन के सदस्य बच्चे, जवाहर बाल भवन, माण्डी के सदस्य बच्चे और दिल्ली के कुछ सरकारी स्कूलों के बच्चों ने (लगभग 2000 बच्चों ने) भाग लिया। इस शिविर में सहभागी बच्चों के लिए बाह्य विशेषज्ञों और आंतरिक प्रशिक्षकों द्वारा सृजनात्मक कार्यशालाएं जैसे :- कैलीग्राफी, पॉट्री और क्ले, पट्टचित्र, हाथ की कठपुतली, चित्रकला, पर्यावरण, रेडियो एवं इलैक्ट्रॉनिक्स, मेंहदी, बांस कला, छायांकन, सिम्यूलेटर, फन गेम्स, बुनाई, काष्ठ कला, संग्रहालय, मिले-जुले कार्यकलाप, चरखा, रंगोली, सृजनात्मक लेखन इत्यादि तीन दिन तक आयोजित की गईं।

17 नवम्बर, 2023 को उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय बाल सभा के मुख्य अतिथि – श्री आनन्द प्रकाश-उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल भवन, श्रीमती मुक्ता अग्रवाल-निदेशक(राष्ट्रीय बाल भवन) पधारे। उन्होंने राष्ट्रीय बाल भवन के संग्रहालय अनुभाग द्वारा संयोजित भव्य ग्रुप प्रदर्शनी का दौरा किया जिसमें सदस्य बच्चों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को दर्शाया गया था तथा परिसर में आयोजित सांस्कृतिक मेले का दौरा किया। अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलन के

साथ स्वस्ति वाचन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदर्शन कला अनुभाग के सदस्य बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् वाद्यवृन्द रचना "अविरल" की भव्य प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन भगवान विष्णु के दशावतारों का वर्णन करती हुई, कवि जयदेव के गीत गोविन्दम महाकाव्य से उद्धरित अष्टपदी "दशावतार" पर आधारित विहंगम नृत्य नाटिका से हुआ। इस नृत्यनाटिका "दशावतार" में गीत, वादन और नृत्य का अनूठा संगम था जो "वसुधैव कुटुम्बकम" के भाव को सार्थक करता है। श्रीमती मुक्ता अग्रवाल, निदेशक, राष्ट्रीय बाल भवन ने अतिथियों का राष्ट्रीय बाल भवन में पधारने का हृदय से आभार प्रकट किया एवं बच्चों को अपना आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम के सहभागियों ने बच्चों द्वारा बनाई कलाकृतियों की प्रदर्शनी का दौरा किया और राष्ट्रीय बाल भवन के गाँव क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा चल रही कार्यशालाएँ जैसे :- कैलीग्राफी, मधुबनी, चरखा, हाथ की कठपुतली, पट्टचित्र, क्ले, बांस कला, मेहंदी, चित्रकला, रेडियो एवं इलैक्ट्रॉनिक्स, फोटोग्राफी, एअॅरो मॉडलिंग, फनी गेम्स, मिले-जुले कार्यकलाप, रंगोली, हस्तकला, बुनाई, काष्ठ कला, संग्रहालय, सृजनात्मक लेखन आदि में बच्चों ने भाग लिया। दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक खुले रंग मंच में उत्तरी क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र-1 के राज्य बाल भवनों के बच्चों ने नृत्य और संगीत का प्रस्तुतिकरण किया जिसमें विषय पर आधारित देशभक्ति नृत्य, ऑर्केस्ट्रा का समन्वय था। एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें यह दर्शाया गया कि पूरा भारत देश एक परिवार है। सायं 6:30 बजे राष्ट्रीय बाल भवन में आमंत्रित विशेषज्ञ-कथक नृत्य के कलाकार श्री राजेन्द्र गंगानी व ग्रुप द्वारा प्रस्तुति की गई।

इस शिविर के दूसरे दिन 18 नवम्बर 2023 को प्रात: 10:00 से 1:00 बजे तक खुले रंग मंच में पूर्वी क्षेत्र और केन्द्रीय क्षेत्र के राज्य बाल भवनों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी तत्पश्चात् राष्ट्रीय बाल भवन के गाँव क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा चल रही कार्यशालाएँ जैसे :- कैलीग्राफी, मधुबनी, चरखा, हाथ की कठपुतली, पट्टचित्र, क्ले, मेहंदी, बांस कला, चित्रकला, रेडियो एवं इलैक्ट्रॉनिक्स, फोटोग्राफी, एअॅरो मॉडलिंग, फन गेम, मिले-जुले कार्यकलाप, रंगोली, हस्तकला, बुनाई, काष्ठ कला, संग्रहालय, सृजनात्मक लेखन आदि में बच्चों ने भाग लिया। दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक खुले रंग मंच में पश्चिम क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र-2 के राज्य बाल भवनों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय बाल भवन के गाँव क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा चल रही कार्यशालाएँ जैसे :- कैलीग्राफी, मधुबनी, चरखा, हाथ की कठपुतली, पट्टचित्र, बांस कला, क्ले, मेहंदी, चित्रकला, रेडियो एवं इलैक्ट्रॉनिक्स, फोटोग्राफी, एअॅरो मॉडलिंग, फनी गेम्स, मिले-जुले कार्यकलाप, रंगोली, हस्तकला, बुनाई, काष्ठ कला, संग्रहालय, सृजनात्मक लेखन आदि में भी बच्चों ने भाग लिया। राष्ट्रीय बाल भवन के नाटक अनुभाग के बच्चों ने "वसुधैव कुटुंबकम" विषय पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक द्वारा संदेश दिया गया कि संपूर्ण विश्व एक परिवार है। नाटक के प्रस्तुतीकरण की सभी सहभागियों ने सराहना की। सायं 6:30 बजे बनारस घराने की विश्व-विख्यात गायिका डॉ. सुनन्दा शर्मा जी ने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी। उनके साथ वाद्ययंत्रों पर गुणी कलाकारों ने संगत की। रात्रि 8:30 बजे राष्ट्रीय बाल भवन के खुले मैदान में बच्चों के लिए बोनफायर का भी आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने खूब मस्ती में नृत्य किए।

19 नवम्बर, 20223 को प्रात: 10:00 से सायं 4:00 बजे तक राष्ट्रीय बाल भवन के गाँव क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा चल रही कार्यशालाएँ जैसे :- कैलीग्राफी, बांस कला, मधुबनी, चरखा, हाथ की कठपुतली, क्ले, मेहंदी, चित्रकला, रेडियो एवं इलैक्ट्रॉनिक्स, फोटोग्राफी, एअॅरो मॉडलिंग, फनी गेम्स, मिले-जुले कार्यकलाप, रंगोली,

हस्तकला, बुनाई, काष्ठ कला, संग्रहालय, सृजनात्मक लेखन आदि में बच्चों ने भाग लिया। सायं 4:00 बजे समापन समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय बाल सभा में श्रीमती मुक्ता अग्रवाल-निदेशक (राष्ट्रीय बाल भवन) एवं श्री मुकेश गुप्ता-उपनिदेशक(प्रशासन), रा.बा.भ. की उपस्थिति में बच्चों द्वारा अनेकों सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ इस भव्य शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम देखकर निदेशक महोदया जी एवं श्री मुकेश गुप्ता-उपनिदेशक(प्रशासन) जी ने तहे दिल से कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने अपने अनुभवों को साझा किया। अंत में सभी सहभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सायं 6:30 बजे श्री दीपक कुमार ने अपने बेहतरीन जादू के कारनामों से सबका मन मोह लिया।

सिलाई-कढ़ाई अनुभाग द्वारा "जुराब से गुड़िया बनाना" कार्यशाला

दिनाँक 21 से 23 नवम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई-कढ़ाई अनुभाग में जुराबों के उपयोग से गुड़िया बनाना सिखाया गया। इस कार्यशाला में लगभग 20 सदस्य बच्चों ने भाग लिया। अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला

दिनाँक 22 से 24 नवम्बर, 2023 तक सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित स्कूलों के बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया :-

क्र.सं.	स्कूल का नाम	तिथि	बच्चों की संख्या
1.	निगम प्रतिभा बालिका विद्यालय, स्वरूप नगर-1	22 से 24 नवम्बर, 2023	143
2.	निगम प्रतिभा विद्यालय गौतम नगर, नीति बाग, नई दिल्ली-49	22 से 24 नवम्बर, 2023	150
3.	निगम प्रतिभा विद्यालय सराय पीपल थाला-1, दिल्ली-110033	22 से 24 नवम्बर, 2023	100

संविधान दिवस कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में संविधान दिवस कार्यक्रम दिनाँक 25 नवम्बर, 2023 तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री मुकेश गुप्ता-उपनिदेशक (प्रशासन) की उपस्थिति में खुले रंग-मंच में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। उपनिदेशक (प्रशासन) ने बताया कि हमें संविधान में दर्ज अपने अधिकारों और कर्तव्यों को पढ़ना

चाहिए और उन कर्तव्यों को अमल भी करना चाहिए। राष्ट्रीय बाल भवन के कर्मचारी ने भारतीय संविधान को बनाने में डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के योगदान के बारे में अवगत कराया। उनके प्रयासों के कारण एक प्रगतिशील और मजबूत लोकतांत्रिक संविधान 2 साल 11 महीने 18 दिनों में बनकर तैयार हुआ। संविधान 26 नवम्बर सन् 1949 को पारित हुआ और 26 नवम्बर सन् 1950 को देश में लागू किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

हिंदी पखवाड़ा का "पुरस्कार वितरण समारोह"

दिनाँक 30 नवम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन में हिंदी पखवाड़ा का "पुरस्कार वितरण समारोह" आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती मुक्ता अग्रवाल, निदेशक (रा.बा.भ.), श्रीमती इन्द्राणी चौधुरी, उपनिदेशक (पीसीएण्डआर) ने विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया। पुरस्कार वितरण के पश्चात् पुरस्कृत बच्चों ने "काव्य-पाठन" भी किया।

सदस्य स्कूल के बच्चों द्वारा दौरा

दिनाँक 30 नवम्बर, 2023 को सोफिया पब्लिक स्कूल, गाज़ियाबाद, उ.प्र. ने राष्ट्रीय बाल भवन का दौरा किया, जिसमें 68 बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, राष्ट्रीय बाल संग्रहालय का निर्देशित दौरा किया तत्पश्चात् रेलगाड़ी की सवारी का आनन्द उठाया।

संग्रहालय अनुभाग द्वारा "कठपुतली" पर कार्यशाला

दिनाँक 21 से 29 नवम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन के संग्रहालय अनुभाग द्वारा बच्चों के लिए कठपुतली पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस आठ दिवसीय कार्यशाला के दौरान बच्चों को श्रीनिवास मलैया मेमोरियल थिएटर शिल्प संग्रहालय, दिल्ली और राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय एवं हस्तकला अकादमी का दौरा कराया गया। कार्यशाला के अंत में बच्चों को एक छोटी कठपुतली प्रदर्शनी के रूप में अपनी कलाकृतियाँ प्रदर्शित करने का अवसर दिया गया।

विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस

राष्ट्रीय बाल भवन के संगणक अनुभाग द्वारा 2 दिसम्बर 2023 को 'विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस' मनाया गया, जिसमें लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों से वार्तालाप करने हेतु विशेषज्ञ श्री विरेन्द्र कुमार को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने आई.टी क्षेत्र और ई-कॉमर्स की भविष्य की समृद्धि से संबंधित जानकारी साझा की। इसके साथ-साथ बच्चों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई तथा गतिविधियां कराई गई जैसे :- जी-20 बैठक में कम्प्यूटर की भूमिका, कम्प्यूटर वायरस, साइबर सेफ्टी आदि।

वाद्ययंत्र अनुभाग द्वारा "झपताल एवं इसका बाज" कार्यशाला

दिनाँक 6 से 8 दिसम्बर, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के तबला/ढोलक अनुभाग में तीन दिवसीय "झपताल एवं इसका बाज" कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया तथा निम्नलिखित गतिविधियों को सीखा -

1. झपताल का संक्षिप्त परिचय।
2. झपताल में दिल्ली घराने का कायदा (चार पल्टों और तिहाई सहित)।
3. तीनताल का सिंगारा।
4. झपताल में चक्रदार तिहाई।
5. तीनताल में नौहक्का तिहाई।

"फिट इंडिया वीक" कार्यक्रम

भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के आदेशानुसार दिनाँक 5 से 9 दिसम्बर, 2023 तक राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में "फिट इंडिया वीक" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कर्मचारियों के लिए एक सप्ताह हेतु निम्नलिखित व्यापक खेल और फिटनेस गतिविधियाँ आयोजित की गई :-

1. दिनांक 5 दिसम्बर, 2023 को "एक सक्रिय फिट इंडिया" कार्यक्रम के अंतर्गत कर्मचारियों ने अपने स्वस्थ जीवन शैली एवं अपने परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों को फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करने की प्रतिज्ञा ग्रहण की।
2. दिनांक 6 दिसम्बर, 2023 को विभिन्न खेल आयोजित किए गए।
3. दिनांक 7 दिसम्बर, 2023 को सभी कर्मचारियों को मोबाईल ऐप के माध्यम से फिटनेस मूल्यांकन बातों से अवगत कराया गया।
4. दिनांक 8 दिसम्बर, 2023 को ध्यान एवं योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।
5. दिनांक 9 दिसम्बर, 2023 को स्वास्थ्य के महत्व पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

सिलाई अनुभाग द्वारा "ड्रीम कैचर" कार्यशाला

दिनाँक 6 से 8 दिसम्बर, 2023 तक सिलाई अनुभाग द्वारा "ड्रीम कैचर" बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को ऊन व एल्यूमीनियम रिंग के इस्तेमाल से "ड्रीम कैचर" बनाना सिखाया गया।

लोक संगीत कार्यशाला

दिनाँक 15 से 17 दिसम्बर, 2023 तक प्रदर्शन कला विभाग के लोक संगीत गतिविधि के अंतर्गत तीन दिवसीय 'लोक संगीत' कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 30 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यशाला हेतु बच्चों को विभिन्न प्रांतों के पारंपरिक लोक गीतों व उनके साथ बजाए जाने वाली तालों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आंमत्रित विशेषज्ञ के प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने अरूणाचल प्रदेश, कश्मीर, गुजरात एवं असम के लोक गीतों को सीखा।

तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला

दिनाँक 20 से 22 दिसम्बर, 2023 तक सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित स्कूलों के बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न

गतिविधियों में भाग लिया जिससे बच्चों को अपनी कला और कौशल के विकास में मदद मिली :-

क्र.सं.	स्कूल का नाम	तिथि	बच्चों की संख्या
1.	उत्कृष्ट विद्यालय कृषि कुंज, नियर लोहा मण्डी फ्लाई ऑवर नई दिल्ली-110012	20 से 22 दिसम्बर, 2023	150
2.	निगम उत्कृष्ट विद्यालय 16-बी, देव नगर, करोल बाग, नई दिल्ली-05	20 से 22 दिसम्बर, 2023	139
3.	एमसीपीएस आराम बाग लेन, एमसीडी चूना मण्डी पार्क, चित्रगुप्त रोड पहाड़ गंज, दिल्ली-110055	20 से 22 दिसम्बर, 2023	150
4.	रामजस प्राईमरी स्कूल, आनन्द पर्वत नई दिल्ली-110005	20 से 22 दिसम्बर, 2023	139
5.	निगम प्रतिभा विद्यालय बलजीत नगर-11, करोल बाग, नई दिल्ली-8	20 से 22 दिसम्बर, 2023	149
6.	निगम प्रतिभा सह-शिक्षा विद्यालय ईस्ट पटेल नगर, करोल बाग, नई दिल्ली-8	20 से 22 दिसम्बर, 2023	150

हिंदी कार्यशाला

दिनाँक 21 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन में हिन्दी कार्यशाला "गूगल मीट" के माध्यम से आयोजित की गई। कार्यशाला का नेतृत्व डॉ. श्याम सुंदर कथूरिया (बाहरी विशेषज्ञ) द्वारा किया गया, जिसमें "प्रशासनिक कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग" पर चर्चा की गई। चर्चा से ज्ञात हुआ कि राजभाषा हिंदी की लिपि देवनागरी है इसके अतिरिक्त मराठी भाषा, नेपाली भाषा, मैथिली, सिंधी, कोकड़ी आदि की लिपि भी देवनागरी ही है। इस प्रकार नियमानुसार नामपट्ट तथा मोहरों पर पहले हिंदी तथा बाद में अंग्रेजी में लिखा होना चाहिए। इसके पश्चात् राजभाषा हिंदी के सामान्य ज्ञान पर भी चर्चा हुई जिसमें बताया गया कि भारत के संविधान में राजभाषा हिंदी का स्थान संविधान के 343 से 351 तक अर्थात् 9 अनुच्छेदों में वर्णित है। कार्यशाला में अनुवाद संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस कार्यशाला में लगभग 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

दिनाँक 22 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय बाल भवन में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक "गूगल मीट" के माध्यम द्वारा आयोजित की गई। इस राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में प्रशासनिक हिंदी की उपयोगिता, कार्यालयी हिंदी का स्वरूप आदि पर चर्चा की गई। लिपि पर चर्चा करते हुए देवनागरी लिपि - इसका उद्भव, विकास तथा अन्य लिपियों के बारे में भी बताया गया। इस बैठक में लगभग 15 कर्मचारियों ने भाग लिया।

वीर बाल दिवस

भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के आदेशानुसार दिनाँक 21 से 26 दिसम्बर, 2023 तक सिखों के दसवें गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में "वीर बाल

दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को साहिबज़ादों द्वारा प्रदर्शित त्याग, साहस, दृढ़ता, आत्मविश्वास, विचारशीलता और अन्य गुणों को प्राप्त करने में सक्षम बनाना था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सदस्य बच्चों के लिए एक सप्ताह हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम / गतिविधियाँ आयोजित की गई :-

1. दिनांक 21 दिसम्बर, 2023 को सदस्य बच्चों को "वीरता" गीत सिखाया गया तथा सदस्य बच्चों के साथ वीरता पर चर्चा की गई एवं शहीदों के बलिदानों से अवगत कराया।
2. दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 को बच्चों द्वारा ईश्वर से शक्ति प्राप्त करने हेतु गुरबानी "शबद" प्रस्तुत किया गया। बच्चों को साहिबज़ादों की वीरता एवं बलिदान की गाथा सुनाई गई। 'चार साहिबज़ादे' फिल्म दिखाई गई। साहिबजादों के जीवन की प्रमुख घटनाओं का मानचित्र बनाने का सत्र आयोजित किया तथा विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक का अभ्यास किया गया।
3. दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 को बच्चों के लिए पोस्टर बनाना, साहिबजादों के द्वारा किए गए बलिदानों हेतु 'Thank you card', 'Promise card' बनाना। चित्रकला बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया तथा बच्चों द्वारा "चार साहिबज़ादो" पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।
4. दिनांक 24 दिसम्बर, 2023 को बच्चों को एनिमेटेड मूवी शो "चार साहिबजादे" दिखाई गई। साहिबजादों के बलिदान एवं साहस की कहानी सुनाने का सत्र आयोजित किया गया, जिससे प्रेरणा लेकर बच्चों ने उनके जीवन से सीखे गए अन्य मूल्यों पर निबंध एवं कविता भी लिखी तथा बच्चों को साहिबजादों पर आधारित ऑनलाईन प्रदर्शनी भी दिखाई गई।
5. दिनांक 26 दिसम्बर, 2023 को Placard बनाना, शहीदों के बलिदान पर संवाद, प्रेरक गतिविधि, पंजाबी लोक नृत्य के माध्यम से कहानी सुनाना आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

खगोल विज्ञान अनुभाग द्वारा तारामंडल कार्यशाला

दिनाँक 27 व 28 दिसम्बर, 2023 तक खगोल विज्ञान अनुभाग द्वारा तारामंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 15 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला का विषय था :- आदित्य-1, कार्यशाला के दौरान बच्चों को 10 तारामंडलों के नाम बताए गए व उनके चित्र बनाने की पूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

आमोद दिवस कार्यक्रम

नए साल के आगमन पर राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में 3 जनवरी, 2024 को "आमोद दिवस" कार्यक्रम का आयोजन बहुत धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और कर्मचारियों ने विभिन्न खेलों जैसे :- टग ऑफ वार, म्यूज़िकल चेयर, दौड़, नीम्बू रेस, थ्री लेग रेस, बैलून रेस इत्यादि खेलों में सहभागिता दर्ज की और खेलों का आनन्द

उठाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल भवन की निदेशक महोदया-श्रीमती मुक्ता अग्रवाल भी उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में लगभग 300 सहभागियों ने भाग लिया। निदेशक महोदया ने खेलों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

लोहड़ी, मकर संक्रांति एवं पोंगल कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन के संस्कृति शिल्प ग्राम में दिनांक 13 जनवरी, 2024 को लोहड़ी, मकर संक्रांति एवं पोंगल कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल भवन के उपनिदेशक-प्रशासन-श्री मुकेश गुप्ता भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदर्शन कला अनुभाग के सदस्य बच्चों एवं कर्मचारियों ने गीत और नृत्य प्रस्तुत किये। उपनिदेशक-(प्रशासन) एवं प्रभारी अधिकारी (प्रदर्शन कला) ने लोहड़ी की अग्नि प्रज्ज्वलित कर बच्चों को इस कार्यक्रम की बधाई दी और कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहभागियों को आशीर्वचन दिए।

सिलाई अनुभाग द्वारा "सादा फ्रॉक" की कार्यशाला

राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई अनुभाग द्वारा 'सादा फ्रॉक' की कार्यशाला दिनांक 4 से 7 जनवरी, 2024 तक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 10 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को कार्यशाला के दौरान सादा फ्रॉक की ड्रॉफ्टिंग, पेपर पैटर्न बनाना, पेपर पैटर्न की सहायता से कपड़े पर ले-आउट करना, फ्रॉक की कटिंग करना, फ्रॉक के सभी आवश्यक नापों की जानकारी, फ्रॉक पर लगाई जाने वाली डार्ट्स व प्लीट्स इत्यादि की जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला

दिनाँक 17 से 19 जनवरी, 2024 तक सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लिया जिससे न केवल बच्चों ने अपनी कला और कौशल का विकास किया अपितु अभिव्यक्ति एवं सृजनात्मकता को भी निखारा। बच्चों ने तनाव मुक्त वातावरण में मनोरंजन के साथ-साथ अपने हुनर को भी निखारा।

खगोल विज्ञान अनुभाग द्वारा "ग्रहण" की कार्यशाला

राष्ट्रीय बाल भवन के खगोल विज्ञान अनुभाग द्वारा 'ग्रहण'(सूर्य व चंद्र) की कार्यशाला दिनांक 20 से 21 जनवरी, 2024 तक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 12 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को चंद्र ग्रहण व सूर्य ग्रहण के समय सूर्य, चंद्र तथा पृथ्वी की स्थिति की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान बच्चों को मॉडल बनाने सिखाए गए।

सदस्य विद्यालय के बच्चों के लिए सृजनात्मक गतिविधि

दिनाँक 20 जनवरी, 2024 को राष्ट्रीय बाल भवन की सदस्यता प्राप्त जी.डी. गोएंका विद्यालय के 27 बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों जैसे हस्तकला, चित्रकला, विज्ञान गतिविधियां, प्रदर्शन कला

आदि में भाग लिया। उन्हे राष्ट्रीय बाल संग्रहालय का एक विस्तृत शैक्षिणिक दौरा भी कराया गया। इसके पश्चात् उन्होने रेलगाड़ी की यात्रा का लुत्फ भी उठाया।

'महा मानव की महान रचना' पर एक नाट्कीय रूपांतरण

राष्ट्रीय बाल भवन के प्रदर्शन कला विभाग के नाटक अनुभाग के 35 सदस्य बच्चों द्वारा द्वारा डॉ भीम राव अम्बेडकर पर 'महा मानव की महान रचना' का नाट्कीय रूपांतरण मेखला झा सभागार में दिनांक 21 जनवरी, 2024 को प्रस्तुत किया गया, जिनका लगभग 200 सहभागियों ने आनन्द लिया। नाटक का उद्देश्य यह दर्शाना था कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, अपना संयम और आत्मविश्वास और समाज एवं देश के लिए कुछ कर गुजरने की सकारात्मक सोच बनाए रखना अत्यधिक जरूरी है।

'29वाँ राष्ट्रीय युवा पर्यावरणविद सम्मेलन - कार्यक्रम

रूपायतन बाल भवन, जूनागढ़ गुजरात में दिनाँक 23 से 25 जनवरी, 2024 तक "प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ" विषय पर तीन दिवसीय "29वाँ राष्ट्रीय युवा पर्यावरणविद् सम्मेलन" आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में पूरे भारत के 17 संबद्ध राज्य बाल भवन/बाल केन्द्रों की टीमों ने भाग लिया। बच्चों ने प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के तरीकों को प्रेरित करने और विकसित करने के लिए रचनात्मक रूप से केस स्टडीज, लघु नाटिका तथा पोस्टर बनाने की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। बच्चों को अप्परकोट, सक्करबाग प्राणी उद्यान और अशोक शिला लेख जैसे स्थानीय दार्शनिक स्थलों का दौरा भी कराया गया। बच्चों के लिए ट्रैकिंग, वार्ता, पेंटिंग प्रतियोगिता, वृक्षारोपण, जैसी विभिन्न मनोरंजक आधारित शिक्षण गतिविधियाँ आयोजित की गई। बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा से भरपूर रहा।

14वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस

राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में दिनाँक 25 जनवरी, 2024 को "वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम" विषय पर 14वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय बाल भवन के कर्मचारियों ने मतदाता शपथ समारोह में भाग लिया। इस समारोह में लगभग 50 कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण की।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सहभागिता

दिनाँक 29 जनवरी, 2024 को "भारत मण्डपम" प्रगति मैदान में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक रोमांचित

संस्करण – परीक्षा पे चर्चा 2024 में माननीय प्रधानमंत्री– श्री नरेंद्र मोदी जी ने छात्रों के साथ परीक्षा से सम्बंधित बातचीत की। राष्ट्रीय बाल भवन के प्रदर्शन कला अनुभाग के सदस्य बच्चों ने इस कार्यक्रम में देशभक्ति पर आधारित गीतमाला व नृत्य का प्रस्तुतीकरण कर सभी का मन मोह लिया एवं श्रीमती नेहा वत्स खंकरियाल ने समूह गान भी करवाया।

स्वच्छता प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यक्रम

राष्ट्रीय बाल भवन में स्वच्छता के महत्व को उजागर करने के लिए एक प्रदर्शनी स्थापित की गई जिसका उद्घाटन 14 फरवरी, 2024 को माननीय अतिथि श्री विपिन कुमार–अपर सचिव, शिक्षा मंत्रालय व अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल भवन के कर कमलों द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी का मूल उद्देश्य सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।

बसंत पंचमी

दिनाँक 14 फरवरी, 2024 को बसंत पंचमी के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री विपिन कुमार–अपर–सचिव, श्रीमती मुक्ता अग्रवाल–निदेशक (राष्ट्रीय बाल भवन) एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री विपिन कुमार एवं श्रीमती मुक्ता अग्रवाल ने सरस्वती माँ को पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की एवं बच्चों को परीक्षा का तनाव कम कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शन कला विभाग के सदस्य बच्चों ने सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति दी। बसंतोत्सव के पावन अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की विहंगम प्रस्तुति दी गई।

तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला

दिनाँक 7 से 9 फरवरी, 2024 तक सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लिया, जिससे न केवल बच्चों ने अपनी कला और कौशल का विकास किया अपितु अभिव्यक्ति एवं सृजन को भी निखारा। बच्चों ने तनाव मुक्त वातावरण में मनोरंजन के साथ–साथ अपने हुनर को भी निखारा।

संग्रहालय अनुभाग द्वारा “हमारा स्वास्थ्य–हमारा अभिमान” की कार्यशाला

दिनांक 7 से 9 फरवरी, 2024 तक राष्ट्रीय बाल भवन के संग्रहालय अनुभाग द्वारा ‘हमारा स्वास्थ्य–हमारा अभिमान’ की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया। तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं में उनके स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करना था, ताकि बच्चे परीक्षा से पहले तनाव मुक्त रहें।

1. बच्चों की स्वस्थ जीवन शैली और तनाव मुक्त रहने के लिए पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चर्चा की गई। बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए सूर्य नमस्कार, हास्य योग, सांस लेने और आँखों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने वाले योग कराए गए।
2. बीमारियों से स्वयं को बचाने के लिए संतुलित आहार के महत्व पर एवं अपनी और अपने आस-पास की स्वच्छता पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चर्चा की गई और प्राथमिक चिकित्सा किट बनवाए तथा अभिव्यक्ति पर आधारित मनोरंजक गतिविधियाँ कराई गई।
3. जड़ी-बूटियों को जानने और पहचानने की गतिविधियाँ भी कराई गई।

अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

सिलाई अनुभाग द्वारा "सादा प्लाज़ो" बनाने की कार्यशाला

राष्ट्रीय बाल भवन के सिलाई अनुभाग द्वारा 'सादा प्लाज़ो' की कार्यशाला दिनांक 7 से 10 फरवरी, 2024 तक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 10 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को कार्यशाला के दौरान सादा प्लाज़ो के लिए उपयोगी नाप लेना, ड्राफ्टिंग करना, पेपर पैटर्न बनाना, ले-प्लान करके प्लाज़ो के लिए कपड़े की कटिंग करके सिलना सिखाया गया। कार्यशाला के अंत में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशाला

दिनाँक 21 से 23 फरवरी, 2024 तक सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए तीन दिवसीय गतिविधि कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने राष्ट्रीय बाल भवन की विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लिया जिससे न केवल बच्चों ने अपनी कला और कौशल का विकास किया बल्कि अभिव्यक्ति एवं सृजनात्मकता को भी निखारा। साथ ही तनाव मुक्त वातावरण में मनोरंजन के साथ-साथ अपने हुनर को भी निखारा।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम

28 फरवरी, 2024 को "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 36 कर्मचारियों एवं 30 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का विषय था – "प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ" इस अवसर पर एनजीओ डिफ्यूज़ एनवायर्नमेंटल एजुकेशन कीप सोसाइटी हम्बल अवेयर (दीक्षा) से एक विशेषज्ञ को बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण के विभिन्न पहलुओं और पर्यावरण पर प्लास्टिक के हानिकारक प्रभाव के बारे में बताया तथा प्लास्टिक, हवा और पानी जैसे जीवित रहने के आवश्यक संसाधनों को प्रदूषित करके विभिन्न जीवन रूपों को कैसे प्रभावित करता है, भी समझाया। अंत में बच्चों ने प्लास्टिक प्रदूषण से सम्बंधित पोस्टर भी बनाए।

हिंदी कार्यशाला

दिनाँक 21 मार्च, 2024 को राष्ट्रीय बाल भवन में हिन्दी कार्यशाला "गूगल मीट" के माध्यम से आयोजित की गई। कार्यशाला का नेतृत्व डॉ. श्याम सुंदर कथूरिया (बाहरी विशेषज्ञ) द्वारा किया गया। कार्यशाला का विषय था – हिंदी

व्याकरण। इस विषय का एकमात्र उद्देश्य था – कर्मचारियों द्वारा कार्यालयी कार्यों में राजभाषा हिंदी का शुद्ध रूप में प्रयोग। इस कार्यशाला में 01 अधिकारी एवं लगभग 24 कर्मचारियों ने भाग लिया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

दिनाँक 22 मार्च, 2024 को राष्ट्रीय बाल भवन में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक "गूगल मीट" के माध्यम से सभी के औपचारिक परिचय के साथ शुरू हुई। बैठक की अध्यक्षता, राष्ट्रीय बाल भवन की निदेशक-श्रीमती मुक्ता अग्रवाल द्वारा की गई। इस राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में प्रशासनिक हिंदी की उपयोगिता, कार्यालयी हिंदी का स्वरूप आदि पर चर्चा की गई जिससे ज्ञात हुआ कि हिंदी में किए जाने वाले कार्यों की प्रतिशतता में भी बढ़ोतरी हो रही है। इस बैठक में लगभग 10 कर्मचारियों ने भाग लिया।

होली महोत्सव

राष्ट्रीय बाल भवन के प्रांगण में दिनाँक 22 मार्च, 2024 को होली का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। होली के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय बाल भवन की निदेशक-श्रीमती मुक्ता अग्रवाल एवं उपनिदेशक(प्रशासन)-श्री मुकेश गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत कुमारी शरन्या द्वारा होलिका दहन की कहानी सुनाकर किया गया, जोकि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। तत्पश्चात् प्रदर्शन कला विभाग द्वारा अत्यंत ही मनमोहक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गई, जिसमें गायन, वादन एवं नृत्य सम्मिलित थे। इन प्रस्तुतियों में बच्चों के साथ-साथ प्रशिक्षकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी को भाव-विभोर कर दिया। अंत में निदेशक रा.बा.भ. व उपनिदेशक (प्रशासन) द्वारा प्रस्तुतियों की अत्यंत सराहना की गई व उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाओं के साथ-साथ सुरक्षित होली खेलने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागियों ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली उत्सव की बधाई दी। इस कार्यक्रम में लगभग 300 सहभागियों ने भाग लिया।

जवाहर बाल भवन, माण्डी

परिचय

जवाहर बाल भवन राष्ट्रीय बाल भवन की एक ग्रामीण इकाई है। साठ के दशक के मध्य में जवाहर बाल भवन की स्थापना की योजना शुरू हुई थी। माण्डी में जवाहर बाल भवन इसी योजना का विस्तार है। यह ग्रामीण इकाई पहली बार 1972 में स्थापित की गई थी और यहां मांडी गांव की चौपाल से काम करना शुरू किया गया था। श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने वर्ष 1973 में अपने वर्तमान स्थान पर केंद्र का उद्घाटन किया था, जहाँ मांडी के ग्रामीणों ने इसे स्थापित करने के लिए 4.75 एकड़ पंचायत भूमि दान की थी और इसे 'जवाहर बाल भवन, मांडी' नाम दिया गया था। अतः इसका मुख्य उद्देश्य मांडी, महरौली, जौनपुर, गदईपुर, सुल्तानपुर, मंगलापुरी, ग्वालपहाड़ी, बंधवारी, असोला, आया नगर, घिटोरनी, छतरपुर, मैदानगढ़ी, राजपुर, सतबरी, चंदनहोला, फतेहपुरबेरी, डेरा, भट्टी माइंस के नेब सराय गांव के ग्रामीण बच्चों की पढ़ाई को पूरा करना था। यह एक संस्था है जिसका उद्देश्य बच्चों को उनकी उम्र, योग्यता और क्षमता के अनुसार बातचीत करने, प्रयोग करने, निर्माण करने और प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न गतिविधियां, अवसर और सामान्य मंच प्रदान करके उनकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाना है। यह अपार संभावनाओं के साथ बाधा रहित वातावरण प्रदान करता है। वर्तमान में चल रही गतिविधिया है-शारीरिक शिक्षा, हस्तकला या शिल्पकला, नृत्य, संगीत, कंप्यूटर, गृह प्रबंधन, फोटोग्राफी और प्रकाशन।

पोस्टर निर्माण कार्यशाला

प्रकाशन अनुभाग की इस कार्यशाला में लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला में बच्चों ने 'विषय क्या है' 'पोस्टर कैसे बनाएं' आदि सीखा। बच्चों ने यह सीखकर प्लास्टिक का उपयोग न करने के संदेश का प्रचार-प्रसार करने तथा प्लास्टिक का उपयोग समाप्त कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेने से संबंधित पोस्टर बनाए। कुछ बच्चों ने डिजिटल पोस्टर भी बनाए जैसे: 'जल ही जीवन है', 'एकल उपयोग प्लास्टिक को ना कहें' आदि।

विश्व पर्यावरण दिवस

पर्यावरण दिवस 2023 जवाहर बाल भवन मांडी में 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम के साथ मनाया गया, शुरुआत में 'मिशन लाइफ' के रूप में प्रतिज्ञा ली गई, जिसके बाद परिसर के भीतर बच्चों और कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रैली निकाली गई। बच्चे मुखौटे पहने हुए थे, हाथों में

तख्तियां लिए हुए थे और पर्यावरण संरक्षण के नारे लगा रहे थे। रैली उस स्थान पर समाप्त हुई जहां बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के जानवरों को रखा गया और जानवरों की देखभाल की आवश्यकता बताई गई ताकि वे विलुप्त न हो जाएं। बच्चों के उत्साह की कोई सीमा नहीं थी और चिलचिलाती गर्मी भी उन्हें पर्यावरण जागरूकता पैदा करने के उनके उद्देश्य से नहीं डगमगा सकी। तत्पश्चात जीवन पर आधारित थीम जैसे 'पर्यावरण के लिए जीवन शैली', 'जल बचाएं', 'पर्यावरण बचाएं', 'एकल उपयोग प्लास्टिक' आदि पर सामूहिक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें तीन अलग-अलग आयु समूहों के लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया। जवाहर बाल भवन, मांडी के कला एवं शिल्प अनुभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में (5 वर्ष से 8 वर्ष, 9 वर्ष से 12 वर्ष और 13 वर्ष से 16 वर्ष) ने भाग लिया। वह एक अद्भुत दिन था, पूरा हॉल और मंच बच्चों से भरा हुआ था। उनके सफेद कागज रंगीन रचनात्मक चित्रों से भरे हुए थे।

रचनात्मक कला में बाल श्री पुरस्कार विजेता सुमीत पाटिल ने पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान अचानक दौरा किया और बच्चों को प्रेरित किया। प्रकाशन अनुभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों यानी ग्रीटिंग कार्ड, बुक मार्क इत्यादि का एक संकलन ई-न्यूज पेपर (ई-अक्करबक्कर टाइम्स) में शामिल किया गया था।

मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और दंत जांच

इंडियन डेंटल एसोसिएशन (दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र) और डॉ. चंद्रशेखर जोशी मेमोरियल फाउंडेशन के सहयोग से जवाहर बाल भवन मांडी में मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया।

बच्चों को संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से ओरल स्वास्थ्य 'स्वच्छ मुँह' के महत्व के बारे में बताया गया। डॉक्टरों ने बच्चों को अपने दांतों की देखभाल कैसे करनी चाहिए एवं उसके महत्व के बारे में बताया और इस संबंध में एक लघु वीडियो भी दिखाया गया। फिर डॉ. चंद्रशेखर जोशी अध्यक्ष, आईडीए, दक्षिण दिल्ली क्षेत्र, संस्थापक डॉ. चंद्रशेखर जोशी मेमोरियल फाउंडेशन और पूर्व सदस्य बाल भवन, डॉ. नेहा, प्रभारी सामुदायिक दंत स्वास्थ्य, डॉ. उपासना और डॉ. चारु अग्रवाल, सदस्य आईडीए जैसे डॉक्टरों द्वारा बच्चों का डेंटल चेक-अप किया गया और प्रत्येक बच्चे को एक एक टूथपेस्ट एवं दंत विश्लेषण रिपोर्ट दिया गया।

ग्रीष्मकालीन उत्सव का उद्घाटन

जवाहर बाल भवन मांडी में 23 मई से 21 जून, 2023 तक ग्रीष्मोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन की शुरुआत एक उत्सव के रूप में हुई, जिसमें सदस्य बच्चों ने पारंपरिक नक्कारा बजाया और कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जैसे वाद्य संगीत, नृत्य के विभिन्न रूप और जवाहर बाल भवन, मांडी के कर्मचारियों द्वारा लिखे गए रचनात्मक गीत।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ग्रीष्मकालीन उत्सव के दौरान बच्चों ने मनमोहक योग प्रस्तुत किया। अतिथियों द्वारा समाचार पत्र 'अक्कडबक्कड टाइम्स' का विमोचन भी किया गया। 'अक्कडबक्कड टाइम्स' प्रकाशन अनुभाग में समाचार पत्र कार्यशाला का परिणाम था।

पूरे ग्रीष्मकालीन उत्सव के दौरान सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं का आयोजन किया गया, जहाँ सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के कर्मचारियों ने विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लिया। पूर्व सदस्य बच्चों द्वारा रिकॉर्ड की गई घोषणा और बाल भवन के गीत 'मन भवन मनरंजन मंजुल' पूरे ग्रीष्मकालीन सत्र में परिसर में गूंजता रहा।

समाचार पत्र कार्यशाला

प्रकाशन अनुभाग की इस कार्यशाला में पहले दिन लगभग 60 तथा दूसरे दिन लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया। प्रबंधक (प्रकाशन) ने बच्चों को ब्रेकिंग न्यूज, इंट्रो, न्यूज स्टोरी, फोटो कैप्शन और विज्ञान आदि विषयों पर ज्ञान दिया। उप निदेशक (कार्य. सम. एवं अनु.) द्वारा चर्चा की गई।

प्रतिभागियों को समाचार पत्र निर्माण के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। इस कार्यशाला में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बहुत सी बातें सीखीं जो उनकी पढ़ाई में भी बहुत उपयोगी रहीं।

स्क्रीन प्रिंटिंग कार्यशाला

प्रकाशन अनुभाग की स्क्रीन प्रिंटिंग कार्यशाला में सभी बच्चों को प्रिंटिंग के हर पहलू से अवगत कराया गया। बच्चों को, स्क्रीन प्रिंटिंग कैसे की जाती है- इसकी जानकारी दी गई और बच्चों ने स्वयं इसे समझ कर उत्साहपूर्वक किया।

ग्रीष्मोत्सव का समापन समारोह

